Page 11 — खेल
जन-जन की वाणी...
हिन्दी दैनिक
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
Page 10 — देश



रोहित शर्मा के निशाने पर वीरेन्द्र सहवाग का महारिकॉर्ड...बांग्ला देश सीरीज में रचेगा इतिहास



156 साल पुरानी यूनिवर्सिटी का बदला जायेगा नाम : केन्द्र शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान

कृष्ण पक्ष, मघा, विक्रम संवत् 2081
• औरंगाबाद • सोमवार • 02 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 263 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 66,950 | ₹87,000 |

## आज का इतिहास

- 1947 : स्वतन्त्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अविभाजित भारत की अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
- 1946 : भारत की अंतरिम सरकार, जो जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में थी, ब्रिटिश शासन से भारत के संक्रमण पर निर्भरता के लिए सहायता के लिए बनाई गई थी।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार का पहला एक्सप्रेस-वे होगा पटना से पूर्णिया

**मधेपुरा (नि.सं.)**। मधेपुरा सांसद दिनेश चंद्र यादव इन दिनों क्षेत्रीय दौरा पर हैं। इसी क्रम में उन्होंने मधेपुरा सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता की और विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिहार में सड़क निर्माण के कार्य को तेजी से गति मिलेगी। केंद्रीय बजट में बिहार में सड़क एवं पुल के निर्माण को लेकर 26 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। कोसी क्षेत्र में अन्य योजनाओं के लिए 11500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। जिसमें कोसी-मैची लिंक प्रोजेक्ट, बैराज, नदी के प्रदूषण, नवीनीकरण और सिंचाई के अन्य योजना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की स्वीकृति के बाद बिहार का पहला सिक्स लेन एक्सप्रेस-वे पटना से पूर्णिया के निर्माण कार्य को लेकर भी रास्ता साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि एनएच 106 और 107 का निर्माण कार्य पूर्ण होने में देरी हुई है। एनएच 106 में वीरपुर से उदाकिशुनगंज तक लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष बचा हुआ कार्य वर्ष 2025 के मार्च माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। एनएच 107 का काम धीमी गति से चल रहा है। इसके निर्माण कार्य को तेज करने की पहल की गई है।

### अब घर बैठे मिलेगी जमीन सर्वे की एक-एक जानकारी

**पटना (नि.सं.)**। ग्रामीण इलाके में जमीन का विशेष सर्वेक्षण का कार्य शुरू हो गया है। भूस्वामियों को जागरूक करने के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा ट्रैकर एप विकसित किया गया है। ताकि सर्वे की अद्यतन स्थिति की जानकारी ऑनलाइन लोग देख सके। जानकारी के अनुसार, इस एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इसमें जिला, अंचल और ग्राम पंचायत का नाम डालने पर जमीन का पूरा विवरण दिखने लगेगा। इसमें मौजा, खाता, खेसरा एवं प्लाट संख्या के साथ रकवा को भी देखा जा सकता है।

### पैरालंपिक में पदक जीतने वाले एथलीटों को पीएम नरेंद्र मोदी ने दी

**पटना (नि.सं.)**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पैरालंपिक में मेडल जीतने वाले एथलीटों से बात की और उन्हें खेलों में पदक जीतने पर बधाई दी। भारत ने रविवार तक पेरिस पैरालंपिक खेलों में कुल पांच पदक जीते हैं। शूटर अवनि लेखरा ने भारत को पहला गोल्ड दिलाया। अवनि ने पेरिस पैरालंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच 1) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जबकि भारत की ही मोना अग्रवाल ने इस स्पर्धा का कांस्य पदक जीतकर दिन को यादगार बना दिया।

औरंगाबाद-सासाराम में 13 अरब 47 करोड़ की लागत से बनने वाला है पेयजल आपूर्ति योजना

# मुख्यमंत्री आज पेयजल आपूर्ति योजना का करेंगे शिलान्यास

## पुराने सोन नहर प्रणाली के एनिकट बराज के पास इस योजना का होगा शिलान्यास

**नि.सं.** | डेहरी आन सोन (रोहतास)

रोहतास जिले के डेहरी आन सोन में आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार डेहरी, सासाराम, औरंगाबाद में सोन नदी से होने वाले जलापूर्ति योजना, आईटीआई में सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस, पुलिस संयुक्त भवन समेत समेत कई विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

डीएम नवीन कुमार ने यह जानकारी रविवार को दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री एक दिवसीय दौर के क्रम में सोमवार को स्थानीय एनिकट में डेहरी, औरंगाबाद और सासाराम के 13 अरब 47 करोड़ की लागत से बनने वाले पेयजल आपूर्ति योजना का शिलान्यास करेंगे। पुराने सोन नहर प्रणाली के एनिकट बराज के पास इस योजना का शिलान्यास होगा। यहां 1872 में बने एनिकट बराज को मरम्मत करा कर पानी का भंडारण किया जाएगा। बस्तीपुर में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगेगा। जहां से सोन के सतही जल का उपयोग कर पाइप लाइन के माध्यम से तीनो शहरो में पेय जल की आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि डेहरी और सासाराम के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में निर्मित सेंटर आफ एक्सीलेंस का उद्घाटन करेंगे। टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से बने सेंटर आफ एक्सीलेंस का निर्माण लगभग तीन करोड़ की लागत से किया गया है। आईटीआई के छात्रों को आधुनिक तकनीकी के माध्यम से अध्यापन करेंगे। अब यहां के छात्रा को इंडस्ट्रीज 4.0 टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण मिलेगा । पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा लगभग 17 करोड़ की लागत से पहलेजा पंचायत के चकिया में डेहरी मुफस्सिल थाना भवन, भालूआड़ी में शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के लिए निर्माण होने वाले संयुक्त पुलिस भवन व एफएसएल भवन का भी शिलान्यास करेंगे।



जिला अध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री का आगमन हेलिकॉप्टर से डिहरी के बीएमपी के मैदान में होगा। डेहरी के एनीकट में जल परियोजना का उद्घाटन मुख्यमंत्री करेंगे, जिसका उद्देश्य सोन नदी के जल को साफ करके पीने के योग्य बनाना है।

### सीएम के आगमन को लेकर कार्यकर्ता उत्साहित

जिला अध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन से कार्यकर्ताओं में काफी हर्ष है। वह मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए उत्साहित हैं। इस क्रम में जिला अध्यक्ष ने पार्टी के पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां के बारे में बताया गया और उन्हें भिन्न-भिन्न कामों के लिए निर्देशित किया है। बैठक में प्रमिला सिंह अशोक चौधरी, उषा पटेल संगीता सिंह, धनंजय पटेल, अलख निरंजन सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# रेल मंत्री ने दिखाया वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का मॉडल, तीन महीने में होगी लॉन्च

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, किराया राजधानी जितना होगा

- ट्रेन की मैन्युफैक्चरिंग पूरी हो चुकी है, अगले 3 महीनों में होगी लॉन्च।
- वंदे भारत स्लीपर ट्रेन 800-1200 किलोमीटर की यात्रा के लिए डिजाइन की गई है।



**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के पहले मॉडल की झलक दिखाई। वे बेंगलुरु में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) की फैक्ट्री में ट्रेन का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि अगले 3 महीने यानी दिसंबर तक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू हो जाएगी। कोच की मैन्युफैक्चरिंग का काम पूरा हो गया है। कुछ दिनों में यह बीईएमएल फैक्ट्री से बाहर आ जाएगी। अगले 2 महीने ट्रेन की टेस्टिंग चलेगी। इसके बाद यात्रियों के लिए ट्रेन की लॉन्चिंग होगी।

रेल मंत्री ने कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को 800 से 1200 किलो मीटर दूरी की यात्रा के लिए तैयार किया गया है। इसमें यात्री करीब रात 10 बजे चढ़ेंगे और सुबह डेस्टिनेशन पर पहुंच जाएंगे। यह ट्रेन मिडिल क्लास के लिए बनाई गई है। इसका किराया राजधानी के जितना ही होगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि ट्रेन में कपलर मैकेनिज्म की नई टेक्नोलॉजी लाई गई है। इससे ट्रेन का वेट कम होता है और स्ट्रेंथ बढ़ती है। कपलर दो कोच को जोड़ने वाला हिस्सा होता है। यह ऑस्टेनिटिक स्टील से बना होता है। रेल मंत्री के मुताबिक, ट्रेन को बनाते समय वेट बैलेंस और स्टेबिलिटी का ध्यान रखा गया है। व्हील और ट्रैक के बीच का मैकेनिकल हिस्सा खास तरीके से डिजाइन किया गया है। इससे ट्रेन के अंदर वाइब्रेशन और आवाज कम आएगी। अश्विनी वैष्णव ने दावा किया वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की गिनती दुनिया की बेहतरीन ट्रेनों में होगी। ट्रेन के कोच और टॉयलेट को अपग्रेड किया गया है। ट्रेन में कई सेफ्टी फीचर्स हैं। मेंटेनेंस स्टाफ के लिए एक अलग केबिन बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार (31 अगस्त) को 3 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इवेंट में शामिल हुए। ये तीनों ट्रेनें चेन्नई से नागरकोइल, मदुरै से बेंगलुरु और मेरठ से लखनऊ के बीच चलेंगी।

### लंबी दूरी की यात्रा का समय कम होने की उम्मीद

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की लॉन्चिंग के साथ भारतीय रेलवे का लक्ष्य लंबी दूरी की यात्रा का समय कम करना है। खासकर दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-कोलकाता जैसे लंबे रूट पर यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। हालांकि, ट्रेन किस रूट पर चलेगी, यह अभी स्पष्ट नहीं किया गया है।

अर्द्धवार्षिक परीक्षा :

# दूसरे विद्यालय के शिक्षक करेंगे उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन

**निज संवाददाता** | पटना

अब राज्य के सभी प्रारंभिक व मध्य विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन दूसरे विद्यालय के शिक्षक करेंगे। यही नहीं वीक्षण का कार्य भी दूसरे विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने यह निर्णय लिया है। इस संबंध में विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने शनिवार को सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी व जिला शिक्षा पदाधिकारी (स्थापना) को पत्र भी भेजा है। डॉ. सिद्धार्थ ने कहा है कि इस निर्णय का उद्देश्य यह है कि सभी सरकारी प्रारंभिक व मध्य विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा का परीक्षाफल यह प्रतिबिंबित करेगा कि उक्त विद्यालय के शिक्षक द्वारा दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता कैसी है? यही नहीं शिक्षकों द्वारा किये जा रहे शिक्षण का मूल्यांकन का आधार उस विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के परीक्षाफल पर निर्धारित करने के लिए शैक्षणिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार करने और इसकी प्रविष्टि संबंधित शिक्षक के वार्षिक मूल्यांकन प्रतिवेदन में दर्ज करने का भी निर्णय लिया गया है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि इस निर्णय के कारण सितंबर में सभी सरकारी प्रारंभिक व मध्य विद्यालयों में आयोजित की जाने वाली अर्धवार्षिक परीक्षा का महत्व बढ़ गया है। यह छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हो गया है। लिहाजा, सभी शिक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि इस वर्ष के अर्धवार्षिक परीक्षा का सिलेबस परीक्षा के पूर्व पूर्ण कर लेंगे।

एनआईटी घाट पर चला गौरैया संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम

# गौरैया फोटो और घोंसला-दाना घरों की लगी प्रदर्शनी

- पीआईबी-सीबीसी पटना के उपनिदेशक संजय कुमार ने कहा, गौरैया की घर वापसी के लिए जन भागीदारी और घर-आंगन में दाना-पानी रखने की आवश्यकता।



**निज संवाददाता** | पटना

हमारी गौरैया तथा एनवायरनमेंट वारियर्स के द्वारा एनआईटी के साइंस क्लब के सहयोग से एनआईटी पटना घाट गंगा किनारे गौरैया संरक्षण जागरूकता अभियान चलाया गया। गौरैया की फोटो और नेस्ट-दाना घरों की प्रदर्शनी लगायी गई। गौरैया संरक्षण जागरूकता प्रदर्शनी में गौरैया संरक्षण संबंधित पुस्तकों अभी मैं ज़िंदा हूँ गौरैया, ओ री गौरैया, आओ गौरैया, डाक टिकटों, पोस्टर आदि के माध्यम से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान गौरैया संरक्षक और पीआईबी-सीबीसी पटना के उपनिदेशक संजय कुमार ने कहा कि घर आंगन से विलुप्त हो रही गौरैया की घर वापसी के लिये जन भागीदारी ज़रूरी है। साथ ही हर व्यक्ति को अपने घर, आंगन, छत और खुले में दाना-पानी नियमित रखने चाहिये और कृत्रिम घोंसला-पेड़ लगाने चाहिये। इसी के मद्देनज़र गौरैया प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर एनवायरनमेंट वारियर्स के अध्यक्ष निशांत रंजन के द्वारा गौरैया के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि कैसे गौरैया की घर वापसी हम अपने घर से कर सकते हैं।

एनआईटी पटना के साइंस क्लब के विक्रम पाटिल ने कहा कि गौरैया संरक्षण को लेकर हमारा क्लब लगातार प्रयास कर रहा है। गौरैया के साथ साथ कई पक्षियों का संरक्षण किया गया है। इस जागरूकता कार्यक्रम में निशांत रंजन, नवनीत निगम, शानू कुमार राज, रॉकी रंजन, निशान्धिता राज, सभ्यता कुमारी, रुकया फ़ातिमा, अभिजीत रंजन आदि ने सहयोग किया।

# अगले साल हज के लिए हज भवन में भी ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध



**निज संवाददाता** | पटना

बिहार से हज- 2025 के लिए आवेदन करने के लिए अब केवल 9 दिन शेष रह गए हैं। बिहार राज्य हज समिति के अध्यक्ष जनाब अब्दुल हक ने शनिवार को जारी विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हज-2025 के इच्छुक ऐसे व्यक्ति जिन्होंने अबतक किसी कारणवश अपना आवेदन ऑनलाइन नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि हज आवेदन 9 सितंबर 2024 के पूर्व कर दें। इच्छुक आवेदकों के लिए हज भवन, पटना में भी ऑनलाइन की सुविधा उपलब्ध है। जानकारी के अनुसार ऑनलाइन हज आवेदन हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर या मोबाइल एप 'हज सुविधा के द्वारा किया जा सकता है। आवेदक को आवेदन करने से पहले हज गाइड पढ़ लेनी चाहिए। हज आवेदन करने के लिए आवश्यक कागजात में भारतीय अंतरराष्ट्रीय पासपोर्ट जिसकी अवधि कम से कम 15 जनवरी, 2026 तक हो। रंगीन फोटो (बैकग्राउंड सफेद), बैंक पासबुक/ कैंसिल चेक, ब्लड ग्रूप की जानकारी, वाटसएप मोबाइल नंबर एवं नामित व्यक्ति का विवरण होना जरूरी है।

# बिहार म्यूजियम की लाइब्रेरी के लिए नहीं लेना होगा टिकट

## 3000 रुपए में 6 महीना का प्लान, लाइन में लगने से मिलेगा छुटकारा

**निज संवाददाता** | पटना

बिहार म्यूजियम में लाइब्रेरी के लिए अब टिकट नहीं लेना होगा। लाइब्रेरी में मौजूद किताबों को पढ़ना अब बेहद आसान हो जाएगा। अब पाठक साल भर के लिए 5000 रुपए या छह महीने के लिए 3000 देकर एंट्री ले सकते हैं। बिहार म्यूजियम के निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि लाइब्रेरी में पढ़ने के लिए अलग से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। पहले मेंबरशिप लेने के बाद भी अलग से 50 रुपए का टिकट लेना पड़ता था, जिस दिन वह पढ़ने आते थे। इससे बचने के लिए ही ये एकमुश्त राशि की प्लानिंग की गई है। लाइब्रेरी आने वाले लोगों को लाइन में लगकर टिकट लेने से राहत मिलेगी। यह सुविधा शुरू हो चुकी है। लाइब्रेरी का उद्घाटन जनवरी 2020 में हुआ था। यहां पढ़ने के लिए मेंबरशिप कार्ड बनाए जाते हैं। पहले ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों के लिए मेंबर कार्ड के लिए 200 रुपए और पीएचडी, एमफिल के लिए 300 रुपए का वार्षिक शुल्क लिया जाता था। आम जनता के लिए 500 रुपए वार्षिक शुल्क था। इसके साथ ही, पढ़ने के लिए हर दिन के हिसाब से 50 रुपए का चार्ज अलग से लगता था।




### लाइब्रेरी में 4000 बुक है उपलब्ध

म्यूजियम के स्टडी सेंटर में अभी एक साथ 30 लोगों के बैठने की क्षमता है। यहां की लाइब्रेरी में विभिन्न विषयों से संबंधित लगभग 4000 पुस्तकें उपलब्ध हैं। कला, संस्कृति, पुरातत्व, साहित्य और अनुसंधान से संबंधित पुस्तकें हैं। स्टडी सेंटर सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक संचालित होता है।

# एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने वायु सेना उप प्रमुख का कार्यभार संभाला



**नयी दिल्ली(ए.)**। एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने रविवार को यहां वायु सेना के नये उप प्रमुख का पदभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद एयर मार्शल ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। वायु सेना के प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र रहे, एयर मार्शल सिंह को 13 जून, 1987 को वायुसेना के लड़ाकू पायलट के रूप में नियुक्त किया गया था। वह 4500 घंटे से अधिक के उड़ान अनुभव के साथ ए श्रेणी के फ्लाइंग प्रशिक्षक हैं तथा रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज एवं राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के पूर्व छात्र हैं।

# केसी त्यागी ने जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद से दिया इस्तीफा

**निज संवाददाता** | पटना

जेडीयू में रविवार की सुबह खबर आयी। पार्टी के एकमात्र राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने उस इस्तीफे को आनन फानन में स्वीकार किया और फिर तुरंत त्यागी की जगह दूसरे राष्ट्रीय प्रवक्ता की नियुक्ति भी कर दी। केसी त्यागी के इस्तीफे की इस कहानी को जितना सीधा दिखाया जा रहा है, मामला उतना ही टेढ़ा है। जानकार बता रहे हैं कि ये नीतीश कुमार का ऑपरेशन भूमिहार है। उसकी एक कड़ी अशोक चौधरी थे तो दूसरे केसी त्यागी। लेकिन इन दोनों के अलावा भी नीतीश के ऑपरेशन भूमिहार के कई शिकार है। हम आपको अंदर की कहानी बता रहे हैं कि आखिरकार नीतीश चाह क्या रहे हैं। जेडीयू के एक वरीय नेता ने बताया कि केसी त्यागी से इस्तीफा लिया गया है। शनिवार को ही उन्हें मैसेज दिया गया था कि वे इस्तीफा दे दें वर्ना उन्हें पद से हटा दिया जायेगा। इज्जत बचाने के लिए केसी त्यागी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा भेज दिया।



जेडीयू सूत्रों के मुताबिक केसी त्यागी को ये कहा गया कि उन्होंने पार्टी के स्टैंड के खिलाफ बयानबाजी की है। लिहाजा उन्हें पद छोड़ देना चाहिये। मामला ये है कि केसी त्यागी ने कुछ दिनों पहले इजराइल और गाजा को लेकर हुई एक मीटिंग में कांग्रेस, सपा और आप के नेताओं के साथ भाग लिया था। उस मीटिंग के बाद त्यागी ने विपक्षी पार्टियों के नेताओं के साथ साझा बयान जारी किया था जिसमें इजराइल और फिलीस्तीन को लेकर भारत सरकार के मौजूदा स्टैंड का विरोध किया गया था। सूत्रों के मुताबिक नीतीश ने इस मीटिंग का हवाला देते हुए केसी त्यागी से पद छोड़ने को कहा था।

### ऑपरेशन भूमिहार की एक कड़ी हैं त्यागी

नीतीश कुमार की राजनीति को समझने वाले बता रहे हैं कि केसी त्यागी तो उस ऑपरेशन की एक कड़ी मात्र हैं, जिसमें नीतीश कुमार इन दिनों जोर-शोर से लगे हैं। नीतीश का मिशन तो ऑपरेशन भूमिहार है। वे पार्टी और सरकार दोनों से भूमिहारों को निपटाने में लगे हैं और इसके कई उदाहरण सामने हैं।

फ्री में आधार अपडेट की डेडलाइन बढ़ी, फ्लाइट टिकट सस्ती हो सकती है

# सितंबर में कई बदलाव, कॉमर्शियल सिलेंडर 39 रुपए तक हुआ महंगा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

एक सितंबर 2024 से 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 39 रुपए तक महंगा हो गया है। दिल्ली में अब ये 1691 रुपए का मिलेगा। वहीं टेलीकॉम रेगुलेशन में आज से बदलाव हुए हैं जिससे फर्जी कॉल और मैसेज रुक सकते हैं। इसके अलावा एविएशन फ्यूल के दाम घटने से हवाई सफर सस्ता हो सकता है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल (ATF) की कीमतों को 4,567 रुपए प्रति किलोलीटर (1000 लीटर) तक घटा दिया है। वहीं राजस्थान में 450 रुपए में सिलेंडर मिलेगा। शनिवार से से 19 किलो वाला कॉमर्शियल सिलेंडर 39 रुपए तक महंगा हो गया है। दिल्ली में दाम अब 39 रुपए बढ़कर 1691.50 हो गए हैं। पहले ये 1652.50 में मिल रहा था। कोलकाता में यह 38 रुपए बढ़कर 1802.50 में मिल रहा है, पहले इसके दाम 1764.50 थे। मुंबई में सिलेंडर 1605 रुपए से 39 रुपए बढ़कर 1644 रुपए का हो गया है। चेन्नई में सिलेंडर 1855 रुपए का मिल रहा है। हालांकि, 14.2 KG वाले घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में यह 803 और मुंबई में 802.50 का मिल रहा है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने महानगरों में एटीएफ की कीमतों को घटाया है। इससे हवाई सफर सस्ता हो सकता है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार दिल्ली में एटीएफ 4,495.50 रुपए सस्ता होकर 93,480.22 रुपए प्रति किलोलीटर (1000 लीटर) हो गया है। वहीं चेन्नई में एटीएफ 4,567.76 रुपए सस्ता होकर 97,064.32 रुपए प्रति किलोलीटर हो गया है।



कोलकाता में एटीएफ 100520.88 रुपए प्रति किलोलीटर मिल रही थी, ये अब 4,222.44 रुपए सस्ती होकर 96,298.44 में मिलेगी। मुंबई में एटीएफ के दाम 4,217.56 रुपए घटे हैं। ये अब 87,432.78 रुपए प्रति किलोलीटर में मिल रही है। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (टीआरएआई) ने फ्रॉड कॉल और एसएमएस स्कैम से जुड़ी साइबर क्रिमिनल एक्टिविटी को रोकने के लिए दूरसंचार नियमों में बदलाव लागू किया है। ट्राई ने जियो, एयरटेल जैसी टेलीकॉम कंपनियों को दिशानिर्देश जारी किए थे। इसमें उन्हें 30 सितंबर, 2024 तक टेलीमार्केटिंग कॉल और बिजनेस मैसेजिंग, विशेष रूप से 140 मोबाइल नंबर सीरीज से शुरू होने वाली कॉल को ब्लॉकचेन-आधारित डिस्ट्रीब्यूटेड लेजर टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म पर शिफ्ट करने का निर्देश दिया था।

# पीएमसीएच सहित पांच जिला अस्पतालों को मिली डीएनबी की मान्यता

**निज संवाददाता** | पटना

पीएमसीएच (पटना मेडिकल कॉलज अस्पताल) सहित 5 जिला अस्पतालों को डीएनबी (डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड) की मान्यता मिल गई। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस की टीम की जांच रिपोर्ट के आधार पर मान्यता मिली है। 5 जिला अस्पतालों में दो वर्षीय कोर्स के लिए दो-दो सीटों की मान्यता मिली है, जबकि पीएमसीएच को 3 वर्षीय सुपर स्पेशियलिटी कोर्स की मान्यता मिली। इससे राज्य में दो वर्षीय कोर्स की 10 सीटें और तीन वर्षीय कोर्स की 5 सीटें बढ़ जाएंगी। पीएमसीएच को न्यूरोलॉजी में 3 सीट और नेफ्रोलॉजी में 2 सीट डॉक्टरेट ऑफ नेशनल बोर्ड सुपर स्पेशियलिटी के 3 वर्षीय कोर्स के लिए मान्यता मिल गई है। बेगूसराय और भोजपुर जिला अस्पताल को एनिस्थिसिया में दो-दो सीटों की मान्यता मिली है। रोहतास, गोपालगंज और नालंदा को पेड्रियाट्रिक्स में दो-दो सीटों की मान्यता मिली है। डीएनबी कार्यक्रम के राज्य सलाहकार प्रभाकर सिन्हा ने बताया कि राज्य के सभी 9 मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में विभिन्न विभागों में सुपर स्पेशियलिटी कोर्स में मान्यता के लिए प्रयास तेज किए जाएंगे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper


## संक्षिप्त समाचार

### युवा राजद के प्रखंड सचिव सहित दो शराब के नशे में गिरफ्तार

**टिकारी।** अलीपुर थाना की पुलिस ने नशे की हालत में युवा राजद के प्रखण्ड सचिव सहित दो को गिरफ्तार किया है। अलीपुर थानाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि थाना की पुलिस द्वारा विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में बाइक सवार दो लोगो को संदेह के आधार पर रुकवाया गया। संदेह होने पर दोनो की जांच ब्रेथ एनालाइजर मशीन से की गई जिसमें दोनो के शराब सेवन की पुष्टि हुई। दोनो की पहचान अलीपुर थानाक्षेत्र के सिधाय ग्राम निवासी प्रमोद कुमार व राकेश कुमार के रूप में हुई। दोनो के विरुद्ध मद्ध निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया। मालूम हो कि प्रमोद विगत कुछ दिन पूर्व ही युवा राजद के प्रखण्ड सचिव के रूप में मनोनीत हुए है।

### एमयू के डॉ धरेन और डॉ विनीता को इंटरनेशनल रिसर्च अवार्ड्स में वित्त श्रेणी में मिला रजत पदक




**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के सहायक प्राध्यापक डॉ. धरेन कुमार पाण्डेय एवं डॉ. विनीता कुमारी को इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा इंटरनेशनल रिसर्च अवार्ड्स 2024 में वित्त श्रेणी में रजत पदक से सम्मानित किया गया है। डॉ. पाण्डेय एवं डॉ. विनीता को यह पुरस्कार चंडीगढ़ में आयोजित पुरस्कार समारोह के दौरान आईसीएआई अध्यक्ष सीए रणजीत कुमार अग्रवाल, कमेटी के चेयरमैन, सीए हंस राज चुघ एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। शोध पत्र का शीर्षक है शेयर बाजार के रिटर्न पर ईएसजी विनियमन का प्रभावः उचित आश्वासन अधिदेश के प्रति निवेशकों की प्रतिक्रिया और यह शोध पत्र पहले अंतर्राष्ट्रीय जर्नल फाइनेंस रिसर्च लेटर्स में प्रकाशित हुआ था, जो एक एबीडीसी ए श्रेणी का जर्नल है। यह स्कोपस और वेब ऑफ साइंस में क्रमशः उद्धरण स्कोर 11.1 और प्रभाव कारक 7.4 के साथ अनुक्रमित है। पर्यावरण, सामाजिक और गवर्नेंस (ईएसजी) नियामक हस्तक्षेपों पर शेयर बाजार कैसे प्रतिक्रिया करते हैं और ईएसजी प्रतिष्ठा किस तरह से ऐसी प्रतिक्रियाओं की भयावहता को प्रभावित करती है? इन्हीं प्रश्नों का जवाब ढूंढता है यह शोध। इस शोध में एक्रोन विश्वविद्यालय, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के प्रो. जॉन गुडेल और सैपिएन्ज़ा विश्वविद्यालय, इटली की एलेसिया पाल्मा ने भी सहयोग दिया था। ईएसजी का गवर्नेंस घटक रहा प्रभावशाली निष्कर्षों से पता चला कि घटना के बाद लगातार नकारात्मक संचयी असामान्य बाजार रिटर्न विंडो के दौरान -1.20 फीसदी तक गिरा। उचित आश्वासन अधिदेश लागू करने से बाजार नकारात्मक हो गया था। हालांकि, सद्भावना परिकल्पना के भंडार के अनुरूप, ईएसजी स्कोर ने फर्म-स्तरीय निवेशक प्रतिक्रियाओं को सकारात्मक रूप से संरक्षित किया, जिसमें ईएसजी का गवर्नेंस घटक सबसे प्रभावशाली रहा।

### घायलों का सांसद ने जाना हाल-चाल

**टिकारी।** टिकारी थानाक्षेत्र के लाव ग्राम में बाइक की टक्कर में घायलों से शनिवार को औरंगाबाद सांसद अभय कुमार सिन्हा मिलने पहुंचे। गया स्थित एएनएमसीएच में इलाजरत घायलों से श्री सिन्हा मिल घटना की जानकारी ली। इसके उपरांत चिकित्सकों से भी मिलकर इलाज में किसी तरह की कोई कोताही न बरतने की अपील की। साथ ही साथ शीघ्र ही घायलों के स्वस्थ होने की अपील की। इसके अलावा स्थानीय पदाधिकारियों से बात कर पारिवारिक लाभ एवं आपदा राहत से नियम संगत मिलने वाली आर्थिक लाभ को देने का निर्देश किया। श्री सिन्हा ने घटना के प्रति गहरी शोक संवेदना प्रकट की व मृत आत्मा की शांति की कामना की। मालूम हो कि शुक्रवार की देर रात लाव ग्राम स्थित पाकड़ के समीप बाइक के धक्के से एक युवती की मौत हो गई वहीं बाइक चालक सहित चार लोग घायल हो गये थे। मृतक की पहचान लाव ग्राम निवासी रामजन्म दास की 18 वर्षीय पुत्री नेहा कुमारी के रूप में हुई। वहीं घायल की पहचान रामजन्म दास की पुत्री निशा कुमारी व पत्नी गीता देवी, प्रेम दास की पुत्री अवंति कुमारी के रूप में हुई। वहीं बाइक चालक की पहचान सोवाल ग्राम निवासी झापस मांझी के पुत्र छोटन मांझी के रूप में हुई। छोटन मांझी भी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस अभिरक्षा में छोटन मांझी का अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज कर मगध मेडिकल भेजा गया था। घटना की सूचना पाकर टिकारी एसएचओ चंद्रशेखर कुमार, एसआई संजय कुमार, विवेक कुमार सहित अन्य पुलिस बल पहुंचे मामले की जानकारी ली थी व शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा शनिवार को परिजनों को सौंप दिया था।

### बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी को वीसी ने किया सम्मानित

**टिकारी।** सीयूएसबी के शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्र प्रशांत कुमार को अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयी किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के उपलक्ष्य में खिलाड़ी सम्मान से सम्मानित किया गया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने प्रशांत कुमार को 12000 रुपए का चेक प्रदान किया। साथ ही गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट भी दिया गया। मालूम हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गए फिट इंडिया मूवमेंट से प्रेरित होकर सीयूएसबी हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के 119 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह मना रहा है। पीआरओ मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कुलपति प्रो. सिंह के संरक्षण में विश्वविद्यालय के गेम्स एंड स्पोर्ट्स कमिटी द्वारा महिला व पुरुष वर्ग में कबड्डी के दो प्रदर्शनी मैच आयोजित किए गए। विश्वविद्यालय के मिल्खा सिंह खेल परिसर में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. सिंह ने मेजर ध्यानचंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारम्भ किया। खेल समिति के चेयरमैन प्रो. रति कांत कुम्भार ने स्वागत भाषण किया। उसके बाद कबड्डी का पहला मैच महिला वर्ग अंतर्गत मणिकर्णिका चैलेंजर एवं प्रतिभा चैलेंजर टीम के बीच खेला गया जिसमें मणिकर्णिका चैलेंजर ने प्रतिभा चैलेंजर टीम को 16 अंको से पराजित किया। दूसरा मैच पुरुष वर्ग में सीयूएसबी टाइगर व सीयूएसबीचैलेंजर के बीच खेला गया।

### श्रीराम जानकी मंदिर का किया निरीक्षण

**टिकारी।** अनुमंडल पदाधिकारी सुजीत कुमार ने शुक्रवार को श्रीराम जानकी मंदिर, बहेलिया बिगहा का निरीक्षण किया। कुछ दिनों पूर्व मंदिर परिसर में स्थापित श्री राम जानकी लक्ष्मण जी की प्रतिमा को तोड़- फोड़ करने की घटना हुई थी। एसडीओ ने मंदिर न्यास समिति की मंदिर परिसर में विशेष बैठक बुलायी और इस बड़ी घटना पर अफ़सोस जताते हुए उन्होंने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। बैठक में परिसर को नशेड़ियों से मुक्त करने, मंदिर परिसर से सटे प्राचीन विशाल तालाब का प्राथमिकता के आधार पर साफ-सफाई कराने, उसका सौंदर्यीकरण कार्य कराने के लिए कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद के पास पत्र प्रेषित करने आदि का सुझाव दिया गया और प्रस्ताव को पास किया गया। वहीं प्राचीन परंपरा के अनुसार श्रीकृष्ण जन्मोत्सव उपरांत श्रीकृष्ण छठी समारोह रविवार को आयोजित करने पर विचार भी हुआ। सदस्यों ने भगवान श्रीकृष्ण का मोमेंटो देकर एसडीओ अभिनंदन किया। मौके पर गौतम कुमार, गौरी शंकर केशरी, मुन्ना अवस्थी, लक्ष्मी चौधरी, हरेन्द्र कुमार पाठक सभी सदस्यों के साथ, प्रणव कुमार, लाल बाबु पासवान सहित कई मुहल्लेवासी उपस्थित थे।

# गया के बोधि हॉस्पिटल में मरीज की मौत पर हंगामा

## 3 अस्पताल चेंज कर चौथे में तोड़ा दम, परिजनों बोले- 30 हजार जमा करवाया, फिर मृत बताया

निज संवाददाता। गया

गया के बोधि हास्पिटल में रविवार को एक मरीज की मौत हो गई। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने जमकर हंगामा किया। सड़क जाम कर लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों को समझा-बुझा कर मामला शांत करवाया। साथ ही में पीड़ित पक्ष से हॉस्पिटल के खिलाफ आवेदन की मांग की। मृतक के बेटे नीरज ने बताया कि शनिवार की रात पिता रामबली प्रसाद की तबीयत खराब हो गई थी। उन्हें पहले जय प्रकाश नारायण हॉस्पिटल ले गए। वहां से मगध मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले गए। यहां से भी डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। फिर हमलोग उन्हें एम्स ले गए। डॉक्टर नहीं होने की वजह से



वहां मरीज को भर्ती नहीं लिया गया।

**पहले जमा कराए 30 हजार... फिर बताया मृतकः** इसके बाद रविवार सुबह करीब 4 बजे पिता को बोधि हॉस्पिटल ले आए। यहां मरीज का इलाज शुरू किया गया। थोड़ी देर बाद बताया गया कि मरीज की स्थिति ठीक है। इस बीच 30 हजार रुपए जमा करा लिए गए। सुबह 8 बजे बताया गया कि मरीज सीरियस हो गया है। उसे वैंटिलेटर पर रखना होगा। इस पर हमलोगों ने कहा कि जो भी बेहतर हो सकता है, वो कीजिए। लेकिन 10 मिनट बाद बताया गया कि मरीज का हार्ट बिट काम नहीं कर रहा है। इसके बाद बताया गया कि मरीज की मौत हो गई।

**डॉक्टर बोले- हमारे तरफ से नहीं हुई कोई लापरवाहीः** बोधि हॉस्पिटल के डॉक्टर विकास कुमार ने बताया कि मरीज को काफी क्रिटिकल सिचुएशन में लाया गया था। एक डॉक्टर की जिम्मेदारी के तहत मरीज के परिजनों को स्पष्ट बता दिया गया था। उनसे कंसेंट लिया गया था। इसके बाद इलाज किया गया। मरीज काफी सीरियस थे। उन्हें बचाने की हर सम्भव कोशिश की गई। लेकिन दुर्भाग्य वश उनकी मौत हो गई। इलाज में कहीं कोई लापरवाही नहीं हुई है।

# पानी में डूबने से 2 की मौत, मवेशी चराने के दौरान हादसा

## बकरियां लौटी घर तो खोजबीन में जुटे परिजन

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में नूरसराय थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव में डूबने से 2 लोगों की मौत हो गई। मामला नूरसराय थाना क्षेत्र के परमानंद बीघा और किशुनपुर गांव का है। मृतकों की पहचान परमानंद बीघा गांव निवासी जमींदार प्रसाद का बेटा नीतीश कुमार(31) और किशुनपुर गांव निवासी स्वर्गीय मनोहर मांझी के बेटे कामेश्वर मांझी(74) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में नीतीश कुमार के परिजन ने बताया कि युवक भैंस चराने के लिए नदी किनारे गया हुआ था। तभी उसका पैर फिसल गया। नदी में जा गिरा। इसके बाद से युवक शनिवार की शाम से लापता था। काफी खोजबीन की गई। बावजूद उसका कहीं अता पता नहीं चल सका। सुबह गोताखोरों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला गया। जबकि कामेश्वर मांझी के परिजन ने बताया कि वह बकरी चराने के लिए शनिवार की शाम 4 बजे खेतों की ओर गए हुए थे। बकरियां घर लौट आई। इसके बाद घर के लोग कामेश्वर मांझी की खोजबीन करने लगे। अंधेरा होने की वजह से कहीं अता-पता नहीं चल सका। रविवार को गांव के बगल दरूआरा गांव के पास आहार में शव उपलाया हुआ मिला। इसके बाद घटना का खुलासा हुआ। परिजन आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि किसी काम को लेकर आहार के पास गए होंगे। पैर फिसलने की वजह से पानी में डूब कर मौत हो गई। इस मामले में नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। दोनों ही मामले में यूडी केस दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

# कार ने दो महिलाओं को रौंदा, एक की मौत

निज संवाददाता। गया

गया के रजौली सड़क मार्ग स्थित कठियोन गांव के समीप तेज रफ्तार कार ने दो महिलाओं को रौंद दिया। एक ने अस्पताल जाने के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि दूसरी महिला को एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। उसकी स्थिति नाजुक है। वहीं, हादसे के बाद कार सवार लोग वाहन को छोड़कर फरार हो गए। फतेहपुर पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। महिलाएं गर्मी की वजह से घर के बाहर सड़क के किनारे बैठीं थीं। मृतका मुन्नी देवी पति मनोज पंडित है। घायल पर्वतीया देवी पति बुधन मांझी है जो कठियोन गांव की रहने वाली है।

**कार सवार की हो रही खोजबीनः** बताया जा रहा कि पर्वतीया देवी (45) और लक्ष्मी देवी (42) दोनों सड़क के किनारे रात को बैठी थीं। आपस में बात कर



रहीं थीं। इसी बीच एक तेज रफ्तार कार आई और दोनों को टक्कर मार निकल गई।घायलों को आनन-फानन में फतेहपुर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मगध मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को दी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन घटनास्थल पर पहुंची। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि कार को जब्त कर लिया गया है। कार पर सवार लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# पेट्रोल पंप कर्मी की पिटाई करने वाले 2 पुलिसकर्मी निलंबित, स्कूटी सवार के बुलाने पर आए थे

निज संवाददाता। गया

गया शहर में शुक्रवार को पुलिसकर्मियों ने पेट्रोल पंप कर्मी की बेवजह पिटाई कर दी थी। मामले में देर रात एसएसपी आशीष भारती ने 2 पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया। एक दोरोगा है तो दूसरा पुलिस का जवान है। जवान ने बिजली के मोटे तार से कर्मी की पिटाई की थी। दारोगा ने थप्पड़ मारा था। मामले का वीडियो भी सामने आया। जिसके बाद एसएसपी ने कार्रवाई की। एसएसपी ने कहा कि मिर्जा गालिब कॉलेज के पास स्थित पेट्रोल पंप मामले को गंभीरता से लिया गया। जांच पुलिस उपाधीक्षक नगर को सौंपी गई थी। इस दौरान 1 अधिकारी और एक कर्मी को आचरण और अनुशासनहीनता के लिए दोषी पाया गया। मारपीट करने वाले पुलिस अवर निरीक्षक अशोक कुमार और सिपाही शाहबाज आलम

## बिना मामला समझे नोजल मैन को पीटा था



को निलंबित कर दिया गया। दोनों से स्पष्टीकरण की मांग की गई है।

**शुक्रवार को हुई थी वारदातः** दरअसल शुक्रवार रात करीब 10 बजे मिर्जा गालिब कॉलेज स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भराने के लिए एक स्कूटी सवार दंपती पहुंचे थे। उन्होंने फोर व्हीलर वाले नोजल पंप पर स्कूटी खड़ी की थी। इस पर नोजल पंप कर्मी ने उन्हें टू व्हीलर वाले नोजल पंप से पेट्रोल लेने की नसीहत दी थी, लेकिन स्कूटी सवार दंपती ने फोर व्हीलर नोजल पंप से ही पेट्रोल डालने को कहा। पेट्रोल पंप कर्मी ने फोर व्हीलर वाले नोजल से पेट्रोल देने से इनकार कर दिया। इस बात से खफा हो कर स्कूटी सवार ने किसी पुलिस वाले को फोन लगा कर मौके पर बुला लिया। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने मामला को बगैर समझे ही पेट्रोल पंप कर्मियों की बेरहमी से पिटाई कर दी।

**माफी की कही थी बातः** मामला तूल न पकड़े इस बात के डर से कुछ पुलिस कर्मी अपने सहयोगी पुलिस कर्मियों के बचाव में शनिवार की सुबह पेट्रोल पंप पहुंचे और पेट्रोल पंप के कर्मियों को भरोसे में लेने की कोशिश की। कर्मियों के अलावा पेट्रोल पंप के मालिक मनोज कुमार को भी भरोसे में लिया गया। उन्हें भरोसा दिया गया कि शाम तक पुलिस कर्मी माफी मांग लेंगे, लेकिन इससे पहले ही मामला वरीय अधिकारियों तक पहुंच गया और तूल पकड़ लिया। एसएसपी ने जांच के आदेश दे दिए। देर रात एसएसपी ने जांच के आधार पर मारपीट करने वाले दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया।

# लवर से पति का करवाना चाहती थी मर्डर, खुद मारी गई, प्रेमी संग हसबैंड की हत्या की रची थी साजिश

निज संवाददाता। गया

गया में 28 अगस्त को हुई महिला की हत्या का पुलिस ने शनिवार को खुलासा किया है। महिला ने ही अपने पति की हत्या की साजिश लवर के साथ रची थी। लेकिन गलती से पति की जगह महिला खुद अपने प्लान की बली चढ़ गई। इस मामले में 2 आरोपी अरेस्ट हुआ है। इसमें से एक महिला है, जो लाइनर का काम कर रही थी। जबकि मुख्य आरोपी अभी फरार है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित सिद्दी कुमार (अमीषा के प्रेमी का दोस्त) को गांव शेरपुर थाना इस्लामपुर जिला नालंदा से गिरफ्तार किया गया है। जबकि लाइनर रेश्मी देवी को गया के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भोरे मलसा गांव से गिरफ्तार किया गया है।

**पति पर चलवाई गोली से मरी महिलाः** एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि अपराधियों ने अमीषा के पति विजय दास की हत्या की नीयत से गोली चलाई थी। लेकिन विजय दास ने खुद के ऊपर गोली चलती हुई देख अपनी गर्दन घुमा दी थी। यही वजह रही कि गोली बाइक पर पीछे बैठी महिला अमीषा को लग गई। उसकी अस्पताल



पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। घटना चंदौती थाना क्षेत्र के कंडी नवादा से बुनियादगंज जाने वाले सड़क मार्ग पर हुआ था।

**लवर ने की प्रेमिका की हत्याः** SSP आशीष भारती ने आगे बताया कि पकड़ाया युवक सिद्धि कुमार से पूछताछ की गई। उसने बताया कि मेरे दोस्त जितेंद्र दास का अमीषा के साथ संबंध चल रहा था। अमीषा और जितेंद्र दास ने विजय दास की हत्या की योजना बनाई थी। घटना के वक्त विजय दास बाइक चला रहा था। सिद्धि कुमार ने बताया कि फरार चल रहे दोस्त जितेंद्र द्वारा विजय के ऊपर गोली चलाई गई थी। लेकिन गोली अमीषा को लग गई।

## ♦ 2 अपराधी अरेस्ट, मुख्य आरोपी फरार

**28 अगस्त को दिनदहाड़े चली थी गोलीः** दरअसल, 28 अगस्त को कंडी नवादा से बुनियादगंज जाने वाले रास्ते में बाइक से जा रहे दंपती को पीछे से आकर एक बाइक पर सवार 2 लोगों ने गोली मारी थी। इसमें गोली महिला को लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई थी। चंदौती थाना में मामला दर्ज करते हुए पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई। इसी दौरान एक महिला रेशमी देवी और सिद्धि कुमार को गिरफ्तार किया गया। अनुसंधान में पता चला कि गिरफ्तार महिला रेशमी देवी लाइनर की भूमिका निभा रही थी। अपराधियों को महिला रेशमी देवी पल-पल की रिपोर्ट दे रही थी। स घटना में संलिप्त मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# खेल विश्वविद्यालय का प्रशासनिक ढांचा तैयार

निज संवाददाता। नालंदा

बिहार के शैक्षिक परिदृश्य में एक नया अध्याय जुड़ गया है। मुख्यमंत्री ने हाल ही में बिहार खेल विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया था। राज्य में खेल-शिक्षा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की महत्वाकांक्षी परियोजना है। यह न केवल राज्य का पहला खेल विश्वविद्यालय है, बल्कि देश के गिने-चुने खेल विश्वविद्यालयों में से एक है। विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य स्नातक से लेकर डॉक्टरेट स्तर तक की उपाधियां प्रदान करना है। यहां फुटबॉल, हॉकी, क्रिकेट जैसे लोकप्रिय खेलों के साथ-साथ अन्य खेल विधाओं में भी उच्च शिक्षा प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय का प्रशासनिक ढांचा तैयार किया जा चुका है। रजिस्ट्रार और महानिदेशक की नियुक्ति के साथ, अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भी जल्द ही नियुक्तियां की




जाएंगी। विश्वविद्यालय के मुख्य प्रशासनिक भवन का निर्माण पूरा हो चुका है, जिसके दूसरे तल पर विश्वविद्यालय का मुख्यालय स्थापित किया गया है। शिक्षाविदों का मानना है कि यह पहल खेल के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए एक वरदान साबित होगा। अब तक खिलाड़ियों को अपने भविष्य को लेकर अनिश्चितता का सामना करना पड़ता था। यह विश्वविद्यालय उन्हें एक सुरक्षित शैक्षिक और व्यवसायिक मार्ग प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

# जिला क्रिकेट लीग के लिए आज से रजिस्ट्रेशन शुरू

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिले में क्रिकेट के विकास और स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक नया कदम उठाया गया है। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ नालंदा ने आगामी नालंदा जिला क्रिकेट लीग के लिए रजिस्ट्रेशन की घोषणा की है, जो 1 सितंबर से 10 सितंबर तक चलेगी। एसोसिएशन के सचिव गोपाल कुमार सिंह ने बताया कि इस नए सत्र में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने कहा कि हम अच्छे खेल मैदान और टर्फ विकेट जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। पिछले सत्र की तरह, इस बार भी सभी मैच टर्फ विकेट पर आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष की योजना में अंडर-15, अंडर-19 और सीनियर लीग के अलावा, नालंदा प्रीमियर लीग और डेज लीग को भी शामिल करने पर विचार किया जा रहा है। यह कदम स्थानीय क्रिकेट को नए आयाम देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

एसोसिएशन ने एक महत्वपूर्ण नियम लागू किया है जिसके तहत बिहार राज्य से बाहर के खिलाड़ियों को नालंदा जिले से क्रिकेट खेलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही, बिहार के अन्य जिलों के खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन भी सचिव की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकेगा। सिंह ने स्पष्ट किया, "यह निर्णय नालंदा जिले के क्रिकेटरों को आगे बढ़ाने और स्थानीय प्रतिभाओं को विकसित करने के उद्देश्य से लिया गया है। क्लब रजिस्ट्रेशन फॉर्म के लिए नालंदा जिला क्रिकेट लीग संयोजक धीरज गिरी और सहायक कुंदन कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# अशोक चौधरी को मंत्री पद से हटाने की मांग, लोकप्रिय समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की मांग

निज संवाददाता। गया

JDU के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने जहानाबाद में एक जाति के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया है। इसके बाद इनकी व्यापक निंदा हो रही है। इसी कड़ी में गया में लोकप्रिय समता पार्टी ने भी अशोक चौधरी के बयान पर नाराजगी जताई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वसीम नैयर अंसारी ने कहा कि मंत्री अशोक चौधरी ने एक खास कम्युनिटी के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया है। चुनाव में कभी वोट पड़ता है। कभी नहीं पड़ता है। इसका ये मतलब नहीं कि आप उस खास समाज को टारगेट करना शुरू कर देंगे।

**लोकतंत्र में जनता मालिकः** उन्होंने आगे कहा कि अशोक चौधरी जहानाबाद लोकसभा चुनाव के प्रभारी भी थे। जब बहुत ज्यादा विरोध किसी उम्मीदवार को लेकर था, तो उम्मीदवार के चयन में सावधानी बरतनी चाहिए थी। लोकतंत्र में जनता मालिक होता है। जन भावना के खिलाफ जब आप उम्मीदवार मैदान में उतारेंगे तो उसका नुकसान तो उठाना ही पड़ेगा।




**अशोक चौधरी पढ़े लिखे इंसान हैंः** चुनाव के कई महीने बीत जाने के बाद अगर आप भूमिहार समाज से बदला लेने की भावना रखते हैं, तो ये व्यक्तिगत तौर पर भी और पार्टी हित में भी सही नहीं है। अशोक चौधरी पढ़े लिखे इंसान हैं। इस तरह की टिप्पणी उन्हें शोभा नहीं देती है। उन्होंने कहा कि मैं उनसे गुजारिश करूंगा की अशोक चौधरी अपने इस बयान के लिए माफी मांगे। पार्टी के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी सह प्रदेश अध्यक्ष, धीरू शर्मा ने कहा कि हमलोग भूमिहार समाज से आते हैं। समाज के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने

## ♦ बोले- भूमिहार को समझना आसान नहीं

का किसी को अधिकार नहीं है। जदयू पार्टी में हजारों की संख्या में भूमिहार हैं। इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी से पार्टी को भी नुकसान पहुंचेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आग्रह है कि आप अपने मंत्री पर लगाम लगाते हुए अविलंब अशोक चौधरी को मंत्री पद से हटाएं। लोकप्रिय समता पार्टी अशोक चौधरी के विवादित बयान की कड़े शब्दों में निंदा करती है। उन्होंने कहा कि भूमिहार समाज सब कुछ बर्दाश्त कर लेगा। लेकिन मान, सम्मान, मर्यादा और स्वाभिमान से समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि अशोक चौधरी के बयान से साफ झलक रहा है कि वह प्रदेश में जातीय संघर्ष को बढ़ावा दे रहे हैं। इस बयान के पीछे उनकी यही सोच इशारा कर रहा है। यह गलत है। भूमिहार ब्राह्मण समाज की इज्जत से कोई मजाक न करे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper


# मंडल कारा में बंदियों के लिये स्मार्ट क्लास का हुआ उद्घाटन

निज संवाददाता | नवादा



नवादा मंडल कारा नवादा परिसर में प्रोवेशन ऑफ ऑफेन्डर्स एक्ट, 1958 पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवादा एवं आशुतोष कुमार झा की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कारा में उपस्थित सभी बंदियों को प्रावेशन अधिनियम के लाभ एवं विभिन्न प्रावधानों पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए जागरूक किया गया ताकि वे इस प्रोवेजन एक्ट में वर्णित प्रावधानों का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा प्रोवेशन अंडरएक्ट न्यायालय में कैसे न्यायाधीशों के द्वारा रिपोर्ट मांगकर एवं प्रोवेशन पदाधिकारी की इसकी भूमिका क्या होगी, इस संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गयी एवं उन्होंने बताया कि इस एक्ट के तहत बंदियों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। इससे न्यायालय में केसों की संख्या घटेगी एवं जेलों में बंदियों की भी संख्या में कमी आयेगी। प्रोवेशन पर रिहाई के दौरान उन्हें अपना आचरण अच्छा बनाये रखना होगा। अन्यथा उन्हें दोबारा जेल भेजा जा सकता है। कार्यशाला के दौरान बंदियों ने स्वागत गायन का भी प्रस्तुति की। बंदियों की शिक्षा व्यवस्था को नियमित एवं सुचारू रूप से चलाने के लिए आज कारा स्मार्ट क्लास का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवादा, जिला पदाधिकारी नवादा एवं पुलिस अधीक्षक नवादा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। स्मार्ट क्लास के माध्यम से बंदियों को कक्षा वन से लेकर कक्षा बारह तक की समस्त विषयों की नियमित रूप से पढ़ाई की जा सकेगी। आज कारामंडल में वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी आयोजित की गई। जिसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक नवादा द्वारा पौधारोपण किया गया। क्रार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी नवादा आशुतोष कुमार वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक नवादा अम्बरीष राहुल उपस्थित थे। इस कार्यशाला में नोडल पदाधिकारी के रूप में एडीजे-6, मनीष द्विवेदी, डीएलएसए सचिव सरोज कृति, एसीजीएम-1, धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, जेजेबी कृति प्रसाद, जिला अभियोजन पदाधिकारी मकसूद फारूक, जेल अधीक्षक अजीत कुमार, उपाधीक्षक बिरेन्द्र कुमार राय उपस्थित थे। संयोजक प्रधान प्रोवेशन पदाधिकारी रामप्रवेश राम, प्रोवेशनल पदाधिकारी सुमित्रा रजक एवं गरिमा गुप्ता के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# अशिक्षा और बेरोजगारी समाज के लिये दीमकः उदय शंकर

निज संवाददाता | नवादा

जन सुराज के माध्यम से स्थानीय लोगों में शैक्षणिक जागरूकता लाना और स्थानीय स्तर पर रोजगार की समुचित व्यवस्था करना प्रशांत किशोर का क्रांतिकारी कदम होगा। यह दो मूल समस्याएं समाज के गरीब व निर्धन परिवारों को दीमक की तरह चाट रहा है। यह बातें रविवार को जन सुराज विचार मंच की एक गोष्ठी के दौरान सदर प्रखंड के दौलतिया गांव में मिक्सिंग प्लांट के कंपाउंड में वरीय जन सुराजी उदय शंकर सिंह ने कही। इन्होंने कहा कि प्रशांत जी की बातों में आजादी के 75 साल बाद भी उम्मीद की किरण दिखाई पड़ रही है। बशर्ते कि इसी अंदाज में इन्हें समाज का सहयोग भी मिलता जाए। जन सुराज विचार मंच के तत्वावधान में आयोजित इस विचार गोष्ठी में मंच के अध्यक्ष अजय कुमार ने विषय प्रवेश दिलाते हुए जनसुराज और प्रशांत किशोर के उद्देश्यों को लोगों के सामने रखा। इन्होंने समाज के पिछड़ेपन और गरीबी के मूल कारणों को इंगित करते हुए कहा कि हमें इसे दूर करने के लिए शिक्षा को अपना अचूक हथियार बनाना ही होगा। इन्होंने कहा कि हमें निरंतर एक दूसरे से संपर्क स्थापित करते रहना होगा और समस्याओं के समाधान में एक दूसरे की मददगार बनी पड़ेगी। शहर के बुंदेलखंड निवासी व प्रदेश स्तरीय संवेदक सुजयभान सिंह ने बतौर कार्यक्रम आयोजक कहा कि - दौलतिया और उड़सा गांव से पुरखों के जमाने से संबंध रहा है। इन गांव की समस्याओं को हमारे परिजनों ने प्राथमिकता के आधार पर निपटाया है। इन्होंने कहा कि जनसुराज ऐसे ही कार्य संस्कृति की वाहक रही है। इसी कारण इन गांवों के लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। बुंदेलखंड निवासी व समाजसेवी नीरज दीक्षित ने कहा कि किसी भी समस्या का समाधान करने के लिए जरूरी है कि हम आपसी सामंजस्य बनाए रखें। यह हमें बड़ी ताकत देगा।

कार्यक्रम में सिविल इंजीनियर सुनील कुमार, अमित कुमार सिंह, नरेश प्रसाद, रामेश्वर प्रसाद, मोहन कुमार, धनेश्वर मांझी, राजेश प्रसाद, सुनैना देवी, लैलून देवी सहित दर्जनों की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। स्त्री पुरुष और बच्चों की भारी संख्या से माहौल खुशनुमा रहा। लोगों ने जय बिहार, जय जय बिहार के नारे लगाए।

# फुलवरिया डैम के समीप से पुलिस ने 150 लीटर शराब के साथ एक बाइक को किया जब्त

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत अंतर्गत फुलवरिया डैम के समीप सड़क पर पड़े 150 लीटर शराब लदे एक बाइक को थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने जब्त किया। शराब बंदी के आठ वर्ष से भी अधिक हो गए हैं, किन्तु कम लागत में ज्यादा मुनाफे की लालच में लोग जंगली एवं दूर-दराज क्षेत्र में महुआ शराब निर्माण एवं परिवहन में जुटे हुए हैं। हालांकि पुलिस भी थाना क्षेत्र को शराबमुक्त बनाने को लेकर पुलिस बलों की सहायता से शराब निर्माण, परिवहन, सेवन, बिक्री एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। इस अभियान के दौरान घने जंगलों में कई शराब भट्ठियों को ध्वस्त, शराब निर्माण युक्ति को नष्ट, शराब परिवहन में जुटे वाहनों को जब्त करते हुए शराब तस्करों को गिरफ्तार भी किया जा रहा है। अधिक लागत कमाने की लालच में बहुत सारे लोग इस धंधे में लगे हुए हैं।

# वांछित एक वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)** थाना क्षेत्र के हीरोडीह गांव से अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने एक वांछित वारंटी को गिरफ्तार किया। वारंट के आलोक में एक वांछित व्यक्ति को हीरोडीह गांव से शनिवार को गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया गया।

# विश्व हिंदू परिषद ने मनाया 60वां स्थापना दिवस

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

विश्व हिंदू परिषद के 60 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में जिला के कौआकोल प्रखण्ड के दुर्गामण्डप परिसर में रविवार को विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि राष्ट्रीय धर्माचार्य प्रदेश प्रभारी डॉ. दयानन्द मुनि, प्रखण्ड मंत्री राजीव कुमार, पूर्व जिला मंत्री कैलाश विश्वकर्मा, बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक रक्तवीर जितेंद्र प्रताप जीतू, बजरंग दल के जिला संयोजक मुकेश कुमार, प्रांत सह संयोजक अभिमन्यु कुमार, विहिप के जिला मंत्री सुबोध लाल आदि के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद गिरिजा सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं ने स्वागत गान गाकर आगत अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा संगठन के कार्यों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इस दौरान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद लोगों को जोडऩे और संस्कारित करने की बात करता है। तथा कुसंस्कार को बढ़ावा देने वाले लोगों का विरोध करता है। पूर्व जिला मंत्री कैलाश विश्वकर्मा ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना सभी हिंदू धर्म कार्य,संस्कार एवं संस्कृति को जागरूक करना और धर्मांतरण, लव जिहाद, गो हत्या रोकना, मंदिर की रक्षा, जाति के भेद को दूर करने और धर्म आचार्यों के सम्मान की रक्षा करने के लिए हुई है। बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक रक्त वीर जितेंद्र प्रताप जीतू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना सन 1964 में जन्माष्टमी के दिन हुआ था। तब से विश्व हिंदू परिषद बिना भेदभाव के समाज में अपना काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य ही है कि आज हिंदू समाज भारत के 9 राज्यों में मात्र एक या दो परसेंट हो गया है, उसके बाद भी उसे अल्पसंख्यक का दर्जा प्राप्त नहीं है। बजरंग दल के प्रांत सह संयोजक अभिमन्यु कुमार ने कहा कि हर साल बूढ़ा अमरनाथ में हजारों बजरंगबली के कार्यकर्ता निहत्थे बाबा अमरनाथ का दर्शन करते हैं। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सुबोध लाल ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद धर्मांतरण के विरुद्ध तथा सनातन धर्म के मानने वालों के साथ है। बजरंग दल के जिला संयोजक मुकेश कुमार ने कहा कि बजरंग दल शेरों का दल है। मौके पर उपस्थित बजरंग दल के जिला सह संयोजक अनीश सिंह,जिला गोरक्षा प्रमुख कौशल यादव,बजरंग दल के प्रखंड संयोजक राजेश कुमार, विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड सह मंत्री प्रवेश कुमार, मुनेश्वर पासवान, बजरंग दल के प्रखंड सह संयोजक राहुल कुमार, पंकज कुमार, राकेश कुमार, श्रवण कुमार, आरएसएस के जिला बौद्धिक प्रमुख सूर्यकांत प्रसाद निराला, बाल्मीकि पंडित आदि ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए।

# बिना टिकट यात्रियों पर रेलवे की कड़ी नजर

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)



पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बिना टिकट/बिना उचित टिकट के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों पर शिकंजा कसने के लिए कल दिनांक 31.08.2024 को देर रात्रि तक पांचों मंडलों दानापुर, सोनपुर, समस्तीपुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं धनबाद में एक साथ विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस जाँच अभियान में पूर्व मध्य रेल के महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रेलवे अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, रेलकर्मियों, टी०टी०ई० एवं भारी मात्रा में रेलवे सुरक्षा बल कर्मियों को तैनात किया गया। सभी महत्वपूर्ण मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों के वातानुकूलित कोचों की विशेष रूप से जाँच की गयी। इसके साथ ही सभी पैसेंजर ट्रेनों एवं मेमू ट्रेनों में भी विशेष टिकट जाँच की गयी एवं बे टिकट यात्रियों को पकड़ा गया। यह विशेष टिकट जांच अभियान पूरे दिन सुबह 06.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक चलाया गया। इस जाँच अभियान में कुल 12 हजार 150 बेटिकट/अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुर्माने के रूप में 64 लाख 17 हजार रुपए वसूले गए। दानापुर मंडल में बिना टिकट/अनियमित यात्रा करते हुए 5900 यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुर्मानास्वरूप 29 लाख 70 हजार रूपए वसूल किए गए। इसी तरह पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में बिना टिकट/अनियमित यात्रा करते हुए 1460 यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुर्मानास्वरूप 07 लाख 74 हजार रूपए, धनबाद मंडल में बिना टिकट/अनियमित यात्रा करते हुए 1000 यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुर्मानास्वरूप 04 लाख 34 हजार रूपए वसूल किए गए। जबकि सोनपुर मंडल में इस दौरान 2250 लोगों को बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़ा गया जिनसे 12 लाख 36 हजार रूपए एवं समस्तीपुर मंडल में 1540 लोग बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए जिनसे जांच टीम द्वारा जुर्माना के रूप में 10 लाख 04 हजार रूपये वसूल की गई। विदित हो कि पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों में बिना टिकट अथवा बिना उचित टिकट के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों की धरपकड़ हेतु निरंतर टिकट जांच की जा रही है। इससे इस वित्तीय वर्ष में अब तक अप्रैल, 2024 से अगस्त, 2024 तक कुल 15.50 लाख यात्री बिना टिकट या बिना उचित टिकट के यात्रा करते हुए पकड़े गये जिनसे जुर्माने के रूप में कुल 96.75 करोड़ रूपये जुर्माने के रूप में वसूल किये गये।

# श्रम विभाग द्वारा चलाया गया होटलों में विशेष अभियान

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र में विभिन्न होटलों एवं फ़ास्ट फ़ूड दुकानों में श्रम विभाग के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रामप्यारे लाल के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान बायपास रोड स्थित एके-47 फ़ास्ट फ़ूड नामक प्रतिष्ठान में विगत कई दिनों से बाल श्रम में जुटे एक बालक को पाया गया। जिसके बाद श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी द्वारा प्रतिष्ठान के संचालक दिबौर गांव निवासी मो. अफसर के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाकर बालक को बालश्रम से मुक्त कराया गया। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी ने बताया कि जोखिम भरे कार्यों में बाल श्रम के विरुद्ध प्रतिष्ठान के मालिक पर 20000 रुपये से लेकर 50000 रुपये तक का जुर्माना राशि देना पड़ सकता है।

# ओड़ो गांव में आगामी आठ सितम्बर को होगी शंखनाद प्रतियोगिता

नवादा | नारदीगंज (नवादा)

सनातन धर्म को मनाने वाले लोग जन्माष्टमी पर्व के बाद अब विध्न विनायक गणेश पूजा की तैयारियां में जुट गये हैं। आगामी सात सितंबर 2024 यानि शनिवार को गणेश पूजा है। यह पूजा प्रत्येक वर्ष भादो माह के शुक्लपक्ष के चतुर्थी तिथि को श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर नारदीगंज प्रखंड के ओड़ो गांव में गणेश पूजनोत्सव धूमधाम व श्रद्धापूर्वक मनाने की तैयारियां में लग गए हैं। रविवार को गणेश मंदिर परिसर, ओड़ो में श्री गणेश युवा सेवा संस्थान, मिश्रा टोला, ओड़ो की बैठक हुई। अध्यक्षता विष्णु बल्लभ पांडेय ने की। उपस्थित लोगों ने गणेश पूजा करने के विचार विमर्श कर तीन दिवसीय कार्यक्रम करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिये। आगामी सात सितंबर को गांव स्थित मंदिर में विध्न विनायक गणेशजी की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा अर्चना व संध्या में क्वीज प्रतियोगिता, आठ सितंबर को शंखनाद प्रतियोगिता व कुर्सी रेस, नौ सितंबर को हवन पूजा, शोभायात्रा के बाद प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा। कहा गया कि शंखनाद प्रतियोगिता में विभिन्न गांवों के ब्राह्मण परिवार को आमंत्रित किया जाना है, इसके लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित की गई, जो उन सभी गांव पहुंच कर आयोजित शंखनाद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अनुरोध करेंगे। इस प्रतियोगिता में ओड़ो, सहजपुरा, कोसला,गोत रायन, बिक्कू, हंडिया, मियां बिगहा, रामें, कहुआरा के अलावा सकरा समेत अन्य गांव के ब्राह्मण परिवार को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। प्रतियोगिता में विजेताओं में प्रथम को धोती, गमछा के अलावा नगद 501 रुपये, द्वितीय को धोती, गमछा, नगद 351 रुपये, तृतीय को धोती, गमछा, नगद 251 रुपये देकर सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम बीते तीन वर्षों से चली आ रही है। मौके पर नलिन विलोचन मिश्र, अम्बुज मिश्र, दिनकर मिश्र, विनय मिश्र, जैनेंद्र मिश्र, सुन्दरम पांडेय, निलय कुमार, उदय पांडेय, जितेन्द्र मिश्र समेत अन्य लोग शामिल रहें।

# रेलवे के मनमानी से परेशान ग्रामीणों ने किया शांतिपूर्ण प्रदर्शन

निज संवाददाता | नरहट (नवादा)



कियूल गया रेल खण्ड पर नरहट प्रखण्ड के बॉडर एरिया गारोबिगहा गांव के पास रेलवे ट्रैक दोहरीकरण का निर्माण कार्य चल रहा है। इस जगह पर गांव के लोगों को रेलवे ट्रैक पार कर उतर की तरह आने जाने का रास्ता बना हुआ था जो दोहरीकरण के कारण अवरुद्ध हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे के अधिकारी ने सम्पर्क पथ बनाने की बात कहे थे लेकिन अब मनमाने तरीके से बिना सम्पर्क पथ बनाए रेलवे ट्रैक निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है जिसका ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। सम्पर्क पथ नही बनाये जाने से ग्रामीणों को उसपार आने जाने में फजीहत हो रही है। ग्रामीणों द्वारा रेलवे से रास्ता की मांग को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से रखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे गांव के स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, 85 प्रतिशत खेत खलिहान सब ट्रैक के उस पार है। पहले सम्पर्क पथ नही बनाने से हम सभी ग्रामीणों को आवागमन में भारी फ़जीहत हो रही है। ग्रामीणों के द्वारा विरोध प्रदर्शन की जानकारी के बाद पुलिस पुलिस प्रशासन एवं हिसुआ विधायक नीतू कुमारी स्थल पर पहुचे और विरोध कर रहे ग्रामीणों से बात चीत की। उन्होंने ग्रामीणों की मांग को जायज बताया। इस मौके पर मौजूद ट्रैक निर्माण से जुड़े अधिकारी अजय कुमार पांड्या एजीएम सिविल ने आश्वासन दिया कि ग्रामीणों की मांग सही है, इसके लिए रेलवे से बात कर चके हैं। यहां से जो रिपोर्ट जाएगा उसमें ग्रामीणों की मांग को एड किया जाएगा। इसके लिए थोड़ा समय लगेगा। ग्रामीण फ्लैट ओभर ब्रिज की मांग कर रहे हैं।

# विद्यालय में सही तरीके से नहीं बन रहा मध्यांन भोजन

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड के चिरैयां निवासी साबिर हुसैन ने डीएम को आवेदन देकर विद्यालय में सही तरीके से मध्यांन भोजन नहीं बनने की शिकायत की है। आरोप है कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को समय पर मध्यांन भोजन सही तरीके से नहीं मिल रहा है, ऐसा समय पर आवंटन नहीं मिल पाने के वजह से हो रहा। कहा कि मैं इस सम्बंध में विद्यालय के प्रधान शिक्षकों से जब मिला, तो उनकी शिकायत यह रहती है कि प्रखंड साधन सेवी सुभाष कुमार के माध्यम से पोषाहार के आवंटन की राशि पांच हजार रुपये काट कर प्रत्येक विद्यालय के प्रधान शिक्षकों को आवंटन उपलब्ध कराते है, और समय पर आवंटन भी नहीं देते है, ऐसे में बच्चों को सही तरीके से मध्यांन भोजन नहीं मिल पा रहा है। मामले की जांचोपरांत कार्रवाई हो।

# नवादा जिले के कोंचगांव पंचायत मुखिया ने मनरेगा योजना की खोली कलई

निज संवाददाता | पटना

प्रदेश के नवादा जिले के विभिन्न प्रखंडो के विभिन्न गावं में चल रहे केंद्र सरकार की अति महत्वपूर्ण महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना को लेकर वारिसलीगंज प्रखंड अंतर्गत कोंचगांव पंचायत के मुखिया नीतू देवी ने प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, जेई एवं पीआरएस तथा पीटीए पर गंभीर आरोप लगाया है। मुखिया नीतू देवी ने जिलाधिकारी को दिए गए आवेदन में कहा की कोचगांव पंचायत के विभिन्न गाँवो में मनरेगा योजना के तहत जनहित में कई योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया है। पंचायत में विकास कार्यों एवं मजदूरों को रोजगार देने के लिये कई योजनाएं संचालित की गयी थी। योजना क्रियान्वयन एवं मजदूरों की मजदूरी की राशि एवं अन्य सामाग्री के बकाये राशि के भुगतान के पूर्व से ही P.TA-रामानंद कुमार, कनीय अभियंता संगीता कुमारी के द्वारा योजना की तकनीकि स्वीकृति के लिये सभी योजनाओं में नाजायज राशि ली गयी थी, मैनें पंचायत के विकास एवं मजदूरों के को रोकने की प्राथमिकता के साथ मनरेगा कर्मियों के हर मांग को पूरा किया गया। कुछ योजनाओं में कुछ राशि का भुगतान भी किया गया परन्तु संचालित योजनाओं के अनुरूप पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार पर आरोप लगाते हुए कहा की बकाये राशि के भुगतान के लिये नाजायज राशि की मांग की जाती है। जिसके कारण योजना को संचालित करने में काफ़ी परेशानी हो रही है। उन्होंने डीएम एवं सबंधित वरीय अधिकारियो से राशि भुगतान कराने एवं योजनाओं की समीक्षा एवं जाँच करने की मांग किया है। इस सबंध में मनरेगा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए कहा की प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मनरेगा का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा है कहीं कोई शिकायत नहीं है। जेई संगीता कुमारी ने भी आरोपों को निराधार बताया है। बहरहाल मामला जो हो लेकिन मनरेगा योजना में लूट की खुली छूट है। सबंधित अधिकारी के द्वारा योजनाओं को संचालित कराने के एवज में कमीशन के तौर पर मोटी रकम बसूली जाती है। जनप्रतिनिधि खुलकर सामने आना नहीं चाहते लेकिन मुखिया नीतू देवी ने मनरेगा योजना की सच्चाई को सामने लाकर योजनाओं में हो रही लूट पर अंकुश लगाने की मांग की है।

# समारोह के अंत में सेवानिवृत प्रभारी ने विद्यालय परिसर में किया वृक्षारोपण

निज संवाददाता | नवादा



जिले के नगर परिषद हिसुआ के अंतर्गत राजकीय बुनियादी विद्यालय बगोदर के प्रभारी प्रधानाध्यापक उपेंद्र कुमार आज सेवानिवृत हो गए। उन्होंने वरीय शिक्षक प्रभाकर को अपना संपूर्ण प्रभार सौंप दिया। विद्यालय परिवार की ओर से उच्च विद्यालय बगोदर के प्रधानाध्यापक उदय पासवान की अध्यक्षता में समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई कर उनके कार्यकाल की सराहना की और कहा कि इनकी नियुक्ति सर्वप्रथम गया बुनियादी विद्यालय शेरघाटी में 1991 में हुई थी। बेसिक स्कूल कैडर के शिक्षक होने के नाते श्री कुमार समय से स्कूल आने और जाने के लिए लिए लोकप्रिय थे। वक्ताओं ने कहा कि बच्चों को पढ़ाने पर ही ज्यादा जोर देते रहे। स्मरणीय है कि श्री कुमार उच्च विद्यालय बगोदर के भी प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर रहे। समारोह में अन्य लोगों के अलावा निशा सिंह, कल्पना कुमारी, अभय कुमार, राकेश कुमार, कुणाल ज्ञानेंदु, रुचि कुमारी, सकलदेव मांझी, सीताराम सिंह, संजीव कुमार, संजय कुमार, आदि शिक्षकों ने समारोह में प्रभारी प्रधानाध्यापक उपेंद्र कुमार के कार्यकलापों की चर्चा करते हुए आभार प्रकट किया। अंत में प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय में पीपल का एक पेड़ लगाया। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार सुनील कुमार और राजेश कुमार समेत कई ग्रामीण और शिक्षा समिति के लोग भी उपस्थित थे। उनके विदाई में सभी की आंखें नम हो गई। कई अभिभावक भी भावुक हो गए।

# पूर्व विधायक भतू महतो की जयंती पर उन्हें किया गया याद

निज संवाददाता | नवादा

नगर भवन में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के बैनर तले आयोजित गोविंदपुर के पूर्व विधायक भतू महतो की जयंती मनाई गई। अध्यक्षता दामोदर कुशवाहा ने की। माल्यार्पण से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व एमएलसी भगवान सिंह ने पहले भतू बाबू के तस्वीर पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात मंचासीन लोगों ने माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि भगवान सिंह कुशवाहा ने जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा भतू बाबू के बताए रास्ते पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। वे वर्ष ' 77 ' में गोविंदपुर से विधायक निर्वाचित हुए थे, जबकि 1964 मेरा जन्म ही हुआ था। मैं उन्हें या उनके कार्यकाल को करीब से नहीं देखा पर जयंती उन्हीं की मनाई जाती है, जिसकी समाज में पैठ-पहचान होती है। समाज में पैठ और पहचान उसी की होती है जो समाज के लिए कार्य करता है। समाज के लिए जीता -मरता है। उन्होंने कहा कि भतू बाबू की जयंती यह जाहिर करता है कि वे सामाजिक व्यक्ति थे।

**AFFIDAVITE**

I, ANANYA GUPTA D/O RABINDRA PRASAD presently residing at Vill+P.O.+P.S. Dinara Dist. Rohtas Bihar Pin-802213 state- Bihar do hereby solemnly affirm and declare as under:-

01-That I am citizen of India, and my D. O. B is 28.02.2006.
2. That I have passed the all India Secondary School Examination 2020 conducted by CBSE Board, from SANSKAR VIDYA CITY- DAUDNAGAR, AURANGABAD BIHAR (85020) bearing Roll No. 22105261 in the year of 2020.

03-That I required duplicate documents Marksheet as original has been destroyed by Water.

04- That I undertake to submit self- attested photocopy for essential document for the afore said duplicate document.

05-That all statements of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge and belief as explained to me and unders tood. If found untrue and false I will be personally liable to be punished in accordance with Law.

Place:- Bikramganj
Date: 03.07.2024 ANANYA GUPTA

## संक्षिप्त समाचार

### एमवी कॉलेज में हुआ पौधरोपण

**बक्सर**। एमवी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग के एमए सेमेस्टर-1 के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधरोपण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण कर पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने और प्रदूषण को कम करके तथा प्राकृतिक संसाधनों का स्थायी उपयोग करके संसाधनों को संरक्षित करने के लिए कार्य करना शामिल है। यह पृथ्वी पर मानवता और अन्य प्रजातियों के अस्तित्व और सतत विकास को सुनिश्चित करने के लिए एक सतत प्रयास है। विद्यार्थियों ने अपने हाथों से पौधा रोपण किया तथा पर्यावरण का संरक्षण कितना जरूरी है, इसको समझा। इस कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. अवधेश प्रसाद, शिक्षक डॉ प्रिय रंजन चौबे, डॉ निशांत कुमार के साथ विद्यार्थियों में अंशु, मनोरमा, कल्पना, आकांक्षा ज्योतेश्वर, नेहा, रजनी, शिवम, पूनम प्रियंका, सौरभ, सोनम, लक्ष्मी मिश्रा, निशु कुमारी,रंभा आदि थे।

### भोजपुर को जूनियर और सब-जूनियर वर्ग में गोल्ड व सीनियर में सिल्वर मेडल



**आरा**। दो दिवसीय द्वितीय सीनियर पेयर गो प्रतियोगिता व प्रथम सब जूनियर एवं जूनियर पेयर गो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का समापन शनिवार को आरवीएस पब्लिक स्कूल में हुआ।गो एसोसियेशन ऑफ भोजपुर के सचिव आकाश प्रतीक ने बताया कि 14 जिलों से आए खिलाड़ियों के बिच प्रतिस्पर्धा के फाइनल में भोजपुर को जूनियर और सब जूनियर वर्ग में गोल्ड मेडल मिला, जबकि सीनियर वर्ग में सिल्वर मेडल। सब जूनियर वर्ग में भोजपुर के आकर्षीता और आरव की जोड़ी ने रोहतास के जोजो और अनीता को हरा कर गोल्ड मेडल जीता। जूनियर वर्ग के फाइनल में आयुष और जिया की जोड़ी ने अरवल के संतोष और लवली को शिकस्त देकर भोजपुर को स्वर्ण पदक दिलाया। सीनियर वर्ग में भोजपुर के आकांक्षा दुबे और आशीष को भागलपुर के रत्नेश और सपना से हार का सामना करना पड़ा, जिसके कारण इन्हें सिल्वर मेडल से ही संतोष करना पड़ा। प्रतियोगिता के विजयी खिलाड़ियों को गो एसोसियेशन ऑफ बिहार की अध्यक्षा डॉ. कांति सिंह एवं दंत चिकित्सक डॉ. विजयेश ने मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रियता प्रसाद, डॉ. शकील अहमद, अंजली सिंह, जावेद जी, आयुष कुमार, सुधीर कुमार, पूजा कुमारी सहित कई लोग उपस्थिति थे।

### धनवान व्यक्ति वह, जो तन-मन व धन से सेवा व भक्ति करें: डॉ. भारत भूषण



**आरा**। जिला मुख्यालय आरा के जीरो माइल एकौना मोड़ स्थित वास्तु विहार के नर्मदेश्वर महादेव स्थल पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा व ज्ञान महायज्ञ चल रहा है। जिसके पांचवे दिन कथावाचक श्रीमत सनातन शक्तिपीठाध्यक्ष आचार्य (डॉ) भारत भूषण जी महाराज ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। महाराज ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन-मन व धन से सेवा भक्ति करे। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन किया। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करने की सलाह दी गई। आचार्य ने कहा गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं। सम्पूर्णज्योतिर्मण्ड ल, जल, तेज अर्थात प्रकृति, महतत्त्व, अहंकार, देवगण, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, त्रिगुण, जीव, काल, कर्म, प्रारब्ध आदि तत्त्व भी मूर्त दीखने लगे। श्रीकृष्ण में पूरा त्रिभुवन है। उसमें जम्बूद्वीप है, उसमें भारतवर्ष है, और उसमें यह ब्रज में बाललीला। महाराज ने कहा कि आज कल की युवा पीढ़ी अपने धर्म अपने भगवान को नही मानते है, लेकिन तुम अपने धर्म को जानना चाहते हो तो पहले अपने धर्म को जानने के लिए गीता, भागवत ,रामायण पढ़ो। तुम नहीं तुम्हारी आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी हो जायेगी।

### गड़हनी में जनता दरबार फेल; संसाधन केंद्र बंद, लौटे शिक्षक

**गड़हनी**। शिक्षक संघ (गोप गुट) इकाई गड़हनी के कई सदस्य अपनी समस्याओं को लेकर प्रखण्ड संसाधन केन्द्र पहुंचे। लेकिन ऑफिस बन्द पाया गया। गोप गुट शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार, सचिव शकुंतला रमन दुष्यंत ने बताया कि शिक्षा विभाग के आदेश के अनुसार हर शनिवार को सभी प्रखंडों के प्रखंड संसाधन केदो में दोपहर 4:30 से शाम 5:30 बजे तक जनता दरबार का आयोजन करना है। लेकिन ग्रहणी प्रखंड संसाधन केंद्र जनता दरबार के समय बंद रहता है। शनिवार को यही हाल हुआ। हमलोग अपनी एरियर भुगतान के समस्या के निदान की मांग के लिए जनता दरबार मे आये थे। लेकिन यहाँ कोई नहीं मिला। सभी अधिकारी व कर्मचारी कार्यालय बंद कर चले गए है।शिक्षकों ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह के शनिवार को शिक्षा और शिक्षकों के समस्या के निदान के लिए जनता दरबार प्रखण्ड संसाधन केंद्र में लगाना है। इसके लिये शिक्षा विभाग का पत्र भी जारी है। लेकिन ग्रहणी प्रखंड संसाधन केंद्र में जब भी यहाँ हमलोग आते है; कोई नहीं मिलता। जबकि जनता दरबार मे प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी को भी रहना है। लेकिन हमलोग लगातार दो बार आये। लेकिन यहाँ कोई नही मिला।इस दौरान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से फ़ोन कर संपर्क करने की कोशिश किया गया, संपर्क नहीं हो सका। शगड़हनी प्रखंड में पीरो के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार प्रभार में हैं। इस मौके पर शिक्षक महेश बैठा, राम अवधेश सिंह, जितेन्द्र तिवारी, इंद्रजीत सिंह, संदीप राय, सतीश कुमार, उपेंद्र कुमार, अनिल कुमार सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।



### जिला व प्रखंडस्तरीय जनता दरबार का हुआ आयोजन

**बक्सर**। डीएम के निर्देश पर जिला और प्रखंड स्तर पर शिक्षा विभाग के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में प्रखंड बक्सर में 7, केसठ में 4, डुमरांव में 6 राजपुर में 2, चौसा में 6 , चक्की में 5 ,ब्रह्मपुर में 2 , सिमरी में 1 और नावानगर में 3 कुल 34 शिकायतें प्राप्त हुई। प्राप्त परिवाद में प्रमुख विषय वेतन भुगतान, मातृत्व अवकाश का भुगतान, भवन निर्माण, चहारदीवारी निर्माण ,शिक्षकों की कमी, ई शिक्षाकोश पर शिक्षकों की उपस्थिति से संबंधित है। सभी परिवादों के निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी व कर्मी को निर्देश दिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी, बक्सर को अनुश्रवण करने हेतु निर्देश दिया गया। बता दें कि शिक्षा विभाग द्वारा सभी प्रखंड शिक्षा कार्यालय में प्रत्येक शनिवार को 4 बजे से 5 बजे तक एवं जिला शिक्षा कार्यालय में दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

# 2 महीने में 4 बार गंगा के पानी में उतार-चढ़ाव, हर घंटे एक सेंटीमीटर बढ़ रही

**खतरे के निशान से 2 सेंटीमीटर नीचे**

निज संवाददाता | बक्सर



बक्सर में गंगा नदी खतरे के निशान के पास पहुंच चुकी है। केंद्रीय जल आयोग से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह नदी का जलस्तर 59.30 मीटर पर पहुंचा चुका है। नदी का जल स्तर हर घंटे एक सेंटीमीटर बढ़ रहा है। मालूम हो कि एक हफ्ते पहले नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंचने के साथ घटने लगा था। इससे लोगों ने राहत की सांस ली थी। गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से सबसे ज्यादा परेशानी दियारा क्षेत्र के लोगों को होती है। हालांकि जिला प्रशासन की ओर से लगातार नदी के जलस्तर पर नजर रखी जा रही है।

**2 महीने में 4 बार उतार चढ़ाव देखने को मिला:** गंगा नदी का जलस्तर 8 अगस्त को तेजी से बढ़ते हुए चेतावनी बिंदू को पार कर गया था। इसके बाद 9 अगस्त को जलस्तर बढ़ते हुए खतरे के निशान 59.49 मीटर तक पहुंच गया था। इसके कारण दर्जनों घाट का एक दूसरे से संपर्क टूट गया था। प्रसिद्ध राम रेखा घाट की सभी सीढ़ियां पानी में डूब गई थी। नदी का पानी विवाह मंडप में प्रवेश कर गया था। हालांकि 10 अगस्त को नदी का जलस्तर 59.49 पर स्थिर होने के बाद 11 अगस्त से घटना शुरू हो गया। जो कि 16 अगस्त तक घटते हुए 57.94 के पास जा पहुंचा। इसके बाद से नदी का जलस्तर एक बार फिर तेजी से बढ़ने लगा है। इसको लेकर तट के पास मौजूद लोगों की परेशानी बढ़ने लगी थी। महादेवा घाट पर सीढ़ियों के साथ चेंजिंग रूम भी डूब गया। राम रेखा घाट का एक मंडप पानी में घुस गया जबकि दूसरा मंडप पानी के करीब था। केंद्रीय जल आयोग के कर्मी प्रशांत चौरासिया ने बताया कि शनिवार से गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इसके और बढ़ने की आशंका है। हालांकि फिलहाल नदी का जलस्तर चेतावनी बिंदू से नीचे है।

# चार साल पुराने विवाद में दो पक्षों में मारपीट

निज संवाददाता | आरा



भोजपुर जिले के चौरी थाना क्षेत्र के जनकपुरिया गांव में शनिवार को जमीन विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। इस दौरान एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए सहार पीएचसी से आरा सदर अस्पताल ले गए। जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक चौरी थाना क्षेत्र के जनकपुरिया गांव निवासी विजय राम का 22 वर्षीय पुत्र आदर्श कुमार है।

**निर्माण से रोकने पर विवाद:** आदर्श कुमार ने बताया कि पट्टीदार के रमेश पासवान से करीब 4 वर्ष से चार डिसमिल जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। जब भी वह उस जमीन पर घर बनाने जात हैं तो विरोध किया जाता है और बनाने नहीं दिया जाता है। उसी विवाद ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया। जिसको लेकर कहासुनी हुई। इसके बाद रमेश पासवान ने सिर पर बंदूक रख दिया। जब अपने दाहिने हाथ से हटाने की कोशिश की। तभी गोली चल गई और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

**पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही:** जबकि दूसरी ओर जख्मी आदर्श कुमार ने अपने पट्टीदार के ही रमेश पासवान पर गोली मारकर जख्मी करने का आरोप लगाया है। चौरी थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि दोनों के बीच चार साल से जमीन का विवाद है। उसी विवाद को लेकर उसे चाकू मार दी गई है। जिससे वह जख्मी हो गया है।

# पार्षद के बेटे की रंगदारी के लिए हुई थी पिटाई

निज संवाददाता | आरा



नवादा थाना क्षेत्र के जगदेवनगर बगीचा में वार्ड पार्षद पुत्र रोहित राज की बेरहमी पूर्वक पिटाई मामले में प्राथमिकी दर्ज हो गई है। जगदेवनगर निवासी जितेन्द्र यादव समेत 15 अज्ञातों को आरोपित किया गया है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। घायल ने पांच लाख रुपए रंगदारी टैक्स की मांग को लेकर मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है।

**आरोपियों ने चेहरे पर गमछा डाल दिया था:** दरअसल 29 अगस्त को नामजद और अज्ञात बदमाशों ने अनाईठ बुद्ध चौक निवासी वार्ड सदस्य श्रीकांत सिंह के पुत्र रोहित राज की पिटाई की थी। घायल ने प्राथमिकी में कहा है कि वह घटना की शाम जगदेवनगर मूर्ति के पास स्थित दुकान पर गोलगप्पा खा रहा था कि इसी दौरान सभी आरोपी आए और मुझे बुलाया। जैसे ही मैं पास गया तो आरोपियों ने चेहरे पर गमछा डाल दिया और मारते पीटते हुए जगदेवनगर बगीचा की ओर ले गए। पेड़ में बांध कर पिटाई की। मुंह में पिस्टल डालकर पांच लाख रुपए की डिमांड की। बाद में मैं किसी तरह जान बचाकर वहां से भाग निकला। इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। मालूम हो कि पूर्व में लड़कों के दो गुटों के बीच मारपीट भी हुई थी।भोजपुर पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि पीड़ित परिवार ने जो नाम आवेदन में दिया है इस आधार छापेमारी की जा रही है।

# सरकारी कर्मचारी की मौत से नाराज परिजन, बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या, परिवारवालों ने पड़ोसियों पर लगाया तंत्र-मंत्र का आरोप

निज संवाददाता | आरा




भोजपुर में एक की गांव के 2 लोगों की मौत हो गई है। पहले एक व्यक्ति की बीमारी से मौत हो गई। इससे नाराज परिजनों ने पड़ोसियों पर तंत्र-मंत्र का आरोप लगाया। फिर पड़ोसी के एक बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना पवना थाना क्षेत्र के खनेट गांव में घटी है।

**6 महीने से बीमारी से लड़ रहा था कृष्णा:** दरअसल, गांव का कृष्णा मुसहर(32) 2 साल से सरकारी कर्मचारी था। वो पिछले 6 महीने से एक बीमारी से ग्रसित था। पहले परिजन उसे कई जगहों पर इलाज के लिए लेकर गए। लेकिन कहीं उसकी बीमारी ठीक नहीं हुई। इसके बाद परिजन उसकी बीमार ठीक करवाने के लिए अक्सर तांत्रिक के पास ले जाते थे। इस बीच एक दिन तांत्रिक ने कहा कि आपके पड़ोस के पति मुसहर(70) ने ही आपके बेटे पर तंत्र-मंत्र की है। इस दौरान परिजनों ने भी तांत्रिक के हां में हां मिला दिया।

**बेटे की मौत के बाद परिजन फरार:** वहीं, शनिवार की रात कृष्णा मुसहर की मौत हो गई। इसके बाद परिजन आक्रोशित हो गए। उन लोगों द्वारा तंत्र-मंत्र करने का आरोप लगाते हुए पड़ोसी पति मुसहर की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हत्या करने के बाद कृष्णा मुसहर के परिवार के सभी सदस्य घर छोड़ फरार हो गए।

**शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा :** ग्रामीणों ने घटना की सूचना पवना थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पूना थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

**भतीजे पर मारपीट का लगाया आरोप:** बता दें कि मृतक कृष्णा मुसहर के पिता राम अवतार मुसहर उर्फ ढोरा ने अपने भतीजे ललन मुसहर पर लाठी-डंडों से पीट-पीटकर पति मुसहर को मारने की बात कही है। जबकि पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक पति मुसहर की मौत मारपीट करने के कारण होना प्रतीत होता है। वहीं, कृष्णा मुसहर के मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। उसका पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बहरहाल, पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतक कृष्णा मुसहर अपने दो भाई और दो बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में पत्नी राधिका देवी और एक डेढ़ साल का बेटा आदित्य कुमार है। घटना के बाद मृतकों के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतकों के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# युवक ने कुंडी से लटक कर लगाई फांसी, मौत

**कमरा बंद कर नारियल की रस्सी से लगाया फंदा, कई घंटे बाद परिजनों को पता चला**

निज संवाददाता | आरा



भोजपुर के सिन्हा थाना क्षेत्र के कवल छपरा गांव में शनिवार को पंखे के कुंडी से लटकते हुए छात्र का शव बरामद हुआ है। शव मिलने से गांव में आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। वहीं, परिजन द्वारा आत्महत्या करने की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार मृत छात्र सिन्हा थाना क्षेत्र के कवल छपरा गांव निवासी विश्वनाथ प्रसाद का बेटा अनंत कुमार(20) है। वह बी.ए पार्ट वन का छात्र था।

**दूध लाकर कमरा बंद कर किया सुसाइड:** इधर, मृत छात्र के चचेरे भाई उदय शंकर ने बताया कि शनिवार की सुबह वह दूध लाने गया। इसके बाद घर वापस आया। छत पर अपने कमरे में जाकर दरवाजा बंद किया। गले में रस्सी बांध पंखे के कुंडी से लटक कर आत्महत्या कर ली। लेकिन परिजनों ने सोचा की हमेशा की तरह वह कमरे का दरवाजा बंद कर पढ़ाई कर रहा होगा। पहले भी वो घंटों दरवाजा बंद कर पढ़ता था।

**पंखे के कुंडी से लटका मिला युवक:** जब परिजन उसे खाना खाने के लिए बुलाने उसके कमरे में गए और उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया तो उसने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद परिजन ने उसके कमरे के दीवार में रहे होल से झांक कर देखा तो वह पंखे के कुंडी से लटका नजर आया। इसके बाद परिजन द्वारा दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतर गया।

**भाई ने आत्महत्या की बात कही:** परिजन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम करवाया। वहीं, दूसरी ओर मृत छात्र के चचेरे भाई उदय शंकर ने उसके द्वारा गले में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात कही है। हालांकि, मृत छात्रा ने खुदकुशी क्यों की, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। बताया जाता है कि मृत छात्र अपने एक भाई और एक बहन में छोटा था। अपने मां-बाप का इकलौता चिराग था।मृत छात्र के पिता दुबई में स्थित ज्वेलरी शॉप में मैकेनिक का काम करते हैं। घटना के बाद मृत छात्र के घर में हाहाकार मच गया है। इस घटना के बाद मृत छात्र की मां रिंकू देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# दो सड़क हादसों में 6 लोग हुए घायल

निज संवाददाता | आरा



भोजपुर जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में कुल 6 लोग जख्मी हो गए। पहला मामला आरा-सलेमपुर मार्ग की है। जहां जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़की सनदिया गांव के समीप अनियंत्रित ऑटो पलट गया। हादसे में ऑटो पर सवार मां-बेटी समेत तीन लोग जख्मी हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। वहीं, सूचना पाकर परिजन भी आरा सदर अस्पताल पहुंचे।

**अज्ञात वाहन की वजह से ऑटो अनियंत्रित हुआ:** जख्मियों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुली गांव निवासी सर्वानंद पंडित की 55 वर्षीय पत्नी शारदा देवी, बड़हरा थाना क्षेत्र के नथमलपुर गांव निवासी ईश्वर पंडित की 37 वर्षीय पत्नी शांति देवी और 5 वर्षीय पुत्र प्रीतम कुमार शामिल है।

इसमें शारदा देवी रिश्ते में मां और शांति देवी बेटी हैं। शांति देवी ने बताया कि एक दिन पहले अपने ससुराल नथमलपुर गांव से अपने मायके महुली गांव आई थी। जब अपनी मां शारदा देवी और बेटे प्रीतम कुमार के साथ ऑटो पर सवार होकर आरा आ रही थी। इसी दौरान बड़की सनदिया गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के कारण ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। वहीं, दूसरी तरफ टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा पुल के समीप स्कूटी और बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में स्कूटी पर सवार तीन दोस्त जख्मी हो गए।

# बक्सर के अविनाश पहलवान ने कुश्ती में बनाया करियर

निज संवाददाता | बक्सर



**♦ रिश्तेदारों के ताने से मिला आगे बढ़ने हौसला, गांव में संसाधन की कमी**

बक्सर जिले के चौसा गांव के रहने वाले अविनाश कुमार को बचपन से ही कुश्ती का शौक था। उन्होंने अपने सपने को पूरा करने के लिए काफी परेशानियों का सामना किया है। जिसके बाद उन्हें अपनी मंजिल हासिल हुई है। आज के समय में वो सैकड़ों मैडल हासिल करके तीन सेनाओं के कंडीशनर कोच के रूप में काम कर रहे हैं। पहलवान अविनाश कुमार ने अबतक के संघर्षों के बारे में खुद बताया है कि जिंदगी के इस मुकाम को हासिल करने में उन्हें कितने मशक्कत करती पड़ी हैं। एक छोटे से गांव में रहने वाला लड़का नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर परचम लहरा रहा है।

**घर में बिना किसी को बताए जाते थे आखाड़ा:** कुश्ती का शौक रखने वाले अविनाश कुमार ने बताया कि वो तीन भाई और बहनों में वो मंझले हैं। उनकी शुरूआती पढाई गांव में हुई है उसके बाद आगे की पढाई मुगलसराय से हुई। बचपन से कुश्ती के शौकीन अविनाश को जब भी समय मिलता था वो दाव-पेच खेलने के लिए वो घर में बिना किसी को बताए अखाडा पहुंच जाते थे। इस बात की भनक जब घरवालों को हुई तो उन्हें काफी डांट सुननी पड़ी क्योंकि उनके घर में कुश्ती जैसे खले को लेकर किसी ने सोचा नहीं था।

**रिश्तेदारों के ताने ने आगे बढ़ने का हौसला दिया:** अविनाश बताते हैं कि हमारे सभी रिश्तेदारों में कोई इंजीनियर है तो कोई फेमस डॉक्टर। मेर पापा बैंक अधिकारी थे। बहन आईएस अफसर है तो वहीं बड़ा भाई डिस्ट्रिक सेक्रेटरी। घर में सभी लोग चाहते थे कि मैं भी पढाई करुं और इंजीनियर या डिस्ट्रिक लेवल पर कोई अफसर बनूं। रिश्तेदार ताना देते थे कि पहलवानी हमलोगों के लिए नहीं बना है। लोगों के इसी ताने ने मुझे आगे बढ़ने का हौसला दिया और मैं गांव में ही 14 साल के उम्र में कुश्ती शुरू किया। गांव में ही छोटी-छोटी कुश्ती लड़ता था। साल 2006 में स्टेट लेवल पर पटना में कुश्ती लड़ने का मौका मिला। जिसमें मुझे गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया था। यहीं से मेरी कुश्ती प्रतियोगिता सफर की शुरआत हुई थी। गांव में चर्चा होने लगी, परिवार वाले मान गए और आगे बढ़ने में सपोर्ट करने ;लगे। इसके बाद मैंने स्टेट लेवल से लेकर, नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर कुश्ती लड़कर सैकड़ों मेडल अपने नाम किया। साल 2019 में इंटरनेशनल लेवल पर देश को प्रेजेंट करने के बाद फिलहाल सर्विसेज टीम ( आर्मी, नेवी, एयरफोर्स) तीनों सेनाओं के कंडीशनर कोच के रूप में काम कर रहा हूं।

**गांव में फेसेलिटी की कमी हमेशा खली:** पहलवान अविनाश ने बताया कि पहलवानी के लिए गांव में संसाधनों की कमी हमेशा से खली है। प्रतिभावान पहलवानों की कमी नहीं है लेकिन फेसेलिटी नहीं होने के कारन उनके हौसले कमजोर पड़ जाते हैं। शुरूआती दौर को लेकर बताया कि स्टेशन रोड स्थित एक बगीचे को जमीन को कोड़ कर कुश्ती के लिए बना कर वही से कुश्ती को शुरुवात की लेकिन स्थानीय पहलवानों से दांव पेच सीखने के लिए गांव से 15 किलोमीटर साइकिल चलाकर सोनपा जाता था।

**बिहार में पहलवानों के लिए नहीं है अखाड़ा:** अविनाश ने कहा कि जिले में या बिहार में कहिए पहलवानों के लिए सरकार द्वारा किसी गांव में सुविधा से लैस अखाड़ा का निर्माण नही किया गया है।जिसके बाद परिजनो के स्पोर्ट से कुश्ती सीखने लिए यूपी चला गया। मुंगलसराय रेलवे अखाड़ा में भर्ती हो गया जहां से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला।हालंकि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की के दौरान कई बार राजनीत का शिकार भी हुआ लेकिन में3 हौसले बुलंद थे।2016 में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए हुआ सलेक्शनअविनाश पहलवान ने बताया की 2008में दिल्ली के हनुमान अखाड़े से उन्हें बुलावा आया। वहा, ओलंपिक मेडलिस्ट सुशील पहलवान से उसका संपर्क हुआ। वर्ष 08 से लेकर 11 तक उनके संनिध्य में रहकर पंजाब, रोहतक चैम्पियन प्रतियोगिता की कुश्ती लड़ी और कई मेडल हासिल किये।इसके बाद सेना में चला गया।

**रिटायर के बाद बच्चों की प्रतिभा निखारने का करेंगे काम:** अपनी अबतक के सफर से अवगत कराने के बाद अविनाश ने आगे की प्लानिंग के बारे में बताया कि रिटायर्ड के बाद हमारी प्लानिग है की गांव में एक सुविधाओ से लैस अखाड़ा खोल गांव में पहलवानी में रुचि रखने वाले बच्चो के प्रतिभा को निखारने का काम करेंगे। अंत में उन्हाइने खा की अगर हौसले बुलंद हो तो राह की रुकावट अपने आप किनारे हो जाती है।युवाओं के लिए कहना चाहूंगा कि आपकी रुचि जिस फील्ड में हो उसी में आगे बढ़ने का प्रयास कीजिए तो सफलता आपकी कदमों में होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### 7 से 11 तक गणेश पूजा महोत्सव आयोजकों को लेना होगा लाइसेंस

**चंपानगर।** चंपानगर नगर पंचायत स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में युवा संघ द्वारा आयोजित चार दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव को लेकर चंपानगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष प्रियंका कुमार ने की। बैठक में पूजा समिति के सदस्यों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी शामिल हुए। बैठक के दौरान थानाध्यक्ष ने 7 से 11 सितम्बर तक हर साल की भांति इस साल भी आयोजित होने वाले चार दिवसीय गणपति पूजा को लेकर पूजा समिति के लोगों से जानकारी ली। पूजा समिति के लोगों ने बताया कि चतुर्थी को गणपति जी की प्राण प्रतिष्ठा देकर स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 8 से 10 सितंबर तक रात्रि में अंतर प्रांतीय कलाकारों द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 11 सितंबर की को सुबह विसर्जन बाद मंदिर परिसर में भव्य मटका फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं पूजा पंडाल में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा को नगर भ्रमण के बाद कारी कोशी नदी में विसर्जित किया जाएगा। बैठक के दौरान पूजा समिति के सदस्यों ने थानाध्यक्ष से सुरक्षा के दृष्टिकोण से पेट्रोल पंप और काली मंदिर के समीप बेरिकेडिंग लगवाने के साथ ही दुर्गा मंदिर के पास लगने वाले ऑटो स्टैण्ड को हटाने की मांग की। साथ ही पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने की भी मांगकी गई।

### प्रथम मेधा सूची पर दाखिला समाप्त

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में पीजी सेमेस्टर-वन, सत्र 2024-26 में नामांकन के लिए प्रथम मेधा सूची 24 अगस्त को जारी की गई थी। जिसके आधार पर प्रथम मेधा सूची में चयनित छात्र-छात्राएं शनिवार यानी 31 अगस्त तक नामांकन ले सकते थे। प्रथम मेधा सूची के आधार पर 3242 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है। जिसमें शनिवार यानी अंतिम दिन तक सभी संकायों में कुल 1821 छात्र-छात्राओं ने नामांकन कराया। दूसरी सूची सितंबर के प्रथम सप्ताह में जारी किया जा सकता है। पीआरओ डॉ. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि एससी-एसटी एवं सभी कोटि की छात्राएं शून्य भुगतान का नामांकन रसीद अवश्य प्राप्त करें। अन्यथा नामांकन रद्द समझा जाएगा।

### बोला- बुर्का हटाइए, मना किया तो सीने पर हाथ रखा, मुंगेर सदर अस्पताल में नाबालिग से छेड़खानी



**मुंगेर।** मुंगेर सदर अस्पताल में शनिवार को नाबालिग लड़की (17) के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। नेत्र सहायक (50) पर आरोप लगाते हुए नाबालिग ने कहा कि 'आंख चेक करने के बहाने उसने बुर्का हटाने को कहा। हमने मना किया तो वह सीने पर हाथ रखा और शरीर को अजीब तरीके से छूने लगा। नेत्र सहायक की हरकत देख नाबालिग चिल्लाने लगी। इसके बाद मरीज के परिजन अस्पताल में हंगामा करने लगे। इसी दौरान नाबालिग बेहोश होकर गिर गई। फिलहाल, अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। वहीं, मौका पाकर आरोपी विकास मंडल फरार हो गया। नाबालिग ने बताया कि 'अपनी नानी का कान दिखाने सदर अस्पताल आई थी। नानी के कहा कि आंख भी जांच करवा लेते हैं, जिसके बाद हम उनको लेकर नेत्र सहायक के कमरे में गए। वहां बैठे एक व्यक्ति ने नानी की आंख की जांच की। फिर मुझे कहा- आओ तुम्हारी भी आंख चेक कर देते है। मेरे मना करने के बाद भी वो जिद करने लगा।' नाबालिग ने कहा कि नानी के कहने पर आंख दिखवाने के लिए चली गई। नेत्र सहायक ने कहा, बुर्का हटाओ तो मैंने मना किया। इसके बाद मेरे मुंह से नकाब हटाकर अश्लील हरकत करने लगा। अस्पताल में अपने मरीज का इलाज कराने आई सरिता देवी ने बताया कि पीड़ित नाबालिग रोती हुई अचानक एनएनसीयू वार्ड से बाहर निकली। इस दौरान नेत्र सहायक डरा सहमा था। अस्पताल परिसर में एक युवक पहुंचा और पीड़िता को हिम्मत देने लगा। इस दौरान लोगों की भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शी जैबुन निशा ने बताया कि लड़की अपनी नानी का कान दिखाने आई थी। नेत्र सहायक सीने को टच करने लगा। लड़की चिल्लाते हुए कमरे से बाहर निकली। अगर नेत्र सहायक पकड़ा जाता तो जमकर पिटाई की जाती। सीएस बिनोद कुमार सिन्हा ने बताया कि बच्ची ने डॉ. किस्टु से नानी के आंख दिखाए। फिर जब वो खुद ऑप्थेल्मिक असिस्टेंट के पास गई तो वहां उसके साथ छेड़खानी हुई है। उसकी शिकायत पर हंगामा हुआ है। हमने पुलिस को सूचना दी है। पुलिस एफआईआर दर्ज कर लेती है तो उस पर तुरंत कार्रवाई होगी। हम विभागीय कार्रवाई भी करेंगे। इससे पहले भी उस पर इस तरह की हरकत करने का आरोप लगा है। वहीं, एसपी सैयद इमरान मसूद ने फोन पर बताया कि मामला अभी जानकारी में नहीं है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### शोध से संबंधित विषय का गहन अध्ययन करें पुस्तकालय में जाकर नोट्स बनाएं : डॉ. शिव

**मुंगेर।** जेआरएस कालेज परिसर में संचालित विश्वविद्यालय पीजी हिन्दी विभाग में विभागाध्यक्ष डॉ शिव कुमार मंडल की अध्यक्षता में शोधार्थियों की मौखिक परीक्षा आयोजित की गई। दरअसल पीएचडी कोर्स वर्क शोध प्रविधि के छह माह पूर्ण होने के पश्चात शोधार्थियों की यह मौखिक परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें सभी शोधार्थियों की सहभागिता रही। विभाग में क्रमशः शोधार्थियों को बुलाया गया और उनके द्वारा जमा किए गए शोध सामग्री से प्राध्यापकों द्वारा प्रश्न पूछे गए। परीक्षा सम्पन्न होने के पश्चात शोधार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ शिव कुमार मंडल ने कहा कि मौखिक परीक्षा से शोधार्थियों के अर्जित ज्ञान का पता चलता है। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि शोधार्थियों को शोध से संबंधित विषय का गहन अध्ययन करना चाहिए। इसके लिए पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों से सामग्री संकलन कर नोट्स लेने की आदत डालनी चाहिए। शोध सामग्री संकलन से शोध प्रबंध लेखन को अंतिम रुप देने में सुविधा होती है। इस मौके पर प्रो हरिश्चन्द्र शाही, डॉ राजीव कुमार, डॉ रोशन रवि, डॉ अजय प्रकाश तथा डॉ अवनीश चन्द्र पांडेय उपस्थित थे।

### अनुसंधान व आलोचना के बीच संबंध अविभाज्य है : प्रो. शाहिद

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय उर्दू स्नातकोत्तर विभाग में शोधार्थियों के कोर्स वर्क संपन्न होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों, शोधार्थी और छात्रों ने भाग लिया। यह मुंगेर विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के पहले बैच का उत्सव था। उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो डॉ. शाहिद रजा जमाल ने कहा कि शोध के लिए आलोचनात्मक एवं संशय मिजाज का होना आवश्यक है। शोध और आलोचना के बीच का संबंध अविभाज्य है। शोध पर व्यक्तित्व का हस्तक्षेप नकारात्मक माना जाता है, जबकि आलोचना में आलोचक की पसंद-नापसंद भी शामिल होती है। डॉ. शाहिद रज़ा जमाल ने शोधार्थियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और विश्वविद्यालय में बहुमूल्य योगदान के लिए उनकी प्रशंसा की। इस मौके पर विभाग के शिक्षक डॉ जकिया तस्नीम, डॉ जैन शमसी और डॉ शाहिद अख्तर अंसारी मौजूद थे। शोधार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ज्ञान की खोज एक सतत प्रक्रिया है और ये शोधार्थी भविष्य में और अधिक सफलता प्राप्त करेंगे। शोधार्थी में रिजवान आलम खान, अब्दुल सलाम, तसनीम कौसर, शहाबुद्दीन, अबू बकर, जिम्मी, शगुफ्ता जबीन, मरियम, वाजिद अली, फरहा नाज मौजूद रहे।

# कॉलेजों की पठन-पाठन व्यवस्था की रोज विवि लेगा रिपोर्ट

**प्राचार्य, विभागाध्यक्ष और डीन के साथ कुलपति करेंगे बैठक, नैक मूल्यांकन पर होगी चर्चा**

निज संवाददाता। भागलपुर



कॉलेजों की पठन-पाठन व्यवस्था की निगरानी करने के लिए कॉलेज इंस्पेक्टर प्रतिदिन रिपोर्ट लेंगे। फिलहाल अंगीभूत महाविद्यालयों से ही प्रतिदिन पठन-पाठन की दैनिक रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेजी जाती है। अब सम्बद्ध महाविद्यालयों के पठन-पाठन व्यवस्था की भी दैनिक रिपोर्ट ली जाएगी। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि एफिलिटेड कॉलेजों में शिक्षकों की नियुक्ति और उनका भुगतान खाता से किया जा रहा है या नहीं। वहीं सम्बद्ध महाविद्यालयों में एडमिशन प्रक्रिया, राजभवन की ओर से निर्धारित नामांकन शुल्क और सम्बद्धता प्राप्त विषयों में नामांकन छात्रों का लिया जा रहा है या नहीं, इसकी भी जांच कॉलेज इंस्पेक्टर करेंगे। पीआरओ ने बताया कि कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने इस संबध में संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए हैं।

**जल्द ही बैठक की जाएगीः** तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत व सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों और पीजी विभागों के हेड और डीन के साथ कुलपति प्रो. जवाहर लाल जल्द ही बैठक करने वाले हैं। पीआरओ डॉ. दीपक कुमार दिनकर ने बताया कि कुलपति की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली बैठकों में महाविद्यालय और पीजी विभागों की पठन-पाठन व्यवस्था, आधारभूत संरचनाओं व विद्यार्थियों से जुड़े आवश्यक सुविधाओं पर चर्चा होगी। साथ ही सभी महाविद्यालयों को नैक से मूल्यांकन कराने को लेकर भी दिशा निर्देश दिया जाएगा। पीजी विभागों के विभागाध्यक्षों और संकायाध्यक्षों के साथ बैठक में पठन-पाठन के अतिरिक्त परीक्षा संचालन, शोध, नवाचार और सिलेबस अपडेट करने को लेकर समीक्षा की जाएगी।

## एनएसआई भागलपुर चैप्टर का राष्ट्रीय सेमिनार

निज संवाददाता। भागलपुर




♦ 'पौष्टिक आहार सबके लिए' थीम पर होगा कार्यक्रम, कई राज्यों के वक्ता ऑनलाइन करेंगे संबोधित

भागलपुर में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के उपलक्ष्य में रविवार (1 सितंबर) को सराय स्थित सफाली संस्थान के प्रशाल में भागलपुर चैप्टर एनएसआई के तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन हाइब्रिड मोड में किया जाएगा। एनएसआई भागलपुर चैप्टर के ज्वाइंट सेक्रेटरी डॉ. दीपक कुमार दिनकर ने बताया कि सेमिनार का विषय इस वर्ष के थीम "पौष्टिक आहार सबके लिए" रखा गया है। राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन बीएनएमयू मधेपुरा के पूर्व कुलपति प्रो. अवध किशोर राय करेंगे। जबकि मुख्य वक्ता स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. वर्षा सिन्हा होंगी।

**देर शाम तक राष्ट्रीय सेमिनार की तैयारी पूरी कर ली गईः** कार्यक्रम की अध्यक्षता भागलपुर चैप्टर एनएसआई के कन्वेनर व जेपी विश्वविद्यालय छपरा के पूर्व कुलपति प्रो. फारूक अली करेंगे। कई राज्यों के वक्ता ऑनलाइन मोड से संबोधित करेंगे। पीपीटी के माध्यम से भी पेपर प्रेजेंटेशन किया जाएगा। सेमिनार को विभिन्न तकनीकी सत्रों में बांटा गया है। देर शाम तक राष्ट्रीय सेमिनार की तैयारी पूरी कर ली गई। आयोजन के पूर्व तैयारी की समीक्षा भी की गई। तैयारी की समीक्षा चैप्टर कन्वेनर प्रो. फारुक अली ने की। मौके पर ज्वाइंट सेक्रेटरी डॉ. दीपक कुमार दिनकर, आयोजन सचिव डॉ. आलोका, सह आयोजन सचिव गुलफ्शा परवीन, छोटू कुमार आदि उपस्थित थे।

## दहशत फैलाने के लिए गोली चलाने वाला बदमाश अरेस्ट

**मुंगेर में हथियार जब्त, CCTV फुटेज की मदद से हुई कार्रवाई**

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर के वासुदेवपुर थाना क्षेत्र में 28 अगस्त को दहशत फैलाने के लिए फायरिंग हुई थी। इस मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक पर बैठकर फायरिंग करने वाले आरोपी शेरपुर गांव निवासी अपराधी ऋतिक उर्फ पांडव को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि, घटना को अंजाम देने वाले हथियार की बरामदगी कर ली गई है। मामले की जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान मुंगेर एसपी सैयद इमरान मसूद ने दी है। एसपी ने बताया कि 28 अगस्त को वासुदेवपुर चौक पर हवाई फायरिंग की घटना हुई थी। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। पुलिस ने आरोपी को चिह्नित करते हुए फायरिंग करने वाले ऋतिक उर्फ पांडव को गिरफ्तार किया है। हथियार भी बरामद कर लिया गया है।

**3 बार पहले जेल जा चुका है बदमाशः** पूछताछ में आरोपी के बताया कि गांव की एक लड़की भाग गई थी, जिसको लेकर लड़के के परिवार वालों पर दबाव बनाने को लेकर घटना को अंजाम दिया गया था।बाइक चला रहे युवक की भी पहचान कर ली गई है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। आरोपी पांडव तीन बार पहले में भी जेल जा चुका है। जिसमें हत्या और हत्या का प्रयास सहित अन्य मामले दर्ज हैं। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

## टोल कर्मियों से प्रताड़ित होकर ट्रक ड्राइवर ने किया सुसाइड, 4 अरेस्ट, बूथ डैमेज होने पर वाहन को कब्जे में लिया

निज संवाददाता। भागलपुर




भागलपुर के औद्योगिक थाना क्षेत्र के गोपालपुर रेलवे पुल से 30 अगस्त को ट्रक चालक का शव लटकता मिला था। पुलिस मामले को संदिग्ध मान कर जांच में जुटी थी। अब पुलिस ने खुलासा किया है कि ट्रक चालक ने टोल कर्मी के दबाव में खुदकुशी की थी। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी बलराम यादव के रूप में हुई है। पुलिस को मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में लिखा था कि 'टोल कर्मियों से परेशान होकर गलत काम करने जा रहे हैं।' मृतक के बेटे सतीश ने जीरोमाइल थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। इसमें पुलिस ने टोल मैनेजर समेत चार कर्मियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, एक आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। मृतक ट्रक चालक ट्रक लेकर दुर्गापुर से नेपाल ले जा रहे थे। 27 अगस्त को लोदीपुर स्थित टोल क्रॉस कर रहे थे। इस दौरान बूथ नंबर-6 क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद टोल कर्मियों ने ट्रक और जरूरी कागज जब्त कर लिया। साथ ही ट्रक चालक से नुकसान की भरपाई के लिए 75 हजार रुपए की डिमांड करने लगे। इसको लेकर ट्रक चालक काफी परेशान थे। उन्होंने फोन पर परिजनों को मामले की जानकारी दी थी।

**जीरोमाइल थाने में केस दर्जः** मृतक के बेटे सतीश ने पुलिस थाने में दिए आवेदन में कहा है कि मेरे पिताजी ने फोन पर कहा था कि टोल कर्मियों ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। पैसे देने के लिए दबाव बना रहा है। मैं परेशान और तनाव में हूं। बाद में मुझे पुलिस का फोन आया।

**मांगे रहे थे 75 हजार**

बताया गया कि आपके पिताजी का शव रेलवे पुल से लटका मिला है। सूचना मिलने के बाद पर अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचे और शव की पहचान की।

**FSL की टीम ने जांचः** सिटी एसपी राज ने बताया कि 'FSL की टीम को जांच के लिए बुलाया गया था। गिरफ्तार लोगों में खगड़िया जिला के प्रमोद यादव का बेटा नीतीश कुमार, गया निवासी कपिल देव यादव का बेटा पुरुषोत्तम कुमार, समस्तीपुर जिला के तेज नारायण ठाकुर का बेटा संजीव कुमार और बक्सर निवासी रमा शंकर सिंह का बेटा संतोष कुमार शामिल है। संतोष टोल मैनेजर है। पुलिस ने घटनास्थल से एक किलोमीटर दूर टोल टैक्स के समीप से सरिया लदा ट्रक को बरामद किया था। ट्रक की खरीद 9 दिसंबर 2015 और उसका फिटनेस 25 दिसंबर 2024 लिखा हुआ है।

## सब इंस्पेक्टर पर दुकानदार के साथ मारपीट का आरोप, ग्रामीणों ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

निज संवाददाता। मुंगेर




मुंगेर में रविवार को गश्ती के दौरान थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर विनय कुमार पर एक मिठाई दुकानदार के साथ मारपीट करने का आरोप है। दुकानदार का आरोप है कि उन्होंने गाली गलौज भी किया है। ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा होने पर पुलिस गाड़ी लेकर वह वहां से चले गए। ग्रामीणों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। वहीं, डीएसपी ने मामले में जांच की बात कही है। मामला सफियाबाद थाना क्षेत्र के सिंघिया गांव का है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए सिंधिया गांव स्थित स्वीट्स दुकान के मालिक अंबिका यादव ने बताया कि दुकान में काम कर रहे थे। गश्ती की गाड़ी आई। कुछ सामान मांगने लगे। हमने सामान दिया, तो हमसे कहा कि तुम लोग नकली सामान रखते हो, लस्सी में दही मिला देते हो। दुकानदार का कहना है कि सब इंस्पेक्टर विनय कुमार ने जाति सूचक शब्द का उपयोग किया। मारपीट की और पैसा नहीं देने की धमकी देकर चले गए। मारपीट के दौरान दुकानदार घायल हो गए। घायल दुकान मालिक को इलाज के लिए स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सदर अस्पताल ले जाया गया।

**सब इंस्पेक्टर दिलीप सिंह ने ग्रामीणों को किया शांतः** घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर दरोगा पर कार्रवाई की मांग करने लगे। मौके पर पहुंचे सब इंस्पेक्टर दिलीप सिंह ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामला को शांत कराया। बता दें कि इससे एक महीने पहले सफियाबाद थानाध्यक्ष अमरेश कुमार का लोगों के साथ मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें लोगों ने थानाध्यक्ष के खिलाफ सवाल उठाए थे। इधर, मामले को लेकर सदर डीएसपी राजेश कुमार ने बताया कि एक वीडियो ग्रामीणों ने भेजा गया है। मामले की जांच की जाएगी।

## आरसीपी सिंह ने सदस्यता अभियान पर जोर देने को कहा

निज संवाददाता। मुंगेर

केंद्रीय मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह ने शनिवार को मुंगेर में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र बनने की राह पर चल चुका है। प्रधानमंत्री ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। ऐसे में देश के हर नागरिक के आय को कैसे बढ़ाया जाए इस दिशा में काम शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में देश में प्रति व्यक्ति आय 1.82 लाख रुपये है। इसे जब तक बढ़ाया नहीं जाएगा तब तक देश विकसित नहीं हो सकता है। इसके लिए सभी लोगों को मिलकर एक दिशा में काम करने की जरूरत है। 2047 तक देश के प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाकर 15-16 लाख करना होगा। आरसीपी सिंह भगत सिंह चौक के निकट स्थित एक विवाह भवन में आयोजित संवाद कार्यक्रम में पहुंचे थे। साथ ही उन्होंने शहरवासियों के साथ स्थानीय समस्याओं जैसे यातायात, अतिक्रमण, खासमहाल, पर्यटन आदि पर विस्तार से चर्चा की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी पार्टी के केंद्र बिंदू होते हैं, ऐसे में दो सितंबर से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक नए सदस्यों को जोड़ें तथा पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करें। इधर कार्यक्रम से पूर्व कार्यक्रम संयोजक प्रीतम सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हेरूदियारा में पूर्व केंद्रीय मंत्री का भव्य स्वागत किया। इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने बाबा साहब अंबेडकर, सरदार वल्लभ भाई पटेल व भगत सिंह चौक पहुंच उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पहुंचे केंद्रीय मंत्री का भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार पोद् दार, विधान पार्षद लालमोहन गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश जैन, जिप अध्यक्ष साधना देवी, मुंगेर विस प्रभारी प्रो. अंजू भारद्वाज, डा. विपिन यादव, मुन्ना सिद् दिकी, चंद्रभानू चंद्रवंशी, कृष्ण मोहन कुमार आदि ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डा. रामानंद प्रसाद ने किया। मौके पर चैंबर सचिव संतोष अग्रवाल, समीर कुमार, रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डॉ. सुधीर कुमार, मणिशंकर भोलू आदि मौजूद थे।

# जन सुराज पार्टी के जिला कार्यवाहक समिति की घोषणा

निज संवाददाता। मुंगेर



जन सुराज पार्टी की मुंगेर के जिला कार्यवाहक समिति की घोषणा शनिवार को की। संगठन घोषणा कार्यक्रम से पहले सभी संस्थापक सदस्यों ने पदयात्रा निकाल महात्मा गांधी चौक पर स्थित बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के संचालित पिछले 22 महीने से पदयात्रा के उद्देश्य पर बनी एक लघु फिल्म को प्रदर्शित किया गया। राज्य घोषणा पदाधिकारी संजय चौहान और अनिल साह ने सभी जिला पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण करवाते हुए जन सुराज व बिहार के भविष्य पर चर्चा की। उन्होंने प्रदेशवासियों को आग्रह करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के सभी पदाधिकारी कलम का डर दिखाकर जनता का शोषण कर रहे हैं।

**शालिनी कुमारी ने बिहार की दुर्दशा पर की चर्चाः** उपस्थित नव नियुक्त जिला सचिव शालिनी कुमारी ने बिहार की दुर्दशा पर चर्चा की। इन्होंने कहा कि जब भी वोट करने जाएं, तो अपने बच्चों का भविष्य अवश्य ध्यान में रखें। मौके पर नव नियुक्त जिलाध्यक्ष योगेंद्र मंडल, जिला महासचिव हिमांशु कुंवर, जिला महिला अध्यक्ष रवीना देवी, सेवानिवृत आईएएस ललन, साहब मलिक, शशि कुमार सुमन, समीर मधुकर, प्रद्युम्न सिंह, सुनील मंडल, आशीष कुमार, अनितेश कुमार आदि मौजूद थे। बता दें कि कुछ दीप पहले जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर मुंगेर आए थे। इस दौरान उन्होंने कई जगहों पर कार्यक्रम आयोजित कर संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की थी। इसके बा मुंगेर में पहली बार पार्टी पदाधिकारियों का विस्तार हुआ।

**मुंगेर में संस्थापक सदस्यों ने निकाली पदयात्रा, बापू की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper


## संक्षिप्त समाचार

### बिहार सर्किल में एसबीआई के बाद आईपीपीबी के सर्वाधिक ग्राहक



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के सातवें स्थापना दिवस पर प्रधान डाकघर परिसर में शनिवार को कार्यक्रम हुआ। मौके पर आईपीपीबी के उत्तर क्षेत्रीय प्रमुख अभिषेक कुमार चौधरी ने बैंक की उपलब्धियों को बताया। कहा कि बेहतर सेवा के कारण बिहार सर्किल में स्टेट बैंक के बाद उनके पास सर्वाधिक ग्राहक हैं। डाक विभाग से मिले समर्थन के साथ इस बैंक के 1.4 करोड़ संतुष्ट ग्राहक हैं। वहीं, प्रवर डाकपाल गिरीश कुमार दास ने आईपीपीबी द्वारा डीबीटी और आधार के जरिए ग्रामीण तबके को दी जाने वाली मदद के बारे में जानकारी दी। जबकि मुजफ्फरपुर शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कुमार ने भी बैंक की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर पंकज कुमार (वरिष्ठ प्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय), विपुल कुमार (प्रबंधक, शाखा), चंदन कुमार (सहायक प्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय), अजीत कुमार, रौशन कुमार, विवेक कुमार और अन्य उपस्थित थे।

### अशोक चौधरी को मंत्री पद व पार्टी से हटाना चाहिए

**गया, एजेंसी।** जदयू के वरिष्ठ नेता सूबे के मंत्री अशोक चौधरी ने जहानाबाद में एक खास जाति के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया है। इसकी हर ओर निंदा हो रही है। मुख्यमंत्री को अशोक कुमार को मंत्री पद से हटाने के साथ ही पार्टी की सदस्यता भी खत्म कर देनी चाहिए। ये बातें शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में लोकप्रिय समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वसीम नैयर अंसारी ने कही। अशोक चौधरी जी पढ़े लिखे इंसान हैं, इस तरह का टिप्पणी करना उनपर शोभा नही देता है। इस बयान के लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। पार्टी के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी सह प्रदेश अध्यक्ष, विहार धीरू शर्मा ने कहा कि भूमिहार समाज से आते हैं, समाज के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने का किसी को अधिकार नहीं है। जदयू पार्टी में हजारों की संख्या में भूमिहार हैं। इस तरह के आपत्तिजनक टिप्पणी से पार्टी को भी नुकसान पहुंचेगा।

### एमएलसी ने की 50 लाख रुपये अनुदान देने की घोषणा

**दरभंगा, एजेंसी।** बिहार विधान परिषद के सदस्य सर्वेश कुमार ने लनामिवि के पीजी राजनीति विज्ञान विभाग में स्थापित भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर व भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर चेयर के लिए 50 लाख रुपए का अनुदान देने की घोषणा की है। इससे पहले उन्होंने डॉ. नागेंद्र झा स्टेडियम के पुनरुद्धार के लिए एक करोड़ रुपए का अनुदान देने की घोषणा की थी। ये घोषणाएं उन्होंने राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में की। इन कार्यक्रम में वे बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। इन घोषणाओं के लिए कुलपति प्रो. एसके चौधरी की भी सराहना हो रही है। पीजी राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. मुनेश्वर यादव के विशेष आग्रह और विभाग में शोध की गुणवत्ता एवं अध्ययन गतिविधियों के मद्देनजर श्री कुमार ने यह घोषणा की। इस घोषणा से विभाग में उल्लास का माहौल है। इस सहायता राशि से उक्त चेयर से संबंधित अध्ययन, संगोष्ठी, कार्यशाला, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान, सामाजिक-राजनीतिक प्रतिवेदन, पुस्तक प्रकाशन तथा अन्य क्रिया-कलापों को बल मिलेगा।

### सीएम से मिले सम्राट चौधरी, शाहनवाज हुसैन, विजय चौधरी

**पटना, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, मंत्री विजय कुमार सिन्हा और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने शनिवार को उनके आवास पर मुलाकात की। 45 मिनट की मुलाकात के दौरान सभी नेताओं ने केंद्र की योजना, बिहार के विकास की चर्चा की। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए शानदार जीत हासिल करेगा। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का तेज गति से विकास हो रहा है। बिहार में रेल, सड़क, पुल, हवाई उड़ान, उद्योग क्षेत्र, स्वास्थ्य, मेडिकल कॉलेज, कृषि एवं अन्य सभी क्षेत्रों के विकास के लिए केंद्र सरकार लगातार सहयोग दे रही है।

# भाजपा का सदस्यता अभियान 54 दिन चलेगा
# तीन सितंबर से शुरुआत

## मंत्री, सांसद, विधायक, एमएलसी क्षेत्र में 11 से 17 तक प्रवास करेंगे

**पटना, एजेंसी।** बिहार में भाजपा का सदस्यता अभियान 3 सितंबर से शुरू होगा। हर दिन 2 लाख से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। 54 दिनों तक चलने वाले सदस्यता अभियान में भाजपा 1 करोड़ से अधिक सदस्य बनाने की कोशिश करेगी। इसमें संसद से लेकर बूथ स्तर तक के नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। हर बूथ अध्यक्ष को 200 सदस्य बनाने होंगे। सदस्यता अभियान के तहत केंद्रीय मंत्री, राज्य के मंत्री, सांसद, विधायक, एमएलसी क्षेत्र में 11 से 17 सितंबर तक प्रवास करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि सदस्यता अभियान से लोगों को जोड़ने के लिए चरणबद्ध तरीके से काम किया जाएगा। इसके लिए जरूरी निर्देश नेताओं को दिए गए हैं। 3 चरण में चलेगा अभियान भाजपा सदस्यता अभियान विधानसभा स्तर से चला रही है। बिहार को 243 हिस्सों में बांटा गया है। इसकी जिम्मेदारी विधानसभा स्तर के नेताओं को दी गई है। साथ ही 38 जिलों और 9 प्रमंडलों में विभाजित करके सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। सदस्यता अभियान 3 चरण में चलेगा। पहला चरण 3 से 25 सितंबर तक चलेगा। इसमें सामान्य सदस्य बनाए जाएंगे। इसमें हर वर्ग, हर क्षेत्र, हर समुदाय के लोगों को सदस्य बनाया जाएगा। अभियान के जरिए पार्टी शिक्षक, व्यापारी, चिकित्सक, अधिवक्ता, साहित्यकार, चित्रकार, सीए, कलाकार, खिलाड़ी, पूर्व सैनिक सहित समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचेगी। दूसरा चरण 1 से 16 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे।



अंतिम चरण 16 से 31 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें सदस्यता अभियान की समीक्षा के साथ ही ऐसे लोगों को सदस्य बनाया जाएगा, जिनके पास मोबाइल नहीं है। संगठन के पदाधिकारियों को कैंप लगा करके सदस्य बनाना है। इस दौरान विभिन्न मोर्चा के कार्यकर्ता अपने विभाग एवं प्रकोष्ठ को लोगों को सदस्य बनाएंगे।

### हर रविवार अटल दिवस

पार्टी में पदाधिकारी बनने के लिए सक्रिय सदस्य बनना अनिवार्य है। जबकि सक्रिय सदस्य बनने के लिए 100 लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलानी होगी। पहले चरण में 4 सितंबर से बिहार के 9 प्रमंडलों में केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ नेता सदस्यता अभियान शुरू करेंगे। 5 सितंबर को सभी जिला मुख्यालयों पर अभियान शुरू होगा। लोगों को जोड़ने के लिए हर रविवार को अटल दिवस मनाया जाएगा।

### बिहार में 1 करोड़ से ज्यादा सदस्य बनाने का लक्ष्य है : जीवेश मिश्रा

पटना बिहार भाजपा सदस्यता अभियान के संयोजक जीवेश मिश्रा ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान दो सितंबर से शुरू होने वाला है। इसके तहत बिहार में 1 करोड़ से ज्यादा सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता में जीवेश मिश्रा ने कहा कि पांच तरह से लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। समाज के सभी वर्गों तक हम पहुंचेंगे और सबको सदस्य बनाएंगे। अभियान की शुरुआत दो दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदस्य बनकर करेंगे। भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो संपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चलती है। इसके तहत छह वर्षों में पुराने सदस्य भी नए सदस्यों के साथ पुनः सदस्यता ग्रहण करते हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री फिर से सदस्यता लेंगे। प्रदेश स्तर पर तीन सितंबर को बड़े पैमाने पर इसकी शुरुआत की जाएगी। चार सितंबर को बिहार के सभी 9 प्रमंडलों में केन्द्रीय मंत्री व वरीय नेता सदस्यता अभियान शुरू करेंगे। पांच सितंबर को सभी जिला मुख्यालयों पर वरीय नेताओं, मंत्रियों, विधायक, सांसद द्वारा सदस्यता अभियान करेंगे और 11 से 17 सितंबर तक महाभियान चलाएंगे।



# जदयू नेता केसी त्यागी ने पद से दिया इस्तीफा

### पार्टी बोली- निजी वजह, नए प्रवक्ता का हुआ ऐलान

**पटना, एजेंसी।** बिहार में बड़ी सियासी हलचल हुई है। राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। लेकिन बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी की तरफ से प्रेस रिलीज जारी कर अभी यह कहा गया है कि केसी त्यागी ने निजी कारणों की वजह से पार्टी के प्रवक्ता पद से इस्तीफा दिया है। जदयू ने केसी त्यागी के इस्तीफे के बाद नए राष्ट्रीय प्रवक्ता का ऐलान भी कर दिया है। केसी त्यागी की जगह अब राजीव रंजन प्रसाद को जदयू का राष्ट्रीय प्रवक्ता घोषित किया गया है। जनता दल यूनाइटेड के महासचिव आफाक अहमद खान की तरफ से विज्ञप्ति जारी कर कहा गया है, जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने राजीव रंजन प्रसाद को राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है। केसी त्यागी जो प्रवक्ता के पद पर पार्टी में हैं, उन्होंने निजी कारण से पार्टी के प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है। बताया जा रहा है कि केसी त्यागी पार्टी के राजनीतिक सलाहकार बने रहेंगे केसी त्यागी की जदयू के दिग्गज नेता हैं और कई मोर्चों पर केसी त्यागी पार्टी की तरफ से बोलते आए हैं। तेज तर्रार प्रवक्ता और कुशल राजनेता के तौर पर जाने जाने वाले केसी त्यागी के इस्तीफा ने सबको चौंका दिया है।

### केंद्रीय मंत्री ने कहा- चिराग पूरे इंडिया की राजनीति नहीं कर रहे हैं

# हर 10 वर्ष पर आरक्षण की समीक्षा जरूरी : मांझी

### हम पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू हुआ

**पटना, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने फिर चिराग पासवान पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान ही पूरे इंडिया की राजनीति नहीं कर रहे हैं। प्रत्येक 10 वर्षों पर आरक्षण की समीक्षा जरूरी है। हमारे पास 18 जातियों के 3500 से अधिक लोग मिलने आए थे। निकट भविष्य में ये लोग सड़क पर आ रहे हैं। कारण, एक ही आदमी मलाई खा रहा है। हर तरह का लाभ ले रहा है।

जज, इंजीनियर, कलेक्टर, एसपी, इंजीनियर, इंजीनियर इन चीफ हो रहा है। 76 वर्ष बीत गए। आखिर कबतक चलेगा।



बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने कहा था कि 10 वर्षों में आरक्षण की समीक्षा होनी चाहिए। जिससे मालूम चले कि किस वर्ग को कितना लाभ पहुंचा है। इससे जो वर्ग पिछड़ा है, उसके विकास में मदद मिलेगी। हमारी पार्टी एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर के खिलाफ है। मांझी शनिवार को हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के सदस्यता अभियान की शुरुआत के मौके पर बोल रहे थे। मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कार्यकर्ताओं से पार्टी और नेता की आइडियोलॉजी को लोगों तक पहुंचाने की अपील की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि सभी जिलाध्यक्षों को कम से कम 10000 सदस्य बनाने हैं। जिस जिले में ज्यादा सदस्य बनेंगे और जिस विधानसभा क्षेत्र में सदस्यता अभियान के दौरान ज्यादा सदस्य होंगे, वहां पर चुनाव लड़ने के लिए पार्टी दावेदारी करेगी। किसी जिले के विधानसभा क्षेत्र में हम काफी मजबूत स्थिति में हैं तो वहां पर प्रत्येक बूथ स्तर पर कम से कम 10 सदस्य अवश्य होने चाहिए। इस मौके पर पार्टी के सभी चारों विधायक सहित पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी राष्ट्रीय पदाधिकारी सहित नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मध्यदेशीय वैश्य समाज के साथ हैं, मिलेगा हक : मंत्री

**गया, एजेंसी।** मध्यदेशीय वैश्य समाज (हलवाई) के साथ हूं। समाज को हक और अधिकार मिलना चाहिए। वैश्य समाज को हक मिलेगा। ये बातें सूबे के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को महात्मा गणिनाथ जयंती पूज्नोत्सव सह सम्मेलन में कहीं। अखिल भारतीय मध्यदेशीय (हलवाई) वैश्य सभा की जिला शाखा व युवा समिति की ओर आयोजित 78वें जन्मोत्सव सह हम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि मंत्री ने कहा कि मध्यादेशीय वैश्य समाज के साथ हूं। समाज का भी हमेशा साथ मिला है। आगे भी साथ मिलने की उम्मीद है। विधायक व पूर्व मंत्री कुमार सर्वजीत ने कहा कि हलवाई समाज को उचित राजनैतिक हक हर हाल में मिलना चाहिए। वैश्य समाज को उसके अधिकार से कोई वंचित नहीं कर सकता है। साथ ही समाज के उत्थान के बच्चों को अच्छी शिक्षा दें। बेटियों को पढ़ाएं। उन्होंने कहा कि हक दिलाने के लिए वे समाज के साथ हैं। विधायक ज्योति मांझी ने कहा कि मेहनती वैश्य समाज को भागादारी मिलनी चाहिए। केंद्र व राज्य सरकार की जिम्मेवारी बनती है कि वे हक दें।

**सबसे अधिक आबादी के बाद भी राजनीतिक लाभ नहीं: जिलाध्यक्ष :** समारोह की अध्यक्षता करते हुए सभा के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि हर साल समाज के उत्थान व विकास को लेकर आयोजित होने वाले समारोह में सैलाब उमड़ता है। वैश्य समाज में सबसे अधिक आबादी हलवाई समाज की है। बावजूद इस समाज को राजनीतिक लाभ से वंचित रखा जा रहा है। अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों ने भी गीत-संगीत का कार्यक्रम पेश किया। बच्चों को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार गुप्ता ने सरकार से गणिनाथ जयंती पर सरकारी अवकाश घोषित करने की मांग की। मंच संचालन जिला महामंत्री शिव कुमार ने किया। इस मौक पर राष्ट्रीय संरक्षक अनिल कुमार, सच्चिदानंद प्रसाद, नरेंद्र कुमार गुप्ता, शुकुल प्रसाद, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार डबलू, युवाध्यक्ष मुकेश कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मधेशिया,पूर्व महामंत्री परमानंद गुप्ता, कार्यकारी महामंत्री अनिल कुमार भोला, अजय गुप्ता, मृत्युंजय कुमार, अमर कुमार,धर्मेंद्र कुमार सहित भारी संख्या में समाज के लोग शामिल रहे।

# किशोर की बरामदगी नहीं होने के खिलाफ रोड जाम, आगजनी

**छपरा, एजेंसी।** छपरा -पटना मुख्य मार्ग 3 घंटे तक रहा सांढा ओवर ब्रिज के पास जाम 24 अगस्त को टाउन थाना क्षेत्र के मौना जटही पोखरा मोहल्ले के रहने वाले किराना व्यवसाई का स्कूल के लिए निकला बेटा हो गया है गायब परिजनों ने टाउन थाने में बेटे के गायब होने की एफआईआर करायी है दर्ज टाउन थाना इंस्पेक्टर और मुफस्सिल थाना इंस्पेक्टर ने मौके पर पहुंचकर गुस्साए लोगों को समझा बुझा कर जाम हटाया फोटो 1 बच्चे की बरामदगी के लिए शनिवार को सांढ़ा ओवर ब्रिज के नीचे आगजनी कर रोड जाम करते गुस्साए मोहल्ले के लोग पेज तीन की लीड छपरा, हमारे संवाददाता। घर से स्कूल के लिए निकले लापता बच्चे की हफ्ते भर बाद भी बरामदगी नहीं होने से गुस्साए लोगों ने शनिवार को सांढा ओवरब्रिज के पास रोड जाम कर आगजनी की। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सांढा ओवर ब्रिज के नीचे टाउन थाना क्षेत्र के मौना जटही पोखरा मोहल्ले के लोगों ने तीन घण्टे तक आवागमन ठप कर दिया था। रोड जाम कर रहे लोगों में गुस्सा था कि 24 अगस्त को घर से शहर में ही श्री किशुन प्रसाद मध्य विद्यालय स्कूल के लिए निकला बच्चा गायब हो गया।पुलिस अभी तक उसे बरामद नहीं कर पाई। किराना व्यवसायी विनोद कुमार मांझी के 14 वर्षीय पुत्र सातवीं कक्षा का छात्र है। रिशु कुमार मांझी घर नहीं लौटा। परिजनों ने टाउन थाने में एफआईआर दर्ज कराई है लेकिन किशोर बरामद नहीं हो पाया। इसी बात को लेकर परिजन और मोहल्ले के लोग छपरा पटना मार्ग को जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही टाउन थाने के इंस्पेक्टर संजीव कुमार, मुफस्सिल थाने के इंस्पेक्टर विशाल आनंद और भारी संख्या में पुलिस पदाधिकारी और जवान मौके पर पहुंचे और गुस्साए लोगों को किसी तरह से समझा बुझा कर जाम को हटवाया। पुलिस ने रोड पर जल रहे टायर को खुद पानी डालकर बुझा दिया। पुलिस पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि 10 दिन के अंदर बच्चे को पुलिस बरामद करेगी। उसके बाद किसी तरह से रोड पर आगजनी व जाम करने वाले को रोड से हटाया गया। छपरा- पटना मार्ग जाम किए जाने को लेकर ट्रैफिक पुलिस के इंस्पेक्टर सुधीर कुमार ने खुद कचहरी स्टेशन के पास ओवर ब्रिज पर खड़ा होकर आम लोगों की गाड़ियों को रोक दिया ताकि गाड़ी को किसी तरह का नुकसान न पहुंचे। जाम की वजह से कई स्कूल व पटना जाने वाली बसें और कई प्राइवेट कार भी घंटे खड़ी रही। यातायात को सुचारू बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस के सब इंस्पेक्टर के डी यादव व अन्य जवानो ने गाड़ियों की आवा जाही शुरू करायी तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली । इसके बाद गाड़ियों का परिचालन सुचारू रूप से शुरू हो गया।

# बिहार पशु विज्ञान विवि में पौधरोपण: हमारी संस्कृति और परंपरा में पौधों का महत्वपूर्ण स्थान है : राज्यपाल

**पटना, एजेंसी।** किसानों को सम्मानित किया गया राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में पौधरोपण किया। विवि सभागार में हुए समारोह में राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण के लिए पेड़-पौधों के साथ-साथ पशु भी आवश्यक हैं। सर्वजन के तहत वे सभी प्राणी आते हैं जिनमें जीवन और प्रजनन क्षमता है। इसके अंतर्गत पेड़-पौधे और पशु-पक्षी सहित समस्त जीव आते हैं और उनका संरक्षण हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति और परंपरा में पौधों का महत्वपूर्ण स्थान है। हमारे ऋषियों और मनीषियों ने भी प्रकृति के सानिध्य में रहने तथा अधिकाधिक पेड़ लगाकर प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया है। अपने घरों में तुलसी का पौधा लगाकर उसकी पूजा, वट वृक्ष की पूजा आदि अनेक प्रकार की पूजा पद्धतियां हमें प्रकृति से जोड़ती हैं और इससे उसका संरक्षण होता है। हजारों वर्षों की इस परंपरा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने मां के साथ जोड़कर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू किया और अपनी मां के नाम पर पौधा लगाकर प्रकृति के संरक्षण का आह्वान किया है। हमें इस अभियान से जुड़कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार प्रयत्नशील है। हमारा देश पेरिस सम्मेलन के निर्णयों



के प्रति भी कटिबद्ध है। बिहार का वन क्षेत्र राष्ट्रीय औसत की तुलना में काफी कम है। इस राज्य के वन क्षेत्र को बढ़ाने का दायित्व हम सबका है। हमें अधिकाधिक पौधरोपण करना चाहिए। इस अवसर पर राज्यपाल ने वैज्ञानिकों और बिहार के प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को पर्यावरण मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, पशु विज्ञान विवि के कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर डॉ. उमेश सिंह, डॉ. वीर सिंह आदि मौजूद थे।

# बिहार में डेंगू का विस्फोटक, पटना बना हॉट स्पॉट

## एक दिन में 53 मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप




**पटना, एजेंसी।** बिहार में डेंगू विस्फोटक रूप लेता जा रहा है। राजधानी पटना के कंकड़बाग और अजीमाबाद हॉटस्पॉट बन गए हैं। शनिवार को डेंगू के 33 और राज्य भर में 53 मरीज मिले हैं। इनमें कंकड़बाग से आठ, अजीमाबाद से छह, एनसीसी अंचल से पांच, पटना सिटी से 4, बांकीपुर अंचल से दो और पाटलिपुत्र अंचल से एक मिले हैं। बाकी की पहचान नहीं हो पाई है। अब कुल डेंगू संक्रमितों की संख्या बढ़कर 280 पर पहुंच गयी है। राज्य के अन्य जिलों में भी जांच में डेंगू पीड़ित मरीज मिल रहे हैं। इससे राज्य के स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। एक दिन पहले भी 18 डेंगू पीड़ित पटना में मिले हैं।

पटना में इस वर्ष अबतक कंकड़बाग, अजीमाबाद और बांकीपुर अंचल सबसे बड़ा हॉट स्पॉट बनकर उभरे हैं। अबतक मिले कुल डेंगू पीड़ितों में आधे से ज्यादा इन्हीं तीन अंचलों से मिले हैं। इन अंचलों के दर्जन भर से ज्यादा मोहल्ले जलजमाव, खुले सीवर और ध्वस्त मैनहोल से त्रस्त है। कंकड़बाग अंचल में अबतक 70 संक्रमित मिले कंकड़बाग अंचल के योगीपुर, चित्रगुप्तनगर, बैंकमेन्स कॉलोनी, काली मंदिर रोड, हनुमाननगर, भूतनाथ रोड, अगमकुआं थाने के आसपास के मोहल्ले अब डेंगू के हॉट स्पॉट बन गए हैं। शहर का पहला डेंगू पीड़ित इस बार योगीपुर मोहल्ले से ही मिला था। योगीपुर, चित्रगुप्तनगर इलाके में जर्जर सड़क, गड्ढे, ध्वस्त नालियां और खाली प्लॉट में जमा पानी डेंगू मच्छरों के लिए अनुकूल माहौल बना रहा है। मोहल्ले में निजी क्लीनिक चलानेवाले चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से आ रहे बुखार पीड़ितों में लगभग 20 प्रतिशत डेंगू पीड़ित मिल रहे हैं। बताया कि दो दिन पहले उन्होंने लक्षण के आधार पर पांच लोगों की जांच कराई थी, उनमें से तीन को डेंगू से ग्रसित पाया गया। डॉ. राजीव रंजन ने बताया कि निगम अजीमाबाद अंचल में अबतक 61 लोग डेंगू से ग्रसित हो चुके हैं। अगर निजी अस्पतालों व क्लीनिकों में पहुंच रहे मरीजों की मानें तो यह आंकड़ा 100 के पार पहुंच गया है। आलमगंज से शनिचरा मंदिर तक कई इलाके में डेंगू का प्रकोप बढ़ा है। एनएमसीएच में मेडिसिन विभाग के हेड डॉ. अजय कुमार सिन्हा ने बताया कि यहां होनेवाली जांच में अब डेंगू पीड़ित मिलने लगे हैं। मच्छरदानी का प्रयोग, आसपास में पानी नहीं जमने देने आदि का सुझाव दिए। इस साल एक जनवरी से 30 अगस्त तक राज्य के विभिन्न जिलों में 728 डेंगू पीड़ित हो चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग को जिलों से मिली रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार को पटना में 33, दरभंगा 3, बेगूसराय 3, मुजफ्फरपुर 2, नालंदा 2, सीवान में 2 मरीज मिले। अरवल, भागलपुर, जहानाबाद, कटिहार, मधुबनी, नवादा, सारण और वैशाली में एक-एक मरीज मिले हैं।

### कहते हैं अधिकारी

डेंगू के हॉट स्पॉट बने पटना के तीनों अंचलों कंकड़बाग, बांकीपुर और अजीमाबाद अंचलों के कार्यपालक पदाधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर प्रभावित मोहल्ले में फॉगिंग और एंटी लार्वासाइड का छिड़काव कराने का निर्देश दिया गया है। इसकी मॉनिटरिंग के लिए भी कहा गया है। अगले सप्ताह डेंगू पर विशेष बैठक भी आयोजित की जाएगी। – डॉ. चंद्रशेखर सिंह, डीएम, पटना। बांकीपुर अंचल के बाजार समिति, राजेन्द्रनगर, लोहानीपुर, कदमकुआं, सब्जीबाग, जीएम रोड, मुसल्लहपुर हाट, महेन्द्रू, इलाके से लगातार डेंगू पीड़ित अस्पताल पहुंच रहे हैं। मोहल्ले के विकास सिंह ने बताया कि निर्माण कार्य, गंदगी के कारण इन मोहल्लों में 15 दिनों से मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है। आसपास के तीन–चार घरों में लोग डेंगू से पीड़ित भी हो चुके हैं। जिला स्वास्थ्य समिति के एक पदाधिकारी और एक चिकित्सक के परिवार के सदस्य भी डेंगू से ग्रसित हो गए थे। अबतक 58 लोग डेंगू से पीड़ित हो चुके हैं।

### पर्याप्त मात्रा में निशुल्क दवा की है उपलब्धता

स्वास्थ्य विभाग के अपर निदेशक सह मलेरिया के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि डेंगू नियंत्रण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों के लिए बेड, दवा और प्लेटलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है। पर्याप्त मात्रा में दवा की निशुल्क उपलब्धता है। ब्लड बैंक से प्लेटलेट्स भी उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### कामडारा के तुरबुल में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 2126 आवेदन

**गुमला/कामडारा , एजेंसी ।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को राजकीयकृत मध्य विद्यालय तुरबूल स्कूल में शिविर लगाया गया। शिविर में बीडीओ निशा तिर्की , सीओ सुप्रिया एक्का ,उपप्रमुख शकुंतला देवी और जोन फ्रेड्रिक तोपनो ने लाभुकों के बीच व्हील चेयर,गर्भवती महिलाओं का गोद भराई रस्म, पेंशन के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र,मनरेगा मजदूरों को जॉब कार्ड बांटे । शिविर में विभिन्न योजना संबंधी कुल 2126 आवेदन प्राप्त हुये । शिविर में अबुआ आवास के लिए 254, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए 19 आवेदन जमा लिये गये । अंचल की ओर से ऑन द स्पॉट जाति,आय आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत कर लाभुकों को कैंप में दिया गया । तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई । कई लाभुकों को पेंशन स्वीकृति का प्रमाण पत्र और मनरेगा मजदूरों को जॉब कार्ड कैंप में दिया गया । सीएचसी द्वारा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन कर मरीजों के स्वास्थ्य जांच कर दवाईयां बांटी गई । प्रखंड स्तरीय सभी विभागों के अलग – अलग स्टॉल लगा कर लाभुकों को जानकारियां के साथ लाभ दी गई ।शिविर के सफल आयोजन में महिला पर्यवेक्षिका पार्वती मुखियार , बीपीआरओ अशोक कुमार,जनसेवक बकुल सरकार,प्रभारी सीआई प्रकाश कुमार, रोहित सिंह समेत प्रखंड सह अंचल के कर्मियों की भूमिका सक्रिय रही ।

### घाघरा में झाड़ी में फेंका हुआ नवजात शिशु

**घाघरा , एजेंसी ।** घाघरा थाना क्षेत्र के कॉलेज रोड स्थित अंबाकोना बगीचा एक झाड़ी में नवजात को फेंकने का मामला शनिवार को प्रकाश में आया । नवजात शिशु को अंबाकोना बगीचा स्थित झाड़ी में फेंक देने से चींटी के काटने से काफी देर तक तड़पता रहा । कॉलेज रोड निवासी दिलकेश्वर उरांव और सरिता देवी के पुत्र मैट्रिक का छात्र सागर उरांव प्रात : सुबह पांच बजे दौड़ने के लिए घर से निकाला था ।उसने नवजात शिशु की रोने की आवाज सुनी,तो पास जाकर देखा तो एक नवजात शिशु झाड़ी में फेंका हुआ है और उसके सिर पर काफी चींटी थे । जिससे वह नवजात शिशु रो रहा था । उसने सभी चीटियों को हटाया और नवजात शिशु को उठाकर अपने घर ले गया । इसके बाद बच्चे को बोतल से दूध पिलाया । घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ उक्त शिशु को देखने के लिए जुट गई । नवजात शिशु पूरी तरह स्वस्थ्य दिखा । शिशु को देख ऐसा लग रहा था मानो वह लगभग एक महीने का है । घाघरा कॉलेज मोहल्ला निवासी युवा सहकारिता क्लब के अध्यक्ष दिलकेश्वर उरांव और उसकी पत्नी सरिता देवी ने नवजात को गोद लेने की बात कही । साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चे का लालन पोषण करेंगे ।

### स्थायी वार्ता तंत्र की बैठक में आकस्मिक इलाज के लिए रेफर करने की प्रक्रिया सरल करने की मांगी

**धनबाद, एजेंसी ।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के साथ धनबाद मंडल रेल प्रशासन की स्थायी वार्ता तंत्र की बैठक गुरुवार को मंडल रेल प्रबंधक सभागार में हुई. प्रशासनिक पक्ष की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा ने तथा संचालन वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजीत कुमार ने और यूनियन पक्ष का नेतृत्व ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन ने किया. बैठक के विद्युत विभाग तथा मेडिकल संबंधित समस्याओं को रखा गया. विद्युत विभाग के कर्मचारियों को सेफ्टी शूज, हेलमेट, हैंड ग्लब्स तथा अन्य संरक्षा के उपकरणों की आपूर्ति की मांग की गयी. इसके अलावा धनबाद सहित विभिन्न रेलवे कॉलोनियों तथा यार्ड में पर्याप्त रोशनी के लिए टावर मास्ट लगाने, लातेहार में पेयजल आपूर्ति के लिए डीप वेल में इलेक्ट्रिक व्यवस्था करने, टोरी स्टेशन में नया ट्रांसफॉर्मर लगाने, धनबाद मंडल रेल प्रबंधक भवन के सभी विभागों को वातानुकूलित करने के लिए केन्द्रीय वातानुकूलन प्लांट लगाने, उक्त भवन में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आरओ प्लांट लगाने की मांग यूनियन ने रखी. अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन ने प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक को बताया कि आकस्मिक इलाज के लिए रेलकर्मियों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं.

# सफाईकर्मी हड़ताल पर गए तो राजधानी के 53 वार्डों में नहीं उठेगा कूड़ा




**रांची, एजेंसी।** राजधानी की सफाई व्यवस्था सोमवार से पूरी तरह ठप हो जाएगी। शहर के 53 वार्डों में से किसी भी वार्ड से कूड़े का उठाव नहीं होगा। डोर टू डोर से लेकर सड़कों पर फैला कूड़ा भी साफ नहीं होगा। टैंकर से पानी की आपूर्ति सहित फॉगिंग व अन्य कार्य पूरी तरह बंद हो जाएंगे। क्योंकि, रांची नगर निगम के 2300 से अधिक सफाईकर्मी, वार्ड सुपरवाइजर, जोनल सुपरवाइजर, ड्राइवर सहित अन्य कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

दस वर्ष से अधिक समय से अनुबंध पर कार्यरत कर्मचारियों की सेवा नियमित करने, सुपरवाइजर, ट्रांसपोर्ट सुपरवाइजर, ड्राइवर सहित अन्य कर्मचारियों के मानदेय में 30 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करने सहित परिवहन भत्ता बढ़ाने व अन्य मांगों के समर्थन में कर्मचारियों ने आंदोलन करने की घोषणा की है। शनिवार को रांची नगर निगम सफाई मजदूर संघ की बैठक अध्यक्ष दयानंद यादव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से हड़ताल को सफल बनाने का निर्णय लिया गया।

यादव ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से सफाई कर्मियों की मांगों को पूरा करने का आश्वासन मिलता रहा है। कोरोना जैसी महामारी के समय जहां लोग घरों में कैद थे, वहां सफाईकर्मी महामारी से लड़ रहे थे। लोगों को बचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे। इसके बावजूद सफाई कर्मियों की मांगों को पूरा नहीं किया गया। निगम के अधिकारियों को भी मांग पत्र सौंपा गया, लेकिन समाधान नहीं निकला। इसलिए इस बार जब तक मांग पूरी नहीं होती है, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

### स्थाई कर्मी सोमवार से करेंगे चरणबद्ध आंदोलन

सफाई कर्मियों के आंदोलन को देखते हुए निगम के स्थाई कर्मचारियों ने भी हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नरेश राम की अध्यक्षता में शनिवार को हुई बैठक में इसकी घोषणा की गई। कर्मचारियों ने कहा कि अनुबंध पर कार्यरत कर्मचारियों को स्थाई करने, अनुकंपा पर आश्रितों को नौकरी देने, चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को प्रोन्नति देते हुए तृतीय वर्ग में बहाल करने आदि को लेकर कई बार मांग पत्र सौंपा गया, लेकिन समाधान नहीं निकला। उन्होंने कहा कि निगम कर्मी सोमवार को निगम भवन में नारेबाजी करेंगे, मंगलवार को काला बिल्ला लगा प्रदर्शन होगा, गुरुवार को मौन व्रत और शुक्रवार को धरना दिया जाएगा। शुक्रवार तक मांग पूरी नहीं हुई तो शनिवार से निगम कार्यालय में काम ठप कराया जाएगा।

नगर निगम के स्थाई कर्मचारी भी अपनी मांगों को लेकर 7 से करेंगे हड़ताल

2.25 लाख घरों से नहीं उठेगा कचरा

600 मीट्रिक टन से अधिक कूड़ा रोजाना निकलता है रोड पर रहेगा।

1600 किमी से अधिक नालियों की नहीं होगी सफाई, बारिश में नालियां जाम रहेगी।

2000 किमी लंबी सड़कों की सफाई भी हो जाएगी ठप, सड़कों पर दिखेगी गंदगी।

50 से अधिक छोटे-बड़े हाट-बाजारों से भी कूड़े का उठाव नहीं होगा।

### व्यवस्था सुधारने पर रेलवे खर्च करेगा करोड़ों रुपये

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद रेल मंडल में अलग-अलग कार्य होने हैं. इसमें मरम्मत कार्य से लेकर सड़क निर्माण कार्य तक शामिल हैं. इसकी तैयारी की गयी है. गझंडी के अधीन पहाड़पुर एवं बंधुआ स्टेशन पर कॉलोनी सड़क की मरम्मत के लिए 29 लाख 99 हजार 934 का प्राक्कलन तैयार किया गया है, गोमो के निरीक्षकों के लिए रिक्त रनिंग रूम के वर्तमान पुराने एवं नये भवन का क्रू लॉबी, मुख्य क्रू नियंत्रण कार्यालय, भंडार कक्ष एवं विश्रामालय में नवीनीकरण मरम्मत एवं परिवर्तन होना है. इसके लिए 24 लाख 96 हजार का प्राक्कलन तैयार हुआ है. गोमो के उत्तर दक्षिण साइड में रेलवे अस्पताल की मरम्मत होनी है. इसके लिए 24 लाख 91 हजार का प्राक्कलन तैयार किया गया है. पहाड़पुर-टनकुपा एवं बंधुआ में गंग हॅट की मरम्मत के लिए 24 लाख 41 हजार, पहाड़पुर में जल बहाव प्रणाली के साथ नाली का सुधार के लिए 24 लाख 96 हजार, कृष्ण शीला में स्टाफ क्वार्टरों का सुधार पर 79 लाख 43 हजार, चोपन के अधीन सोन नदी से फिल्टर हाउस चोपन तक वर्तमान पाइपलाइन की जगह नयी पाइपलाइन का काम दो करोड़ 29 लाख, बरकाकाना स्टेशन पर आंतरिक भाग प्रतीक्षालय, शौचालय का सुधार एवं सहायक कार्य होना है.

# केंद्रीय कृषि मंत्री ने की विश्व शांति की कामना

**देवघर , एजेंसी।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सह केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड प्रभारी शिवराज सिंह चौहान शनिवार को देवघर पहुंचे। देवघर एयरपोर्ट पर पूर्वाह्न बेला में आगमन के बाद देवघर विधायक नारायण दास, जिला अध्यक्ष सचिन रवानी, महामंत्री संतोष उपाध्याय व अधीर चंद्र भैया ने स्वागत किया। स्वागत के बाद भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने देवघर एयरपोर्ट पर पुष्पगुच्छ व अंग वस्त्र देकर जोरदार स्वागत किया। देवघर एयरपोर्ट से केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, धर्मपत्नी के साथ बाबा वैद्यनाथ की पूजा-अर्चना के लिए बाबा मंदिर के लिए प्रस्थान किया। बाबा वैद्यनाथ मंदिर प्रशासनिक भवन में पुरोहितों की ओर से विधिवत संकल्प कराने के बाद पूजा-अर्चना के लिए बाबा मंदिर गर्भगृह पहुंचे। पुरोहितों ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करायी। बाबा वैद्यनाथ की पूजा-अर्चना कर बाबा वैद्यनाथ से विश्व शांति की कामना की। इस क्रम में उनके साथ झारखंड के पूर्व मंत्री राज पलिवार सहित बोकारो विधायक बिरंची नारायण उपस्थित थे। इस अवसर पर अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी विनोद दत्त द्वारी ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। वहीं उनके साथ भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह संतालपरगना प्रभारी बालमुकुंद सहाय, स्थानीय विधायक नारायण दास, पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता साथ थे। बाबा वैद्यनाथ की पूजा-अर्चना करने के बाद केंद्रीय मंत्री सर्किट हाउस पहुंचे। वहां भी भाजपा के नेता-कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री का स्वागत करने वालों में रीता चौरसिया, राजीव सिंह, सचिन सुल्तानियां, विनय चंद्रवंशी, विजया सिंह, जूनियर बाबूलाल मरांडी, अमृत मिश्रा, विशाखा सिंह, दिलीप सिंह, धनंजय खवाड़े, संतोष पासवान, सुलोचना देवी, चंद्रशेखर खवाड़े, गौतम राय, जयप्रकाश सिंह, पंकज शर्मा, बलराम पोद्दार, विभूति झा, रूपा केसरी, आशीष दुबे, अजीत सिंह, बुधन यादव, मिथिलेश सिन्हा, निरजंन सिन्हा, राजेश मंडल, अशोक राय, पवन कुमार, बबलू कुमार व भारतीय जनता पार्टी के नेता-कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### झारखंड के पारा शिक्षकों को अब हर साल नहीं कराना होगा सेवा सत्यापन और मानदेय बढ़ोतरी, क्या है नया प्रावधान

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के सहायक अध्यापकों (पारा शिक्षक) को अब प्रति वर्ष संतोषप्रद सेवा का सत्यापन नहीं कराना होगा. शिक्षकों को मानदेय बढ़ोतरी के लिए मुखिया व प्रमुख से सेवा सत्यापन कराना होता था. झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी व जिला शिक्षा अधीक्षक को पत्र लिखा है. जिलों को भेजे गये गये पत्र में कहा गया है कि झारखंड सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियमावली 2021 के अनुसार, सेवा सत्यापन होने के बाद प्रति वर्ष चार फीसदी मानदेय की वृद्धि होगी. मानदेय बढ़ोतरी के लिए जिलों द्वारा प्रति वर्ष सक्षम प्राधिकार से सेवा सत्यापन का प्रमाण मांगा जाता था.

अब झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा जिलों को भेजे गये पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि वैसे शिक्षक जिनकी सेवा संतोषप्रद होने का सत्यापन एक बार हो चुका है, उनका रिकॉर्ड जिला शिक्षा कार्यालय में रखा जाये. शिक्षक पर अगर एक वर्ष के दौरान कोई कार्रवाई नहीं हुई हो तो उसके सेवा सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी. परियोजना के पत्र के बाद अब शिक्षकों को प्रति वर्ष मानदेय बढ़ोतरी के लिए सेवा संतोषप्रद होने का सत्यापन नहीं करना होगा. इस दौरान शिक्षक पर किसी प्रकार की अनुशासनिक व विधिक कार्रवाई की गयी है, तो सक्षम प्राधिकार से सेवा सत्यापन अनिवार्य होगा.ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में कार्यरत कक्षा एक से पांच के शिक्षकों के सेवा संतोषप्रद होने का सत्यापन मुखिया व कक्षा छह से आठ के शिक्षकों का सत्यापन प्रमुख के स्तर से किया जाता है.

# खेल मंत्री ने साल भर पहले धनुष देने का किया था वादा, पर अब तक नहीं मिला

**झरिया, एजेंसी।** झरिया कोयलांचल से आनेवाली सिमरन कुमारी ने साल 2023 की शुरुआत में भाड़े के धनुष से राष्ट्रीय मिनी तीरंदाजी चैंपियनशिप में गोल्ड पर निशाना साधा था. पिता शिव कुमार भुईंया आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के चलते स्वयं धनुष नहीं खरीद सकते थे. बावजूद सिमरन ने किराये के धनुष से वह कर दिखाया, जो सुविधा संपन्न प्रतिभागी नहीं कर पाते हैं. बेटी की सफलता से उत्साहित शिव कुमार ने उसी साल रांची में सूबे के खेल मंत्री हफीजुल हसन से मुलाकात कर अपनी दोनों बेटियों के लिए आधुनिक धनुष की व्यवस्था कराने की मांग की. वह टुंडी विधायक मथुरा महतो का सिफारिशी पत्र भी ले गये थे. शिव बताते हैं, 'सिमरन के नेशनल जीतने के बाद दोनों बेटियों के लिए आधुनिक धनुष की मांग को ले मैंने खेल मंत्री को पत्र दिया था. उन्होंने धनुष देने का आश्वासन दिया. उनके अनुशंसा पत्र को खेल निदेशक के पास जमा भी किया. बावजूद आज तक धनुष नहीं मिला. सिमरन और तनीशा आज भी एक ही धनुष से अभ्यास करती हैं.'

शिव कुमार भुईंया दोबारी कोलियरी क्षेत्र की भुईंया बस्ती में रहते हैं. घर के पास ही उनकी छोटी-सी चाय दुकान है. परिवार की आजीविका का मुख्य स्रोत यही दुकान है. घर का खर्च चलाने के बाद इतना पैसा नहीं बचता कि शिव बेटियों के लिए आधुनिक धनुष खरीद सकें. यही वजह है कि जब



सिमरन कुमारी ( 8 ) व तनीशा ( 13 ) को राष्ट्रीय स्पर्धा में जाना था, तो 3000 रुपये किराये पर धनुष लेकर उन्हें चैंपियनशिप में भेजा. प्रतिभावान सिमरन ने अपने पिता का मान रखा. चैंपियनशिप में गोल्ड जीत कर साबित किया कि कड़ी मेहनत और जुनून से अभावों में भी लक्ष्य फतह किया जा सकता है. शिव कुमार कहते हैं कि उनकी दोनों बच्चियों का चयन दिसंबर 2022 में राष्ट्रीय मिनी तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए हुआ था. 2023 में सात जनवरी से 16 जनवरी तक विजयवाड़ा में चैंपियनशिप हुई. सिमरन ने संसाधनों की कमी के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया. सिमरन व तनीशा आज भी उसी जुनून से तैयारी में जुटी हैं.

शिव कुमार ने बताया कि तीरंदाजी के प्रति सिमरन का लगन देख उन्होंने उसे प्रोत्साहित किया. सिमरन को डिगवाडीह स्थित टाटा स्टील फाउंडेशन के आर्चरी फीडर में प्रशिक्षण के लिए ले गये. कोच मो शमशाद ने सिमरन की प्रतिभा देख उसे निःशुल्क प्रशिक्षण देना शुरू किया. शिव कहते हैं कि उनकी बेटी को गरीबी व संसाधन की कमी के कारण कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है. जब दोनों बेटियों ने खेलना शुरू किया था, तब उनके धनुष ले लिए बाइक बेचनी पड़ी थी. दोनों बहनें उसी धनुष से अभ्यास करती हैं. नेशनल स्तर की प्रतियोगिता के लिए यह धनुष सही नहीं है.

# पारसनाथ में रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस को चंद्र प्रकाश चौधरी दिखाएंगे हरी झंडी

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह जिले के मधुबन स्थित जैनियों के सबसे बड़े तीर्थस्थलों में एक और आदिवासियों के मरांग बुरु पारसनाथ जाने वालों के लिए खुशखबरी है. यहां आने वाले लोगों को देश की सबसे तेज और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है.

जी हां, वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अब पारसनाथ स्टेशन पर भी रुकेगी. सोमवार (2 सितंबर 2024) को सुबह साढ़े सात बजे गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी पारसनाथ स्टेशन पर रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस



ट्रेन को पारसनाथ स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे. यह जानकारी धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने दी है.

ट्रेन संख्या 20887/20888 रांची-वाराणसी-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस का पारसनाथ स्टेशन पर 2 सितंबर से ठहराव होगा. रांची-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन का पारसनाथ स्टेशन पर आगमन सुबह 7॰55 बजे होगा. यह ट्रेन यहां से 7॰57 बजे प्रस्थान करेगी.

वहीं, वाराणसी-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का पारसनाथ स्टेशन पर आगमन रात को 8॰50 बजे होगा एवं यहां से यह ट्रेन रात के 8॰52 बजे प्रस्थान करेगी. गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी 2 सितंबर को पारसनाथ स्टेशन पर रांची-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन के ठहराव का उदघाटन करेंगे.

गिरिडीह लोकसभा के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और झारखंड के भाजपा प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को चिट्ठी लिखी थी. इसमें मांग की गई थी कि रांची-वाराणसी-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव पारसनाथ स्टेशन पर दिया जाए. सांसदों की मांग पर रेलवे ने इसकी मंजूरी दे दी.

### इंटर स्कूल क्विज में डीएवी कोयला नगर रहा अव्वल

**धनबाद., एजेंसी।** धनबाद पब्लिक स्कूल, हीरक ब्रांच में शनिवार को इंटर स्कूल क्विज 'माइंड मार्टिंस' का आयोजन किया गया. इसमें 23 स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया. दो भागों में विभाजित क्विज के पहले प्रीलिम्स में 11 स्कूल के छात्रों ने भाग लिया तथा दूसरे में 12 स्कूल की टीम ने हिस्सा लिया. प्रत्येक प्रीलिम्स में चार राउंड हुए, जिसमें से कुल 14 स्कूल की टीम आगे फाइनल तक पहुंची. इस प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल, कोयला नगर की टीम प्रथम, बर्ड्स गार्डन स्कूल, राजगंज की टीम द्वितीय और किड्स गार्डन सेकेंडरी स्कूल, झरिया की टीम तृतीय स्थान पर रही.

तीनों विजेता टीमों और सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिया गया. स्कूल के अध्यक्ष



प्रभाष डोकानिया, सचिव आलोक चौधरी और कोषाध्यक्ष संजय लोधा ने विजेताओं को सम्मानित किया. प्राचार्या पूर्णिमा सिल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया.

इस प्रतियोगिता में डीएम पब्लिक स्कूल पुटकी, इंडियन स्कूल ऑफ़ लर्निंग, जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, डीएवी कोयला नगर, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, विवेकानंद विद्यालय, धनबाद पब्लिक स्कूल( केजी आश्रम), सर्वमंगला पब्लिक स्कूल, सिटी स्कूल, डीएवी कुसुंडा, द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन एकेडमी, महर्षि मेंही विद्यापीठ, मोंटफोर्ट एकेडेमी, बालिका विद्या मंदिर, इंपीरियल स्कूल ऑफ़ लर्निंग, अपर्णा पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर इंटरनेशनल स्कूल, धनबाद पब्लिक स्कूल, हीरक ब्रांच, डीएवी सीएफआरआइ, टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा शामिल हुए.

# जीवित रहना है, तो खुद को बदलते रहना होगा : डॉ संदीप

**रांची, एजेंसी।** गुरु नानक कॉलेज में बीबीए विभाग की ओर से शनिवार को गुरु नानक देव लेक्चर सीरीज़ के तहत 'ऑपरेशनल स्ट्रैटेजिस फॉर न्यू बिजनेस' विषय पर एकदिवसीय व्याख्यान हुआ. इसमें आइआइटी आइएसएम के प्रोफेसर डॉ संदीप मंडल ने अपने विचार व्यक्त किया. उन्होंने अपने वक्तव्य में स्ट्रैटेजिक फॉर्मूलेशन के महत्व पर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने बताया कि तेजी से बदलती हुई दुनिया (डायनेमिक एनवायरनमेंट) में अगर सबको जीवित रहना है, तो अपने आप को बदलते रहना होगा. कार्यक्रम की शुरुआत कॉमर्स विभाग के एचओडी प्रोफेसर संतोष कुमार के स्वागत भाषण दिया.

मंच का संचालन स्नेहल गोस्वामी ने किया. धन्यवाद ज्ञापन बीबीए कोऑर्डिनेटर, प्रोफेसर संजय सिन्हा द्वारा किया गया. इस कार्यक्रम में प्रो अमरजीत सिंह, डॉ रंजना दास, प्रोफेसर दीपक कुमार, डॉ मीना मालखंडी, डॉ नीता ओझा, प्रो सोनू




प्रसाद यादव, डॉ वर्षा सिंह, प्रोफेसर साधना के अलावा अन्य शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मी मौजूद थे.

गुरु नानक कॉलेज के बैंकमोड़ परिसर में हर वर्ष की भांति बीसीए विभाग द्वारा शिक्षक-अभिभावक मिलन का आयोजन किया गया. मौके पर कॉलेज के महिला विंग की प्रो-इंचार्ज डॉ रंजना दास, कोऑर्डिनेटर प्रो पुष्पा तिवारी, विभाग से प्रो उदय सिन्हा, प्रो प्रियंका, प्रो सोनी, प्रो शिल्पा, प्रो चंदन व प्रो कौशिक ने अभिभावकों से बात-चीत करते हुए उनके बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिये.

### गुमला के बसिया में एटीएम काटकर 25 लाख की चोरी,

**गुमला, एजेंसी।** गुमला के बसिया प्रखंड के कोनबीर में स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम से 25 लाख रुपये की चोरी कर ली गयी. चोरों ने गैस कटर मशीन से एटीएम मशीन को काटकर घटना को अंजाम दिया. इसके बाद उसमें आग लगा दी. हालांकि वे उस पैसे को लेकर भागने में असफल रहे. सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है.जानकारी के अनुसार चोरों ने पहले बसिया प्रखंड निवासी संजय चौधरी के मालवाहक ट्रक की चोरी की. इसके बाद उसी ट्रक से कोनबीर स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम आये और 25 लाख रुपये की चोरी कर ली. फिर उसी ट्रक से सभी लोग फरार हो गये. इस दौरान चोरी की गयी ट्रक कामडारा प्रखंड के बाकूटोली मोड़ के पास शॉर्ट सर्किट हो गयी और स्टार्ट बंद गया. पकड़े जाने के डर से सभी लोग चोरी के पैसे को उसी ट्रक में छोड़कर फरार गये.रविवार की सुबह जब लोगों ने एटीएम का ताला टूटा हुआ देखा तो इसकी सूचना बसिया थाने को दी गई. घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ नजीर अख्तर, थाना प्रभारी सुनील रविदास दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

# यूपी, बिहार, झारखंड के अलावा दक्षिण भारत में इस नाम से मनाई जाती है हरतालिका तीज

**रांची, एजेंसी।** हरतालिका तीज एक हर्षोल्लासपूर्ण और जीवंत भारतीय त्यौहार है जिसे देश के विभिन्न भागों में विवाहित महिलाएं बड़े उत्साह के साथ मनाती हैं. हरतालिका तीज का उत्सव एक असाधारण अवसर के रूप में माना जाता है, खासकर उत्तर भारत में. इस दिन महिलाएं व्रत रखती हैं और पारंपरिक कपड़े पहनती हैं, तथा अपने हाथों और पैरों में मेहंदी लगाती हैं.

खासकर बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में जबकि तमिलनाडु, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में इसे गौरी हब्बा कहा जाता है. यह शुभ अवसर भगवान शिव और देवी पार्वती के बीच भक्ति और प्रेम को समर्पित है.

गौरी हब्बा पर्व एक हिन्दू त्योहार



है. गणेश चतुर्थी के ठीक एक दिन पहले यह त्योहार कर्नाटक, आंध्रप्रदेश और तमिलनाडु में मनाया जाता है.

हरतालिका तीज का इतिहास प्राचीन भारतीय पौराणिक कथाओं में निहित है. ÷हरतालिका÷ शब्द दो संस्कृत शब्दों का संयोजन है॰ ÷हरत÷ का अर्थ है अपहरण और ÷आलिका÷ का अर्थ है महिला मित्र. यह त्यौहार देवी पार्वती और भगवान शिव के पुनर्मिलन का स्मरण करता है, जो पार्वती की महिला मित्र द्वारा उनके प्रियतम से मिलन में मदद करने के प्रयासों के बाद मनाया जाता है.

पौराणिक कथाओं के अनुसार, देवी पार्वती ने भगवान शिव से विवाह करने के लिए गंगा नदी के तट पर कठिन तपस्या की थी. हालांकि, जब शिवजी ने पार्वती जी को इस अवस्था में देखा, तो उनके पिता हिमालय ने उनका विवाह भगवान विष्णु से करने का निर्णय लिया.

देवी पार्वती ने अपनी पीड़ा अपनी सहेली को बताई; बाद में उसने उसका साथ देने का फैसला किया और उसका अपहरण कर लिया. वह उसे घने जंगल में ले गई, जहाँ माँ पार्वती तब तक अपनी साधना कर सकती थीं जब तक कि भगवान शिव को देवी की प्रतिबद्धता के बारे में पता नहीं चल गया और वे उनसे विवाह के लिए सहमत नहीं हो गए. उस समय से, हरतालिका तीज महिलाओं द्वारा जीवनसाथी पाने के लिए मनाई जाती है.

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## देर रात सड़कों पर गाड़ियां नहीं यमदूत चल रहे हैं

महानगरों की सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि वे हर आदमी को ठिकाना मयस्सर नहीं करा पाते। वहां लोगों को गुजारे का कोई जरिया भले मिल जाए, पर हर किसी को सिर पर छत नसीब नहीं हो पाती। लाखों लोग दिन भर दिहाड़ी करके, रिक्शा-रेहड़ी-ठेला खींच कर या भीख मांग कर किसी तरह गुजारे भर की आमद तो कर लेते हैं, पर रात गुजारने के लिए उन्हें फुटपाथों पर खुले आसमान या उपरिगामी पुलों के नीचे, खाली बंद दुकानों के बाहर कोई जगह तलाशनी पड़ती है।इस तरह इन्हें मौसम की मार तो झेलनी ही पड़ती है, अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के नीचे आकर दम तोड़ देने या अपंग होने का खतरा भी बना रहता है। दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में फुटपाथ पर सो रहे लोगों के ऊपर एक बेकाबू ट्रक के चढ़ जाने की घटना इसकी ताजा कड़ी है। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो को गंभीर स्थिति में भर्ती कराना पड़ा। ऐसे हादसों की खबरें कुछ-कुछ समय पर हर महानगर से मिल जाती हैं। हर घटना के बाद सवाल उठता है कि आखिर इस तरह सड़कों के किनारे, फुटपाथों पर सोने वालों के लिए कोई सुरक्षित इंतजाम क्यों नहीं किया जाता।हालांकि अनियंत्रित वाहनों के सड़कों के बीच की जगहों और फुटपाथों पर चढ़ने से रोकने की गरज से बहुत सारी जगहों पर लोहे की मजबूत बाड़ लगाई जाती है, मगर बहुत सारी जगहों पर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई आदि शहरों में सड़कों पर रात में भी आवाजाही लगी रहती है। रात के वक्त शहरों की सड़कें खासकर माल ढुलाई वाले वाहनों के लिए खोल दी जाती हैं। इसके अलावा, बहुत सारे युवा देर रात को शराब पीकर वाहन दौड़ाना अपनी शान समझते हैं। वाहनों के अनियंत्रित होकर फुटपाथों पर चढ़ जाने की घटनाएं अक्सर शराब के नशे में गाड़ी चलाने की वजह से होती पाई गई हैं।हालांकि दिल्ली में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाती है, इसके बावजूद बहुत सारे वाहन चालकों की मनमानी पर लगाम लगाना कठिन बना हुआ है। देर रात को उनकी मनमानी और बढ़ जाती है। इससे यातायात व्यवस्था पर तो प्रश्नचिह्न लगता ही है, रोजी-रोजगार की तलाश में हर वर्ष लाखों की संख्या में आने वाले लोगों के लिए रहने की व्यवस्था पर भी गंभीरता से विचार की जरूरत रेखांकित होती है।अनेक मौकों पर यह बात कही जाती रही है कि बढ़ते पलायन और महानगरों पर उसके बढ़ते बोझ की वजह से सरकारों के लिए बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराना चुनौती है।

## कोर्ट का सख्त संदेश

दिल्ली एक्साइज पॉलिसी से जुड़े मामले में भारत राष्ट्र समिति की नेता और एमएलसी के. कविता को जमानत देने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला जांच एजेंसियों के लिए एक जोरदार झटका है। इस हाईप्रोफाइल मामले में कई विपक्षी नेता गिरफ्तार हुए हैं। हालांकि कोर्ट से जमानत मिलना आरोपी के बेकसूर होने का सबूत नहीं माना जाता, लेकिन इस मामले में कई ऐसी बातें हैं जो जांच एजेंसी के रुख पर सवाल खड़े करती हैं। पहली नजर में के. कविता को जमानत देने का यह फैसला दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत जैसा इसलिए भी लगता है क्योंकि दोनों मामलों में आधार एक ही है। ताजा मामले में कोर्ट ने पाया कि सीबीआई और ईडी की जांच पूरी हो चुकी है। 493 गवाह और 50 हजार दस्तावेज से जाहिर है कि इस मामले में ट्रायल जल्द नहीं पूरा होने वाला। ऐसे में अंडर ट्रायल कस्टडी को सजा में बदलने देना सुप्रीम कोर्ट ने सही नहीं माना। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा जमानत की अर्जी ठुकराए जाने के फैसले को न सिर्फ पलटा, बल्कि उसके नजरिए की आलोचना भी की। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि जब प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्डरिंग एक्ट के तहत महिला, नाबालिग और बीमार के लिए जमानत की विशेष व्यवस्था की गई है तो फिर हाईकोर्ट का इस आधार पर जमानत देने से इनकार करना गलत है कि के. कविता शिक्षित महिला हैं। इस तरह से इस कानून में महिलाओं की एक उपश्रेणी बनाने की जानी अनजानी कोशिश उपयुक्त नहीं मानी गई। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का सबसे अहम पहलू है जांच एजेंसियों के रुख की पड़ताल करते हुए उनकी निष्पक्षता की जरूरत को रेखांकित करना।

## गैरों पे करम, अपनों पे सितम... स्टॉहोम सिंड्रोम के दलदल में धंसती ही जा रही बीजेपी

**(नवीन कुमार पाण्डेय)**

उत्तर प्रदेश में कुछ बीजेपी कार्यकर्ताओं को प्रवक्ता का पद तो नहीं दिया गया था, लेकिन उन्हें वक्त-बेवक्त टीवी चैनलों के डिबेट प्रोग्राम्स में भाग लेने भेज दिया जाता था। एक बार अमित शाह यूपी आए तो उनमें से एक कार्यकर्ता को उनसे बात करने का मौका मिल गया। शाह ने उन्हें सामने देख टोका और पूछा कि क्या चल रहा है। शाह के सवाल पर कार्यकर्ता ने अपने मन की बात कह दी। उन्होंने कहा कि सब ठीक है, बस एक दिक्कत यह है कि हम टीवी चैनलों पर जाते तो हैं, लेकिन पार्टी की तरफ से कोई अथॉरिटी नहीं मिलने के कारण हमारी बातों का वजन थोड़ा कम होता है। उन्होंने कहा कि बस इसी डीलिंग में दिक्कत होती है। इस पर शाह ने आव देखा ना ताव और झट से कह दिया- परेशानी होती है तो छोड़ दो। कार्यकर्ता की स्थिति ऐसी हो गई कि काटे तो खून नहीं। यह कहानी हाल ही में एक वरिष्ठ पत्रकार ने एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में बताई। आज बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं की लिस्ट देख लीजिए, ज्यादातर दूसरी पार्टियों से आए हैं। तो क्या बीजेपी में ऐसे लोगों की कमी है जो उसकी विचारधारा को सही तरीके से मीडिया के सामने रख सके? क्या बीजेपी में इस हद तक ब्रेन ड्रेन है कि उसके संस्कारों में पले-बढ़े नेता पार्टी का बचाव करने के लायक भी नहीं होते?

**हीनता भाव से ऊबर नहीं पा रही पार्टी :** जानकार कहते हैं कि जनसंघ के वक्त से ही पार्टी पर हीनता भाव हावी रहा है। उसे अपने प्रतिस्पर्धी ज्यादा काबिल नजर आते हैं, अपने लोग अयोग्य। एक विचार यह है कि बात काबिलियत की नहीं रणनीति की है। तब की जनसंघ, फिर बीजेपी ने अपने खिलाफ विरोध का स्वर कमजोर करने के उद्देश्य से विरोधियों को ही अपने पाले में लाने की रणनीति अपनाई। इसमें कोई संदेह नहीं कि विरोधी को मिलाना एक 'मास्टर स्ट्रोक' है, लेकिन अति सर्वत्र वर्जयेत। संतुलन सभी सिद्धांतों का नाभिनाल है। संतुलन खोने पर बड़े से बड़ा सिद्धांत अपनी प्रासंगिकता खो देता है।

*देश-संस्कृति के विरोधियों को सम्मान! देवदत्त पटनायक सनातन धर्म के कथाकार की आड़ में सनातन विरोधी एजेंडे पर काम करते हैं, यह किसी से छिपा नहीं रह गया है। लेकिन सरकार के संस्कृति मंत्रालय की तरफ से कार्यक्रम का आयोजन हुआ तो उसी देवदत्त पटनायक को बतौर वक्ता आमंत्रित किया गया। बीजेपी भारत और भारतीयता के समर्थकों को कोई सहयोग या समर्थन नहीं देती, उलटे इसके भारत और सनातन विरोधी प्रचारकों को प्लैटफॉर्म भी मुहैया कराती है।*

**विरोधियों को अंडा, अपनों को डंडा :** पहले जब प्रतिस्पर्धियों को अपने खेमे में लाया जाता था तो उनका एक कूलिंग पीरियड होता था। बीजेपी दूसरी पार्टियों से आए नेताओं को पहले अपने संस्कारों में ढालती थी, फिर कुछ ऑफर करती थी। अब मोदी-शाह की बीजेपी ने नियम बदल दिया है। ऐसा लगता है कि बीजेपी खुद हर मौके पर ऑफर हाथों में लेकर खड़ी हो जाती है। जिसे ऑफर पसंद आता है वो कंसल्ट करता है और डील फाइनल। अब कोई कूलिंग पीरियड नहीं, आते ही पाइए। ऐसे में वर्षों से सेवा करते कार्यकर्ता ठगे महसूस करते हैं। ऊपर बताई गई यूपी के कार्यकर्ता की कहानी याद कर लीजिए। सोचिए, एक तरफ दूसरों के लिए आओ और पाओ की नीति जबकि अपनों के लिए लगे रहो का दंड!

**विनाश काले विपरीत बुद्धि :** यह दंड ही है। मोदी-शाह की बीजेपी के चाल-चलन पर गौर करेंगे तो दिखेगा कि अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों को दंड देने की परिपाटी दिन दूनी रात चौगुनी रफ्तार से बढ़ रही है। दूसरी तरफ जितना घोर विरोधी, उतना बड़ा ऑफर। यह पार्टी के कार्यकर्ताओं से लेकर मतदाताओं एवं विभिन्न क्षेत्रों के समर्थकों तक पर लागू होता है। ऐसा लगता है कि मोदी-शाह की बीजेपी ने यह मान लिया है कि बीजेपी के कार्यकर्ता, मतदाता और समर्थक स्वाभाविक तौर पर निम्नतर होते हैं और विरोध करने वाले सौ फीसदी उच्च कोटि के। फिर प्रतिस्पर्धा या विरोधी और दुश्मन में फर्क होता है। कृपाशंकर सिंह जैसे नेता को न केवल पार्टी में लाना बल्कि तुरंत चुनाव का टिकट देना बताता है कि आज की बीजेपी किस कदर अपनों को छोड़कर दूसरों की तरफ भागती है। लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में बीजेपी की फजीहत के कारणों का विश्लेषण आज भी हो रहा है और सभी मान रहे हैं कि निराश कार्यकर्ताओं ने अपना जोर नहीं लगाया।

**बंगाल के वोटरों को छोड़ा, मुसलमानों को ज्यादा हक :** ये बीजेपी ही है जिसने पश्चिम बंगाल में अपने मतदाताओं को राज्य प्रायोजित हिंसा का शिकार होने दिया और दिखावे के विरोध-प्रदर्शन के सिवा जमीन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कि जिससे आगे ममता बनर्जी की सरकार, उनकी पार्टी टीएमसी के गुंडे और शासन-प्रशासन बीजेपी समर्थकों को अनुचित रूप से प्रताड़ित करने की सोच भी न सके। लोकसभा के चुनाव हों या विधानसभा के, हर बार बीजेपी को वोट देने वालों की बेरहमी से मारा-पीटा गया, उनकी निर्मम हत्याएं हुईं, घरबार जला दिए गए, परिजनों पर अत्याचार हुए, औरतों का बलात्कार हुआ, डर के मारे पड़ोसी राज्यों में पलायन करना पड़ा, लेकिन बीजेपी ने उन्हें संरक्षण देने का प्रयास तो छोड़िए, ऐसा जताने की कोशिश भी नहीं की। दूसरी तरफ जो बीजेपी को कभी वोट नहीं देते- मुसलमान। बीजेपी के बड़े-बड़े नेता, प्रवक्ता बड़े गर्व से कहते हैं कि मुसलमानों को उनकी आबादी से ज्यादा केंद्रीय योजनाओं का लाभ दिया जाता है। ध्यान रहे सरकार की योजनाओं में भेदभाव नहीं होना अलग बात है, हक से ज्यादा देना अलग बात।

**स्टॉकहोम सिंड्रोम में फंसती जा रही बीजेपी :** दरअसल, मोदी-शाह की बीजेपी स्टॉकहोम सिंड्रोम का बुरी तरह शिकार हो चुकी है। स्टॉकहोम सिंड्रोम दुश्मनों पर दिल उड़ेलने का द्योतक है। इसका दिल दुश्मनों के लिए धड़कता है, जितना बड़ा दुश्मन उतना ही ज्यादा प्यार। दिलीप मंडल का मामला ही देख लीजिए। जिंदगी भर बीजेपी की नीतियों का विरोध करने, सामाजिक न्याय की आड़ में जातीय विद्रोह की जमीन तैयार करने में जुटे दिलीप मंडल ने थोड़ा सुर क्या बदला, बीजेपी तुरंत ऑफर लेकर आ गई। वो तो सोशल मीडिया पर खिल्लियां उड़ने लगीं तो उनकी पोस्टिंग को होल्ड कर दिया गया। ये कोई अकेला मामला नहीं है। याद कीजिए, दिल्ली में घुसपैठिये रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को बसाने की कैसी योजना बनी थी। केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मोदी 2.0 सरकार में ट्वीट करके जानकारी दी थी कि दिल्ली में इन घुसपैठियों के लिए आवास योजना लाई जाएगी। इस पर ऐसी फजीहत हुई कि योजना कि सरकार को कदम वापस लेने पड़े। दूसरी तरफ मुस्लिम देशों से सबकुछ लुटाकर भारत आए हिंदुओं की दुर्दशा कौन नहीं जानता। इसी दिल्ली के मजनू के टीले पर सैकड़ों हिंदू परिवार आज भी नरक की जिंदगी जी रहे हैं।

## सर्वजन का नहीं मिला साथ, क्या बहुजन से फिर बनेगी बात?

**(संजय सक्सेना)**

इस वर्ष हुए आम लोकसभा चुनाव में सर्वजन को साधकर सत्ता की मास्टर चाबी तलाशती रहीं मायावती को इस लोकसभा चुनाव ने पूरी तरह से संदेश दे दिया है कि दलित वोटों की नींव पर टिकी उनकी पार्टी की राजनीतिक जमीन अब काफी खोखली हो चुकी है। बहुजन समाज पार्टी इस समय काफी बुरे दौर से गुजर रही है। उसके वोट बैंक में जबर्दस्त गिरावट आई है तो पार्टी से जुड़े करीब-करीब सभी पुराने नेताओं ने बसपा का दामन छोड़ दिया है। एक समय था जब उत्तर प्रदेश में मायावती दलितों की सबसे बड़ी नेत्री हुआ करती थीं। दलित वोटों की ताकत के बल पर वह अन्य दलों से राजनैतिक सौदेबाजी भी कर लेती थी, परंतु जब से मायवती ने समाज के अन्य वर्गो खासकर मुसलमानों के बीच अपना दायरा बढ़ाने की कोशिश शुरू की हैं तब से पार्टी के भीतर दलित नंबर दो की हैसियत बनकर रह गये थे। यह बात दलितों को अखरती भी थी, लेकिन दलित वोटरों ने माया से कभी बेवफाई की नहीं सोची। परंतु पिछले कुछ वर्षो से यह सिलसिला टूट गया है। दलित वोटर अपने फायदे के लिये कभी भाजपा को कभी समाजवादी पार्टी का दामन थामने लगे। इस वर्ष हुए आम लोकसभा चुनाव में सर्वजन को साधकर सत्ता की मास्टर चाबी तलाशती रहीं मायावती को इस लोकसभा चुनाव ने पूरी तरह से संदेश दे दिया है कि दलित वोटों की नींव पर टिकी उनकी पार्टी की राजनीतिक जमीन अब काफी खोखली हो चुकी है। मायावती की यह चिंता अब उनके शब्दों के साथ बाहर आ रही है। लोकसभा चुनाव के बाद से बसपा प्रमुख ने पार्टी कार्यकर्ताओं को जो भी संदेश दिया है, उसमें 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' की ही बात कही गई है, जबकि इससे पहले उनकी पार्टी की रणनीति और बसपा शासन का भी सूत्र सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय ही था। इससे माना जा रहा है कि वह अब अपने कोर वोटबैंक रहे बहुजन समाज को फिर से आकर्षित करने के प्रयास में हैं। उधर, बसपा प्रमुख मायावती को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को दिए संदेश में बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय की बात तो की, लेकिन एक बार भी सर्वजन यानी सभी समाज-वर्गों का उल्लेख नहीं आया। हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड, जम्मू-कश्मीर व दिल्ली में होने जा रहे विधानसभा चुनाव का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं से भी यही अपील की कि वे अपने-अपने राज्यों बसपा मूवमेंट व बहुजन अस्मिता के हित में पूरे जी-जान से लगे रहें। सिर्फ यही बैठक नहीं, बल्कि 11 अगस्त, 2024 को उत्तर प्रदेश इकाई के पदाधिकारियों के साथ बैठक में दस विधानसभा सीटों पर उपचुनाव लड़ने की घोषणा की, तब भी संदेश दिया कि बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय की नीति एवं सिद्धांत पर जनता का भरोसा फिर से जीतने का प्रयास लगातार जारी रखना है। यहां गौर करने वाली बात है कि उत्तर प्रदेश में जब बसपा की सरकार थी, तो सरकार सूत्र वाक्य था- सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय। इतना ही नहीं, मायावती अपनी बैठकों में भी इस सूत्र वाक्य को दोहराना नहीं भूलती थीं। उदाहरण के तौर पर लोकसभा चुनाव परिणाम से पहले 23 मई 2024 को गौतमबुद्ध की जयंती पर मायावती द्वारा जारी संदेश में खुद कहा था कि बसपा ने उत्तर प्रदेश में चार बार अपनी सरकार सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के आदर्श के आधार पर चलाई और समतामूलक समाज स्थापित करने का पूरा प्रयास किया। इसी तरह 2024 में ही एक जनवरी, 15 जनवरी और 20 जनवरी को दिए गए संदेश में भी मायावती ने सर्वजन हिताय की बात कही। आखिर क्यों? इसका संकेत लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद मायावती द्वारा बुलाई गई पहली राष्ट्रीय स्तरीय बैठक के संबोधन में मिलता है। उसमें उन्होंने स्पष्ट कहा था कि इस बार विरोधी पार्टियों द्वारा चुनाव में विशेषकर संविधान बचाओ जैसे मुद्दों को उठाकर जनता को गुमराह किया, उससे बसपा का जबरदस्त नुकसान हुआ है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5479

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 8 | | 6 |
| | | 3 | 8 | | 2 | | | |
| 6 | | | | | 4 | 9 | 5 | |
| 3 | 6 | | | 1 | | | | |
| 4 | | | 3 | | 5 | | | 7 |
| | | | | 2 | | | 3 | 9 |
| | 9 | 1 | 5 | | | | | 4 |
| | | | 2 | | 1 | 7 | | |
| 8 | | 4 | | | | 2 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5478

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 |
| 1 | 3 | 9 | 5 | 8 | 2 | 7 | 6 | 4 |
| 6 | 2 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 3 | 4 | 5 | 1 |
| 5 | 6 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 2 | 3 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 6 |
| 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 9 | 7 |
| 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 | 3 | 8 |

## वर्ग पहेली 5479



**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 1968 को इस भारतीय वैज्ञानिक को चिकित्सा क्षेत्र में नोबल पुरस्कार प्रदान किया गया (8)
7. केशलता, बालों का गुच्छा (2)
8. तप्त चिन्हित करना,दाग लगाना (3)
9. मार्ग से, कृततः (2)
11. लिहाफ, सर्दी लगने से बचने के लिए सोते समय ओढ़ा जाने वाला वस्त्र (3)
13. चांदी, उजला, उज्जवल (3)
16. प्रविष्टायन, स्थितन (3)
17. जिसमें दाग या धब्बों वाला, दागदार (2)
18. श्रवण करना, ध्यान देना (3)
19. एक शस्त्र, बरछा, नेजा (2)
21. जैन धर्म के मानने वालों का बड़वानी से 8 किमी दूर एक तीर्थ स्थल (5)
23. यह उजबेकिस्तान की राजधानी है (4)
24. पुराणानुसार पांचवा लोक जहां से मनुष्य उत्पन्न होते है, व्यक्ति, कबीला, प्रजा (2)

**ऊपर से नीचे**
1. इस तीर्थ स्थान पर गंगा नदी पहाडों को छोड मैदान में आती है इसे गंगाद्वार भी कहा गया है (4)
2. फुटबॉल, हॉकी आदि के खेल से संबंधित एक शब्द, वृत्ताकार, वर्तुल (2)
3. शीतकाल को अंग्रेजी में यह कहते है (3)
4. ईश्वरत्व, खुदापन, आस्मानी (3)
5. शास्त्रीय संगीत में विशिष्ट गान प्रकार (2)
6. सनिश्चय नहीं (3)
10. क्षेत्रफल के आधार पर यह भारत का सबसे बड़ा राज्य है (4)
12. रद्दीकृत, अनुपभुक्त (2)
14. तपस्या करना, अति परिश्रम करना (3)
15. मरीज, बीमार, जिसे रोग लगा हो (2)
17. बरामदा, ओसारा (3)
18. निर्देशक बिमल रॉय की सुनील दत्त-नूतन अभिनीत 1959 की सफल फिल्म (3)
19. दर, निर्ख (2)
20. नमाज की सूचना के शब्द जो जोर से पुकारे जाते है (3)
21. उत्तर काल में, उपरांत, पश्चात (2)
22. लंबाई नापने की प्राचीन नाप, हाथी (2)

### वर्ग पहेली 5478 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त्रि | पु | रा | | दे | वी | ला | ल |
| का | ल | का | | व | र | ना | |
| ल | | | मु | आ | | | ते |
| | द | म | | नं | द | गां | व |
| इ | ला | हा | बा | द | | धा | र |
| बा | ल | | ब | | नू | री | |
| द | | ह | र | क | त | | शू |
| त | ला | क | | दा | न | वी | र |

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन सफलता से भरा होगा और भाग्य आपका साथ देगा। आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे और भाग्य साथ देगा। आप निर्भयता से अपने कार्यों को सम्पन्न कराने में सक्षम रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आज बहुत मधुर सम्बन्ध रहेंगे। उनकी सलाह से आप धन का निवेश करेंगे तो आपको उसमें लाभ होगा। वाहन से यात्रा करते वक्त थोड़ा सा सावधान रहें।

### वृष
आज भाग्य साथ देगा और आपके अंदर एक विशेष आकर्षण रहेगा। ज़मीन जायदाद के मामले में आपको लाभ होगा और योजनाएं सफल होंगी। आपको अपने पिता के आशीर्वाद से तरक्की मिलेगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। शाम के समय माता को शारीरिक कष्ट होने से आपको दौड़भाग करनी पड़ सकती है।

### मिथुन
आज भाग्य की दृष्टि से दिन अच्छा रहेगा। यदि पिछले दिनों से शरीर में कोई कष्ट चला आ रहा है तो उसमें सुधार होगा। संतान से शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं। आपको परिवार के लोगों से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। वाणी पर संयम रखें।

### तुला
आज करियर में लाभ होगा और आपके कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। किस्मत चमकेगी और आपके आनंद में वृद्धि होगी। औपचारिकता में बिल्कुल भी न उलझना, आपको जो खाना हो, जो चाहिए, बेहिचक कह देना। आपका धन कहीं रुका हुआ है तो आज मिल सकता है। बुद्धि विवेक से लिए गए निर्णय लाभ देंगे। शाम से लेकर रात का समय आनंद में बीतेगा।

### वृश्चिक
आज भाग्य साथ देगा और आपको आर्थिक मामलों में लाभ होगा। आत्मविश्वास के साथ किए गए कार्य सफल होंगे और योजनाएं पूर्ण होंगी। पुराने रुके हुए कार्य थोड़ा खर्च करने से बन सकते हैं। नई योजनाओं पर काम शुरू हो जाएगा। शत्रु आपके पराक्रम को देखकर हतोत्साहित होंगे। इसलिए कोई ऐसा कार्य न करें कि जिसमें आपको जोखिम का एहसास होगा।

### धनु
आज लाभ होगा। किस्मत आपका साथ देगी। पैसों के लेनदेन के मामले में सतर्क रहें। वरना आपका नुकसान हो सकता है। आप अपने स्वभाव के प्रति गंभीर रहें, कड़ी मेहनत से कार्यों में सफल हो सकेंगे। भौतिक सुख साधनों पर खर्च अधिक होगा। शत्रु अपने षड़यंत्रों में सफल नहीं हो पाएंगे। खुश मिजाज व्यक्ति होने के कारण लोग आपके करीब आने के बारे में सोचेंगे।

### कर्क
आज भाग्य साथ दे रहा है। आमदनी की बढ़ोत्तरी के लिए किए गए प्रयास शत प्रतिशत सफल रहेंगे। अच्छे मार्गों द्वारा प्राप्त धन से कोष में वृद्धि होगी। भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपको हर क्षेत्र में लाभ की प्राप्ति होगी। आपको मित्रों का सहयोग मिलेगा एवं नए अच्छे मित्र भी मिलेंगे। आपका दिन लाभ से भरा होगा।

### सिंह
आज भाग्य साथ देगा। आपकी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से भी मान सम्मान मिलेगा। आपको पत्नी पक्ष एवं पत्नी की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा। नौकरी में कोई आपकी चुगली कर सकता है। शाम के समय परेशानी हो सकती है। अपने गुरु के प्रति निष्ठा व भक्तिभाव पूर्ण रखें। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### कन्या
आज करियर में लाभ होगा और आपकी शैक्षणिक दिशा में तरक्की होगी। शिक्षा के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। नए कार्य सीखने में सफल होंगे। आप अपनी बातों को सत्य साबित करने में सफल रहेंगे। माता-पिता, गुरु के प्रति निष्ठा, भक्तिभाव प्रतिष्ठा वृद्धि में सहायक होगा।

### मकर
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके घर में खर्च की अधिक स्थिति आ सकती है। आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। आप अपने धैर्य और प्रतिभा से शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर कर लेंगे और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। शाम से लेकर रात तक आपका मन अच्छे कार्य में लगेगा और प्रिय व्यक्तियों के दर्शन से मन प्रफुल्लित रहेगा।

### कुंभ
आज विद्या बुद्धि ज्ञान की वृद्धि होगी। आपके कठिन प्रयासों से इच्छा की पूर्ति होगी। शासन द्वारा आपको सम्मानित किए जाने की प्रबल संभावना है। शाम को धार्मिक अनुष्ठानों पर समय व्यतीत होगा। शुभ व्यय कीर्ति की वृद्धि होगी। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी और कार्य सिद्ध होगा। शाम को किसी मामले में फंसकर आपको चोट लग सकती है। सावधान रहें।

### मीन
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके कार्य पूर्ण होने की संभावना है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें उस पर उल्टा ही असर होगा। रात के समय पुण्य कार्य में लगेंगे, जिससे आपका मन शान्त और प्रसन्न रहेगा। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी और कोई मिलने आपके घर आ सकता है। इससे आपका मन खुश रहेगा।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

# सरसों में व्याधि प्रबंध

रोग एवं कीट व्याधियों का प्रबंधन वैसे तो सरसों की फसल पर एक दर्जन से अधिक रोग व कीट हानि पहुंचाते हैं परंतु प्रमुख रोग एवं कीट के नियंत्रण से भरपूर पैदावार की जा सकती है।





## पत्ती झुलसन रोग

यह सरसों के झुलसा रोग के नाम से भी जाना जाता है इस रोग के लक्षण पत्ती पर गहरे भूरे गोल-गोल धब्बों के रूप में आते हैं तथा उपज में कमी के साथ तेल की मात्रा भी कम करते हैं। बचाव हेतु मेन्कोजेब 45 नामक दवा 2.5 ग्राम /लीटर पानी के हिसाब से छिड़काव करें 2-3 छिड़काव 15 दिन के अंतराल से करें।

श्वेत किट्ट या सफेद फफोला (व्हाइट रस्ट) रोग- शीत ऋतु में जब तापमान कम एवं कोहरा होने पर यह रोग बहुत तेजी से फैलता है इसके लक्षण पत्ती की निचली सतह पर सफेद दही जैसे संरचनाओं जैसे आकार के होते हैं बाद में पुष्प वृन्त एवं फलियों पर भी लक्षण दिखाई देते हैं फली अनियमित आकार की टेढ़ी-मेढ़ी केंकड़ा जैसी आकृति की हो जाती है नियंत्रण हेतु रिडोमिल एम जेड 72 नामक दवा 2 ग्राम/लीटर पानी के हिसाब से घोल बनाकर छिड़काव करें या 2.5 ग्राम मेन्कोजेब/लीटर पानी का छिड़काव 10-15 दिन के अंतराल पर दो बार करें।

## चूर्णिल आसिता (पाउड्री मिल्डयू)

यह रोग तापमान बढ़ने पर अधिक तेजी से फैलता है रोग पत्तियों, तने व फलियों पर सफेद चूर्ण (पाउडर) जैसे संरचनाओं के रूप में फैलता है। नियंत्रण हेतु घुलनशील गंधक या सल्फैक्स 2 किलोग्राम दवा 800 लीटर पानी में घोल बनाकर/हे. के हिसाब से छिड़काव करें।

## तना सड़न या पोलियो रोग

एक ही खेत में बार-बार सरसों की फसल बोने से यह रोग बढ़ता है। इसके धब्बे सबसे पहले तने के निचले हिस्से में गोल-गोल आकृति के रूप में आते हैं, बाद में ऊपर तक फैल जाते हैं पौधा कमजोर होकर एवं तना पोला होकर रोगग्रस्त स्थान से टूट जाता है।

## नियंत्रण हेतु

फसल चक्र अपनाएं एवं रोगग्रस्त पौधों को एकत्रित कर नष्ट करें गहरी जुताई करें, सरसों घनी न बोएं। बीजोपचार कार्बेन्डाजिम 3 ग्राम दवा/किलो बीज के हिसाब से करें, तथा 1 ग्राम /लीटर पानी के हिसाब से घोल बनाकर बुवाई के 50 दिन, 65 दिन एवं 80 दिन की फसल पर छिड़काव करें, 2 प्रतिशत लहसुन का अर्क बीजोपचार एवं छिड़काव दोनों के लिए उपयुक्त एवं रोग को कम करता है।

## माहू या चैंपा (एफिड)

इस कीट को लसा के नाम से भी जाना जाता है यह छोटे पंख एवं पंख रहित दोनों तरह के हरे, पीले रंग के होते हैं। कीट के शिशु एवं प्रौढ दोनों ही बढ़ने वाले भागों फूलों कलियों, फलियों आदि का झुण्डों में चिपककर रस चूसते हैं, पौधों की बढ़वार रुक जाती है। पैदावार एवं तेल की मात्रा पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है नियंत्रण हेतु समय पर बोनी करें, प्रकोप की प्रारंभिक अवस्था में कीट प्रभावित टहनियों को तोड़कर नष्ट कर दें डायमिथियेट या मेटासिस्टाक्स 25 ई.सी. 1 लीटर मात्रा 500 लीटर पानी में घोल बनाकर 15 दिन के अंतर से दो छिड़काव करें। मधु-मक्खियों की सुरक्षा के लिये कीटनाशकों का प्रयोग दोपहर के बाद करें।

## कीट नियंत्रण

दगीला बग/बगराड़ा कीट (पेन्टेड वग)- राई सरसों की फसल को यह कीट दो बार नुकसान पहुंचाता है जब पौधे छोटे होते हैं तब और जब फली बनती है तब, कीट के शिशु एवं प्रौढ़ दोनों ही इसे चूसते हैं जिसकी पत्तियों और पौधों पर सफेद धब्बे स्पष्ट दिखाई देते हैं नियंत्रण हेतु पौधों के अवशेषों को नष्ट कर दें। मेड़ों को साफ रखें, फसल काटने के तुरन्त बाद गहरी जुताई करें जिससे प्रकोप कम होगा। डायमिथियेट या मेटासिस्टाक्स 25 ई.सी. 500 मि.मी. दवा 500 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।





# रबी फसलों के रोग व उनका नियंत्रण



## अ. रोग व उनके नियंत्रण

बीज, बीजांकुर, जड़ एवं पद सड़न रोग- जड़ सड़न में जड़ें काली होकर सड़ जाती है। जबकि पद सड़न में तना भूमि की सतह के पास भूरा होकर सड़ जाता है इस प्रकार पौधे सड़ जाते है । रोग नियंत्रण हेतु बीज को मेंकोजेब अथवा थायरम अथवा कार्बेन्डाजिम की 2 ग्राम मात्रा द्वारा प्रति किग्रा को उपचारित कर बुवाई करें। खेत में जल भराव न होने दें। जल निकासी की उचित व्यवस्था करें।

## कण्डवा रोग

इस रोग में बालियों में दाने के स्थान पर काला चूर्ण बन जाता है। बाद में रोगजनक के असंख्य बीजाणु (काला चूर्ण) हवा द्वारा फैलते हैं और स्वस्थ बालियों में फूल आते समय उनको संक्रमिक करते हैं। नियंत्रण हेतु बीज को कार्बोक्सिन 2 ग्राम प्रति किग्रा की दर से उपचारित करें तथा नवीन विमोचित गेहूं की किस्मों का उपयोग करें।

## गेरुआ या रतुआ रोग

रोगी पौधों पर उभरे हुए चूर्ण युक्त गहरे भूरे या पीले रंग के धब्बे बनते हैं जो बाद में काले हो जाते है काली गेरुई के लक्षण तना व पत्तियों दोनों पर बनते है।

## ब. दलहनी फसलों का उकटा रोग

यह रोग चना, मटर, मसूर, अरहर आदि फसलों में फ्यूजेरियम नामक कवक की विभिन्न प्रजातियों द्वारा होता है। रोगी पौधों की नीचे की पत्तियां पीली हो जाती हैं। जबकि अन्य का रंग हल्का हरा हो जाता है। बाद में सभी पत्तियां पीली होकर पौधा सूख जाता है। रोगी पौधे की पत्तियां मुड़ती नहीं है। रोगग्रस्त पौधों की जड़ या तने को चीरने पर अंदर बीच में लम्बाई में काली पट्टी दिखाई देती है। रोग का प्रकोप फूल आने पर अधिक होता है। नियंत्रण हेतु बीज को 2 ग्राम/किलो के हिसाब से कार्बेन्डाजिम या कार्बोक्सिन से उपचारित करें। स्फुर युक्त खाद का समुचित उपयोग करें। उपयुक्त फसल चक्र अपनायें व रोग प्रतिरोधक जातियों का चयन करें। जैसे-



**चना- जेजी 130, जेजी 11, जेजी 16, विजय, विशाल**

**मसूर- जेएल 3, के 75, पंत एल 406**

**मटर- रचना, जेपी 885, अंविका**

**अरहर- जेए 4, जेकेएम 189, जेकेएम 7, नरेन्द्र 1**

स. मटर-मसूर का बुकनी या चूर्ण फंफूदी रोग- इस रोग में पत्तियों, फलियों तथा तनों पर सफेद चूर्ण सा फैलता है। रोगग्रस्त पत्तियों की निचली सतह पर सफेद चूर्ण जैसे छोटे-छोटे धब्बों को देखा जा सकता है। बाद में पत्तियां काली होकर मरने लगती है मटर, मसूर के अलावा यह रोग धनिया आदि में भी आता है। रोग नियंत्रण हेतु खड़ी फसल में घुलनशील गंधक की 1000 ग्राम मात्रा अथवा डाइनोकेप या सल्फेक्स की 500 मिली मात्रा अथवा कार्बेन्डाजिम की 500 ग्राम मात्रा 500 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर के मान से छिड़काव करें।



## द. सरसों के रोग व उनका नियंत्रण

आल्टरनेरिया पर्णचित्ती/ब्लाइट- रोग के कारण पत्तियों पर भूरे काले रंग के धब्बे बनते हैं जो नम जलवायु में शीघ्र बढ़कर बड़े विक्षत बनकर अंगमारी के लक्षण पैदा करते हैं। धब्बों में केन्द्रीय बलय बन जाते हैं जो रोग का विशेष लक्षण है नम वातावरण एवं वर्षा से रोग बढ़ता है। नियंत्रण हेतु कापरयुक्त कवकनाशी (कॉपर आक्सीक्लोराइड अथवा कॉपर हाइड्राक्साइड) की 2 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

## सफेद किट्ट

रोग दो अवस्थाओं में पाया जाता है। स्थानीय लक्षण पत्तियों एवं तनों पर सफेद या मक्खन रंग के उठे हुए चूर्णयुक्त स्फोटों (फफोलों) के रुप में आते हैं। सर्वांगी लक्षण फूलों पर प्रकट होते हैं जिनका प्रत्येक भाग अतिवृष्टि के कारण फूलकर आकार में कई गुना बढ़ जाता है उनका रंग हरा या हल्का बैंगनी हो जाता है। कभी-कभी पत्तियां भी असामान्य एवं मोटी गूदेदार सहायक होती है। नम एवं ठंड जलवायु इस रोग को बढ़ाने में सहायक होती है कभी-कभी यह रोग मृदुरोमिल आसिता के साथ लगता है तब अधिक हानि होती है। रोग नियंत्रण हेतु कॉपर युक्त कवकनाशी अथवा मेंकोजेब की 2 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिए।

## मृदुरोमिल आसिता

रोग के कारण पत्तियों की ऊपरी सतह पर पीले धब्बे बनते हैं और नीचे की सतह के धब्बे वाले भाग पर बैंगनी रंग की फफूंद उगी दिखाई देती है। रोग का प्रकोप 10-20 डिग्री सेल्सियस तापमान व 90 प्रतिशत आर्द्रता होने पर अधिक उग्र होता है। रोग नियंत्रण हेतु रोगग्रस्त पौधों को उखाड़कर नष्ट करें व रोग के लक्षण दिखने पर मेंकाजेब 0.2 प्रतिशत का छिड़काव करें।

## इ. गन्ने के रोग व उनका नियंत्रण

### लाल सड़न (रेड रॉट)

रोग के लक्षण पत्तियों की मध्यशिराओं और तने पर दिखाई देते हैं आरंभ में पौधे के ऊपर से तीसरी या चौथी पत्ती किनारों से पीली पड़कर सूखने लगती है और अंत में सूखकर गिर जाती है रोगग्रस्त पौधे तने पर सफेद आड़ी पट्टियां दिखाई देती हैं जो रोग का प्रमुख लक्षण हैं। अंत में गूदे का रंग मटमैला हो जाता है और उससे दुर्गंध आती है। गठानों पर फफूंद की छोटी काली बिंदिया नजर आती है। नियंत्रण हेतु बीज को कार्बेडाजिम या मेंकोजेब से उपचारित करें।

### उकठा (विल्ट)

रोग के कारण पौधे की बाढ़ रुक जाती है पत्तियां पीली पड़कर सूखने लगती है। इस रोग से प्रभावित गन्ने का गूदा भी लाल हो जाता है लेकिन लाल सड़न के समान इसमें आड़ी सफेद पट्टियां नहीं बनती। गन्ने खोखले हो जाते हैं। नियंत्रण हेतु बीज को उपचारित कर बोयें व रोग प्रतिरोधक जातियों को लगायें।

### कंडवा (स्मट)

रोग का प्रमुख लक्षण गन्ने के सिरे से लम्बी टेढ़ी (चावुक के समान) काली डंडी निकलती है। पहिले यह डंडी एक झिल्ली से ढंकी रहती है जो कि शीघ्र ही फट जाती है और फफूंद के जीवाणु काले पाउडर के रुप में डंडी के ऊपर दिखाई देते हैं हवा के द्वारा ये जीवाणु स्वथ्य पौधों पर आसानी से पहुंच जाते है। स्वस्थ पौधों से बीज प्राप्त कर बोनी हेतु उपयोग करें।



## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार की कॉपी कर हेमंत सरकार ने लागू की मंईयां सम्मान योजना



**गिरिडीह, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार के डिप्टी सीएम विजय कुमार शर्मा बीते शनिवार शाम को गिरिडीह पहुंचे। इस दौरान पचंबा स्थित हरिचक में पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री विजय कुमार शर्मा का पूरे गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उन्हें बड़ी माला पहनाई गई और भगवा टोपी पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर जिले के छह विस के मंडल अध्यक्षों और पन्ना प्रमुखों समेत अलग-अलग जिलों से आएं गिरिडीह के छह विस के विस्तारकों से संवाद के बाद पत्रकारों से बातचीत के क्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार शर्मा ने कहा कि भाजपा गिरिडीह के छह विस सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। जब डुमरी उपचुनाव को लेकर आजसू के चुनाव लड़ने से जुड़ा सवाल पूछा गया तो डिप्टी सीएम विजय कुमार शर्मा ने कहा कि सरकार बनाने के लिए छह विस सीटों पर भाजपा का चुनाव लड़ना तय है। बातचीत के क्रम में असम में हिमंता बिस्वा शरमा द्वारा जुम्मे की नमाज के दौरान विस में दो घंटे के जुम्मा ब्रेक पर पांबदी लगाने से जुड़े सवाल पर उप मुख्यमंत्री समाज में समरसता होना चाहिए का हवाला देकर चुप हो गए। डिप्टी सीएम ने कहा कि अब तक हर विस चुनाव पार्टी कमल फूल के चिन्ह पर लड़ती आई है और झारखंड विस चुनाव भी कमल फूल पर लड़ा जाएगा। चुनाव जीतने के बाद कार्यकर्ताओं के सुझाव पर फैसला लिया जाएगा। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने झामुमो और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि उन्हें भाजपा की चिंता करने की जरुरत नहीं। वो चुनाव को लेकर अपने दलों के बारे सोचें, भाजपा में चार पूर्व मुख्यमंत्री है तो चुनाव के बाद सीएम का नाम स्वतः तय हो जाएगा। विजय कुमार शर्मा ने कहा कि अब हेमंत सरकार का सिर्फ 1 महीने का वक्त रह गया है। ऐसे में अभी कई और बड़ी घोषणा होना है। उसी में बिजली बिल माफी और महिलाओं को एक हजार का मातारी योजना भी शामिल है, लेकिन एक माह में कितने महिलाओं को हेमंत सरकार एक-एक हजार दे पाएगी, यही देखना है। इसी से जुड़े सवाल पर उप मुख्यमंत्री ने इशारों में हेमंत सरकार के योजना को रेवड़ी बांटने से इंकार करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में यह योजना कई महीनों से लागू है। छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार के तर्ज पर हेमंत सरकार ने योजना को लागू किया है।

### भाजपा नेता ने की फ्लाईओवर ब्रिज की मांग

**बढ़नी, एजेंसी।** बढ़नी में पचपेड़वा तिराहे से कस्बे में आने वाली मेन सड़क पर रेलवे क्रासिंग बंद होने से आए दिन जाम लग जाता है। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के नेता प्रदीप कमलापुरी ने डीएम से मिलकर फ्लाईओवर बनवाने की मांग की है। डीएम को दिए पत्र में कहा है कि कस्बे से सटा नेपाल बॉर्डर होने से मेन सड़क से प्रति दिन लगभग एक हजार वाहन गुजरते हैं। रेलवे क्रासिंग बंद रहने पर घंटो लोगों की जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। इससे कस्बे के लोगों का व्यापार इत्यादि प्रभावित होता है। उन्होंने रेलवे क्रासिंग पर फ्लाई ओवर ब्रिज बनवाने मांग की है।

### सितंबर में अमेरिका के दौर पर जाएंगे राहुल गांधी, सैम पित्रोदा ने दी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सितंबर में अमेरिका के एक छोटे दौर पर जाएंगे। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा ने इसकी जानकारी दी। राहुल का यह दौरा सितंबर के दूसरे हफ्ते में होगा। इस दौरान वह भारतीय प्रवासी, शिक्षाविद, बिजनसमैन, लीडर्स, मीडिया, टेक्नोक्रेट्स और अन्य कई व्यक्तियों के साथ बातचीत करेंगे। यह नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी का पहला दौरा है। सैम पित्रोदा ने एक वीडियो के जरिए राहुल गांधी के दौरे के बारे में बताया।

# गुरुग्राम मेट्रो ने एक और अहम पड़ाव किया पार, लोगो और टैग लाइन का चयन; नए रूट से इन इलाकों को होगा फायदा



**गुरुग्राम , एजेंसी।**
गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड के लोगो और टैग लाइन का चयन कर लिया गया है। भारत सरकार और हरियाणा सरकार ने मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक मेट्रो कनेक्टिविटी की परियोजना को कार्यान्वित करने के लिए गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड (जीएमआरएल) नाम की कंपनी बनाई थी। यह भारत सरकार (जीओआई) और हरियाणा सरकार (जीओएच) की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है, इसमें दोनों सरकारों का 50-50 इक्विटी का योगदान है।

जीएमआरएल कंपनी को अलग से पहचान देने के लिए उसका लोगो और टैग लाइन तैयार करने के लिए जुलाई में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में देशभर से 1434 लोगों ने हिस्सा लिया। इनमें से लोगो भार्गव भावसार और टैग लाइन मीना कुमारी की पंसद आई। दोनों को विजेता भी घोषित किया गया। लोगो और टैगलाइन प्रविष्टियों के मूल्यांकन के बाद, विजेता प्रविष्टियों को उनकी रचनात्मकता, मौलिकता, संरचना, तकनीकी उत्कृष्टता, कलात्मक योग्यता और दृश्य प्रभाव के तत्वों के आधार पर चुना गया। अब कंपनी जल्द ही इसे अधिकारिक रूप से लॉन्च करने की तैयारी में है। भार्गव भावसार ने लोगो के ऊपर जीएमआरएल का जी बनाया है, जिससे कंपनी के बारे में पूरी जानकारी मिलती है। मीना कुमारी ने टैग लाइन में लिखा कि जीएमआरएल स्विफ्ट, सुरक्षित और टिकाऊ है। इसको पंसद किया गया। जीएमआएल के अधिकारियों ने बताया टैग लाइन और लोगो अब फाइनल हो गया है। जल्द ही आचार संहिता के बाद इसको लॉन्च कर दिया जाएगा। टैग लाइन और लोगो से कंपनी का काम और विजन दोनों के बारे में लोगों को पता चल सकेगा। जीएमआरएल को पहचान प्रदान करने के लिए,रचनात्मक और मूल लोगो और कंपनी के सार को बताने वाली एक आकर्षक टैगलाइन डिजाइन करने के लिए भारत सरकार के सहयोग से एक प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में प्रविष्टियां जमा करने का अंतिम दिन 21 जुलाई था। इस प्रतियोगिता में एक हजार 434 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं थीं। इस दौरान सबका मूल्यांकन किया गया। 28 अगस्त को विजेता घोषित किए। बता दें कि, मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन से लेकर साइबर सिटी मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो रूट की लंबाई करीब 28.5 किलोमीटर है। यह मेट्रो सेक्टर-45, साइबर पार्क, सेक्टर-47, सुभाष चौक, सेक्टर-48, सेक्टर-72ए, हीरो होंडा चौक, उद्योग विहार फेज छह, सेक्टर-10, 37, गांव बसई, सेक्टर-नौ, सात, चार, पांच, अशोक विहार, सेक्टर-तीन, बजघेड़ा रोड, पालम विहार एक्सटेंशन, पालम विहार, सेक्टर-23ए, सेक्टर-22 से उद्योग विहार होते हुए गुजरेगी।

### जिन्ना की सोच थी धारा 370, भाजपा ने बाबा साहब का संविधान लागू किया: केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी

**श्रीनगर, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री और जम्मू कश्मीर भाजपा के चुनाव प्रभारी जी किशन रेड्डी ने कहा है कि आर्टिकल 370 मुहम्मद अली जिन्ना के संविधान को दर्शाता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने इसे हटाकर बाबा साहब का संविधान लागू कर दिया। जम्मू पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को भाजपा उम्मीदवार अरविंद गुप्ता के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए रेड्डी ने कहा, हमने जिन्ना के संविधान - धारा 370 को हटा दिया और भारत रत्न बाबा साहेब के संविधान को लागू किया। केंद्रीय मंत्री ने धारा 370 को बहाल करने के नेशनल कॉन्फ्रेंस के हालिया वादों की भी निंदा की और इसे दोहरे झंडे की वापसी संग आतंकवादियों को सशक्त बनाने की खतरनाक साजिश बताया। उन्होंने तर्क दिया कि जम्मू-कश्मीर के लोग पंचायती राज संस्थाओं और नगर निगमों जैसे स्थानीय निकायों को मजबूत करने के हकदार हैं। उन्होंने मतदाताओं से वंशवादी राजनीति के बजाय समृद्धि को चुनने का आग्रह किया। रेड्डी ने कहा, यह चुनाव एक आंदोलन है जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एनसी, कांग्रेस या पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) जैसी कोई भी पार्टी जम्मू-कश्मीर में आम लोगों के अधिकारों को कभी नहीं छीन सकती।

भाजपा जम्मू-कश्मीर चुनाव प्रभारी ने कहा कि हमारा विजन जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विरासत को दर्शाता है, जिन्होंने इस क्षेत्र को वंशवादी शासन और विभाजनकारी राजनीति से बचाने की मांग की थी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के नेतृत्व में, जम्मू-कश्मीर में उग्रवाद अपने अंत के करीब है, और यह क्षेत्र शांति और समृद्धि के चरण में प्रवेश कर रहा है।



### ग्रेटर नोएडा में गौर सिटी टाउनशिप की 20 से अधिक सोसाइटियों में दूर होगी पानी की किल्लत

**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सिटी टाउनशिप की 20 से अधिक सोसाइटियों के लिए अच्छी खबर है। शहर के सेक्टरों और आसपास के गांवों में पानी की किल्लत दूर करने के लिए प्राधिकरण ट्यूबवेलों (नलकूपों) की संख्या बढ़ाने के साथ 8 नलकूपों का पुन विकास करेगा। इसका ऐक्शन प्लान तैयार कर लिया गया है। पहले चरण में नौ नए नलकूप स्थापित किए जाएंगे। इसका सबसे ज्यादा फायदा फिलहाल ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी टाउनशिप के अंतर्गत आने वाली 20 से अधिक सोसाइटियों को मिलेगा। इस पर लगभग चार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। भूजल के साथ आगामी नवंबर माह तक पूरी क्षमता के साथ गंगाजल की आपूर्ति का भी दावा किया जा रहा है।

ग्रेटर नोएडा के आवासीय और औद्योगिक सेक्टरों के अलावा क्षेत्र के 122 गांवों में जलापूर्ति की जिम्मेदारी प्राधिकरण के ऊपर है। हालांकि अभी 50 फीसदी गांवों में ही जलापूर्ति की जा रही है। बाकी में पहुंचाने का काम प्रगति पर है। वर्तमान में 206 नलकूपों की मदद से लगभग 173 एमएलडी भूजल की आपूर्ति की जा रही है। इस समय शहर की आबादी लगभग 9 लाख है। बसावट बढ़ने से मौजूदा संसाधन कम पड़ने लगे हैं।

वहीं भूजल स्तर में गिरावट होने से वर्षों पहले स्थापित किए गए नलकूपों ने अब जवाब देना शुरू कर दिया है। ऐसे में भविष्य में जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। इसको देखते हुए प्राधिकरण जलापूर्ति के नेटवर्क को मजबूत करने में जुट गया है। आईआईटी रुड़की ने भी इस संबंध में सुझाव दिए थे।

प्राधिकरण के डिप्टी कलेक्टर जितेंद्र गौतम ने बताया कि प्रथम चरण में उन सेक्टरों व सोसाइटियों में नए नलकूप स्थापित किए जाएंगे, जहां सबसे ज्यादा जरूरत महसूस की जा रही है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर 16सी में गौर सिटी टाउनशिप-1 व 2 में 8 नलकूप स्थापित किए जाएंगे। अभी यहां 6 नलकूप हैं। दनकौर क्षेत्र के अस्तौली गांव में नलकूप स्थापित किया जाएगा। यहां कूड़ा निस्तारण केंद्र भी स्थापित किया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा के अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा आदि सेक्टरों में मांग के अनुसार जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 8 नलकूपों का पुन~ विकास किया जाएगा।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी टाउनशिप में 20 से अधिक सोसाइटियों हैं। जिसमें 1.5 लाख से अधिक आबादी रहती है। यहां 6 नलकूपों की मदद से जलापूर्ति की जा रही है। सोसाइटियों में आबादी बढ़ने से जलापूर्ति में दिक्कत आने लगी है। भविष्य की जरूरतों को देखते हुए यहां 8 नए नलकूप स्थापित किए जाएंगे। प्राधिकरण ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट

**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कांग्रेस ने अपने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सीपीपी चेयरपर्सन सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम शामिल हैं।

जम्मू-कश्मीर में पहले चरण के लिए 18 सितंबर को वोटिंग होगी। कांग्रेस पार्टी ने पहले चरण के लिए 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट शनिवार को जारी की है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी सूची में जयराम रमेश, अंबिका सोनी, अजय माकन, सलमान खुर्शीद और कन्हैया कुमार का नाम शामिल है। इसके अलावा इस लिस्ट में हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, पंजाब के पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी, राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट को भी जगह मिली है।

# गाजियाबाद में ऑटो-रिक्शा में एमबीए छात्र से लूट, कई किलोमीटर पैदल चल पहुंचा घर, अब सदमे में



**गाजियाबाद , एजेंसी।**
गाजियाबाद में लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। पुलिस ने बताया कि 29 अगस्त को तड़के गाजियाबाद जंक्शन पर ट्रेन से उतरने के बाद एक 20 वर्षीय एमबीए छात्र से ऑटो-रिक्शा में लूट की वारदात हुई। हथियारबंद लुटेरों ने बंदूक की नोक पर एमबीए छात्र को कथित तौर पर लूट लिया। पुलिस ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 4.30 बजे तब हुई जब पीड़ित ने लगभग 3 किलोमीटर दूर कैलाश नगर में अपने माता-पिता के घर जाने के लिए एक ऑटो-रिक्शा किराए पर लिया था।

पीड़ित की पहचान अभिषेक मिश्रा के रूप में हुई है। वह वाराणसी का मूल निवासी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बदमाशों ने वारदात को अंजाम देकर पीड़ित युवक को एक अज्ञात स्थान पर फेंक दिया। वहां से उसे दिल्ली के तिलक ब्रिज रेलवे स्टेशन तक पहुंचने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ा। पीड़ित युवक ने गाजियाबाद में अपने घर पहुंचने के लिए एक यात्री से मदद मांगी। पीड़ित छात्र एमबीए की पढ़ाई के लिए अंतिम वर्ष में है।

पुलिस के मुताबिक, छात्र हरदोई में एक प्रवेश परीक्षा देकर लौट रहा था। उसने लखनऊ से गाजियाबाद के लिए ट्रेन का टिकट लिया था। उसके पिता राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि जैसे ही अभिषेक पास की एक चाय की दुकान से निकला, दो और यात्री ऑटो में सवार हो गए। बाद में जीटी रोड फ्लाईओवर के पास तीन और यात्री सवार हो गए। जब पीड़ित छात्र ने अतिरिक्त यात्रियों पर आपत्ति जताई, तो चालक ने ऑटो को न्यू लिंक रोड पर विजय नगर की ओर बढ़ा दिया। अभिषेक के पिता ने बताया कि बदमाशों ने अभिषेक से करीब 8,800 रुपये छीन लिए। जब वह ऑटो से बाहर निकला और पीछे चल रहे दूसरे ऑटो से मदद मांगी, तो दूसरे वाहन में सवार तीन लोगों ने उसे जबरन पहले ऑटो में बैठा दिया। ये लोग लुटेरों के साथी थे। इन बदमाशों ने पीड़ित का मोबाइल फोन छीन लिया। बदमाशों ने छात्र से ऑनलाइन वॉलेट का पिन मांगा, जब छात्र ने पिन देने से इनकार कर दिया तो उसकी पिटाई की गई। लूट को अंजाम देने के बाद बदमाशों ने पीड़ित छात्र को एक अज्ञात, सुनसान जगह पर फेंक दिया। इसके बाद पीड़ित छात्र अभिषेक रेलवे ट्रैक के किनारे कई किलोमीटर तक पैदल चलता रहा। वह पैदल चलकर दिल्ली के तिलक ब्रिज रेलवे स्टेशन पर पहुंचा। वहां उसने एक यात्री से मदद मांगी और सुबह करीब 11.30 बजे गाजियाबाद में अपने घर पहुंचा। पीड़ित पिता ने बताया कि घटना के बाद अभिषेक को बुखार हो गया और वह सदमे की स्थिति में है।

### चुनावी राज्य हरियाणा में पुलिस अलर्ट, निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पैरामिलिट्री जवानों की तैनाती

**झज्जर, एजेंसी।** चुनावी राज्य हरियाणा में पुलिस अलर्ट मोड पर है। शांतिपूर्ण और निष्पक्षता के साथ विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए यहां पैरामिलिट्री जवानों की तैनाती की गई है। हरियाणा के झज्जर जिले में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर पुलिस उपायुक्त लोकेश कुमार ने बताया कि, चुनाव के दौरान सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पैरामिलिट्री फोर्स आ गई है। इनके और जिला पुलिस के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छह जगहों नाकाबंदी की गई है। लोकेश कुमार ने पत्रकारों को बताया कि, चुनाव को शांति और निष्पक्ष ढंग से कराने के लिए जिला पुलिस मुस्तैद है। लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है और समय-समय पर नाकाबंदी पर तैनात पुलिसकर्मियों व पैरामिलिट्री के जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी नाकों पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही है और हर आने-जाने वाले संदिग्ध लोगों पर पुलिस की पैनी नजर भी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पैरामिलिट्री के और जवान भी यहां पहुंच जाएंगे। पुलिस का मकसद अप्रिय घटना को रोकना और चुनाव को शांति से कराना है। बता दें कि चुनाव आयोग ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की तारीख में शनिवार को बदलाव किया है। निर्वाचन आयोग ने हरियाणा में एक चरण में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की तारीख बदलकर पांच अक्टूबर कर दी है। पहले मतदान एक अक्टूबर को होना था। जम्मू-कश्मीर में मतदान की तारीखों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। यहां पर अभी भी तीन चरणों में होगा, पहला चरण 18 सितंबर को, दूसरा चरण 25 सितंबर को और तीसरा और अंतिम चरण 1 अक्टूबर को होगा।

# 156 साल पुरानी यूनिवर्सिटी का बदला जाएगा नाम?



**भुवनेश्वर, एजेंसी।**
केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ओडिशा के सबसे पुराने शैक्षणिक संस्थानों में से एक रावेनशॉ विश्वविद्यालय का नाम बदलने का सुझाव दिया। हालांकि,प्रधान ने स्पष्ट किया कि 156 साल पुराने संस्थान का नाम बदलने का सुझाव उनकी निजी राय है। प्रधान ने कटक में स्वशासन दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, ''नाम परिवर्तन की आवश्यकता है। रावेनशॉ के नाम पर विश्वविद्यालय का नाम रखा गया है, उन्होंने अकाल के दौरान जो किया, उससे ओडिशा के लोगों को नुकसान हुआ।''

स्थानीय स्वशासन दिवस के अवसर पर कटक में आयोजित एक समारोह में बोलते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने टी.ई. रावेनशॉ की भूमिका पर सवाल उठाया। हेनरी रावेनशॉ के नाम पर राज्य विश्वविद्यालय का नाम रखा गया है। उन्होंने 1866 के कुख्यात नाआंका अकाल के दौरान उनकी भूमिका पर भी सवाल उठाए, जिसमें राज्य के 30 लाख लोग मारे गए थे।

संबलपुर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ने यह भी बताया कि 1866 का विनाशकारी अकाल ओडिशा के तत्कालीन आयुक्त टी.ई. रावेनशॉ के कार्यकाल में पड़ा था। प्रधान ने कहा, ''अकाल में ओडिशा के कई लोग मारे गए थे। यह आपदा ब्रिटिश अधिकारियों की प्रशासनिक विफलता के कारण आई थी, जिनमें हेनरी रावेनशॉ भी शामिल थे। ओडिशा के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय का नाम ब्रिटिश आयुक्त के नाम पर क्यों रखा जाना चाहिए? ओडिशा के बुद्धिजीवियों को इस पर विचार करना चाहिए।'' नाम बदलने के केंद्रीय मंत्री के प्रस्ताव पर इसके पूर्व छात्रों के साथ-साथ शिक्षाविदों की भी तीखी प्रतिक्रिया आई है। रावेनशॉ यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र हेमेंद्र नारायण दास ने कहा यूनिवर्सिटी का नाम नहीं बदला जाना चाहिए। रावेनशॉ एक नाम नहीं है, बल्कि, यह जीवन जीने का एक तरीका है। इसके पीछे 100 साल से ज़्यादा का इतिहास है...मंत्री का बयान अवास्तविक है।

# कांग्रेस का दावा- कोलकाता पीड़िता के परिवार को किया नजरबंद

## पिता को रुपये की पेशकश

**कोलकाता, एजेंसी।** कांग्रेस की पश्चिम बंगाल यूनिट के चीफ अधीर रंजन चौधरी ने कोलकाता के रेप-मर्डर केस पर शनिवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने पुलिस पर उस महिला डॉक्टर के माता-पिता को नजरबंद रखने का आरोप लगाया, जिसकी कथित तौर पर बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी। चिकित्सक के घर पहुंचकर उसके पेरेंट्स से चौधरी ने बातचीत की। इसके बाद उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि पुलिस ने शव का शीघ्र अंतिम संस्कार करने के लिए पिता को पैसे की पेशकश की थी।

अधीर रंजन चौधरी ने कहा, मैंने डॉक्टर के परिवार के घर जाकर उनसे काफी देर तक बात की। पुलिस ने परिवार को घर में नजरबंद कर रखा है। वह तरह-तरह के बहाने बनाकर उन्हें घर से बाहर नहीं निकलने दे रही। उनके चारों ओर मोर्चाबंदी कर दी गई है, सीआईएसएफ को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। चौधरी ने आरोप लगाया कि कोलकाता पुलिस ने राज्य सरकार के निर्देश का पालन करके पीड़िता के पिता को पैसे की पेशकश की। इस दौरान उनसे कहा गया कि उनकी बेटी के शव का बिना किसी देरी के अंतिम संस्कार किया जाए।



अपनी बेटियों को कभी डॉक्टर नहीं बनने दूंगी

9 अगस्त को कोलकाता में सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सेमिनार हॉल में ट्रेनी डॉक्टर का शव मिला था। उसके लिए न्याय और स्वास्थ्य प्रतिष्ठानों पर मजबूत सुरक्षा उपायों की मांग को लेकर जूनियर डॉक्टर उस दिन से हड़ताल पर हैं। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के डॉक्टर्स शनिवार को जंतर-मंतर पर इकट्ठा हुए। उन्होंने कहा कि महिला स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय कानून के बिना महिला चिकित्सक कार्यस्थल पर कभी सुरक्षित महसूस नहीं कर सकेंगी। प्रदर्शनकारी डॉक्टर दीपिका ने कहा, मैं अपनी बेटियों को यहां कभी डॉक्टर नहीं बनने दूंगी। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि हम सभी महिला चिकित्सक अब डरी हुई हैं? हमें काम करते समय डर लगता है और हमें सुरक्षा की जरूरत है। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि पीड़िता के साथ कार्यस्थल पर बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई?'

### हरियाणा में भाजपा को सता रहा बगावत का डर! इस बार टिकट बंटवारा नहीं आसान

**चंडीगढ़, एजेंसी।** भाजपा की प्रदेश इकाई में टिकटों के बंटवारे को लेकर असंतोष सार्वजनिक हो गया है। अनुशासित कैडर के रूप में जाने जानी वाली भाजपा के लिए इस बार टिकट बंटवारा आसान नहीं लग रहा है। कैप्टन अभिमन्यु, रामकुमार गौतम और सुनीता दुग्गल को जिन सीट से टिकट दिए जाने की चर्चाएं हैं वहां की भाजपा यूनिट के सदस्यों ने विरोध का मन बना लिया है और इस संबंध में इन इकाइयों ने एक ज्ञापन देकर पार्टी के केंद्रीय और राज्य नेतृत्व को अपनी नाराजगी से अवगत करा दिया है। ज्ञापन में स्पष्ट कर दिया है कि स्थानीय नेताओं के स्थान पर बाहरी लोगों को चुनावी मैदान में उतारने से हारना पक्का है।

बता दें कि भाजपा की योजना पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु को नारनौंद से हिसार जिले की बरवाला सीट से चुनाव लड़ाने की चर्चा है। वहीं, जजपा के नारनौंद से विधायक रामकुमार गौतम भाजपा से जींद की सफीदों से टिकट मांग रहे हैं और सिरसा की पूर्व भाजपा सांसद सुनीता दुग्गल फतेहाबाद की रतिया विधानसभा से चुनाव लड़ना चाहती है। लेकिन इन सीटों पर जो स्थानीय लोग सालों से पार्टी के जमीनी कार्यकर्ता रहे हैं वे भाजपा के इस संभावित कदम से नाराज हैं। इसके चलते उन्होंने भाजपा को सावधान किया है कि मतदाता किसी भी नए चेहरे को स्वीकार नहीं करेंगे।

सफीदों इकाई ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, राज्य पार्टी अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बाहरी लोगों को मैदान में उतारने से जुड़ी हार के इतिहास के बारे में पत्र लिखकर जानकारी दी है।

पेरिस पैरालंपिक 2024

# 3 बार मां बनने में असफल रहीं थी जोडी ग्रिनहम अब 7 माह प्रेग्रेंट एथलीट ने मेडल जीतकर रचा इतिहास



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शनिवार (31 अगस्त) को ब्रिटेन की तीरंदाज जोडी ग्रिनहम ने इतिहास रच दिया। वह सात महीने की गर्भवती हैं और उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। जोडी को उम्मीद है कि उनकी उपलब्धि कई अन्य माताओं को प्रेरित करेगी। पैदा होने के बाद से ही उनका सफर आसान नहीं रहा है।

जोडी ग्रिनहम जब पैदा हुई तब उनके बाएं हाथ में उंगलियां नहीं थीं। केवल आधा अंगूठा था। उनका दो साल का एक बच्चा है। इससे पहले वह तीन बार गर्भवती होकर मां नहीं बन सकी थीं। ऐसे में गर्भावस्था के दौरान तीरंदाजी करना शारीरिक ही नहीं मानसिक तौर पर भी काफी मुश्किल है।

जोडी ग्रिनहम को सेमीफाइनल मैच के दौरान काफी दिक्कत हुई। इस मुकाबले के दौरान उनका बच्चा हिल-डुल रहा था और वह हार गईं। पैरालंपिक में मेडल जीतने से पहले जोडी ने पिछला वीकेंड पेरिस के एक अस्पताल में बिताया था, क्योंकि उनका बच्चा हिल नहीं रहा था। उनके बच्चे के दिल की लगातार निगरानी चल रही थी। इसके ट्रेनिंग के दौरान वह बच्चे के अप्रत्याशित मूवमेंट को लेकर भी तैयारी कर रही थीं। वह अब अपने बच्चे को बता सकेंगी कि वह दुनिया में आने से पहली है पोडियम पर पहुंच गया था।

जोडी ग्रिनहम ने ब्रॉन्ज मेडल अपने ही देश की एथलीट फोबे पैटरसन पाइन को पछाड़कर जीता। दोनों एथलीट दोस्त हैं। 31 की जोडी ने इतिहास रचकर गर्भवती महिलाओं को संदेश दिया। उन्होंने कहा, आप जो करना चाहती हैं करें। अगर तुम खुश और स्वस्थ हो और बच्चा स्वस्थ और सुरक्षित है, तो आप अपना काम करती रहें। इसमें कोई दिक्कत नहीं है। रूढ़िवादी मान्यताएं नहीं माननी चाहिए। अगर आप जॉगिंग करना चाहती हैं या जिम जाना चाहती हैं, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। इसका आप पर या बच्चे पर कोई असर नहीं होना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार



### पीएम मोदी ने दी रुबीना को बधाई, निशानेबाज ने पेरिस पैरालंपिक में जीता कांस्य पदक

**पेरिस, एजेंसी।** रुबीना पैरालंपिक में पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला पिस्टल निशानेबाज हैं। एसएच1 वर्ग में वो पैरा निशानेबाज हिस्सा लेते हैं जो बिना किसी परेशानी के बंदूक संभालते हुए व्हीलचेयर या चेयर पर बैठकर या खड़े होकर निशाना लगा सकते हैं। भारतीय पैरा शूटर रुबीना फ्रांसिस ने शनिवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला 10 मीटर एयर पिस्टल एसएस1 के फाइनल में कांस्य पदक जीत लिया। पेरिस पैरालंपिक में भारत को पांचवां पदक दिलाया। पीएम मोदी ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी।

पीएम ने कहा- भारत के लिए एक और गौरवपूर्ण क्षण, जब रुबीना फ्रांसिस ने पेरिस पैरालंपिक में पी2-महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उनके असाधारण ध्यान, दृढ़ संकल्प और दृढ़ता ने बेहतरीन परिणाम दिए हैं।

### ड्वेन ब्रावो ने किया रिटायरमेंट का ऐलान, पांच बार टीम को बना चुका है चैंपियन!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के धाकड़ ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने कैरेबियन प्रीमियर लीग से संन्यास की घोषणा की कर दी है। ब्रावो के लिए यह आखिरी सीपीएल सीजन होगा। ड्वेन ब्रावो इस लीग में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए खेल रहे हैं। ब्रावो ने अपने सोशल मीडिया पर रिटायरमेंट की जानकारी दी है। संन्यास की घोषणा के साथ ब्रावो ने कहा, यह एक शानदार सफर रहा और मैं अपने कैरेबियन लोगों के सामने अपना अंतिम पेशेवर टूर्नामेंट खेलने के लिए उत्सुक हूं। टीकेआर वो जगह है जहां मेरे लिए सब कुछ शुरू हुआ था और मेरी टीम के साथ ही खत्म होगा।

बता दें कि ब्रावो पांच सीपीएल खिताब जीतकर इस लीग से संन्यास ले रहे हैं। ब्रावो ने तीन बार अपनी कप्तानी में टीकेआर को जीत दिलाई है। सिर्फ इतना ही नहीं, ब्रावो सीपीएल के इतिहास में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं। ब्रावो ने सीपीएल में कुल 128 विकेट लिए हैं।

**2013 में ब्रावो ने सीपीएल में किया था डेब्यू:** ड्वेन ब्रावो ने अपने सीपीएल करियर की शुरुआत 2013 में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के साथ शुरू किया था। साल 2020 तक उन्होने टीकेआर की कप्तानी की। इसी दौरान वे 100 सीपीएल विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। अगले दो सीजन, 2021 और 2022 में वे सेंट किट्स एंड नेविस पेट्रियट्स के लिए खेले। इसके बाद 2023 में फिर से उन्होंने नाइट राइडर्स में वापसी कर ली।

# रोहित शर्मा के निशाने पर वीरेंद्र सहवाग का महारिकॉर्ड... बांग्लादेश सीरीज में रचेंगे इतिहास!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका दौरे की समाप्ति के बाद भारतीय खिलाड़ियों को करीब 43 दिनों का ब्रेक मिला है. ब्रेक के बाद भारतीय क्रिकेट टीम 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ अपने घर पर दो टेस्ट मैच और तीन टी20 मैच खेलेगी. बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए जल्द ही टीम इंडिया का ऐलान किया जाएगा.

### ... तो सहवाग का ये रिकॉर्ड तोड़ देंगे रोहित

बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा पर सबकी निगाहें होंगी, जो बल्ले से धांसू प्रदर्शन करना चाहेंगे. रोहित के पास इस टेस्ट सीरीज में एक महारिकॉर्ड बनाने का भी मौका होगा. रोहित यदि इस सीरीज में 7 छक्के लगाते हैं तो वह भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे.

रोहित शर्मा पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ देंगे, जिन्होंने भारत के लिए 103 टेस्ट टेस्ट मैच खेलकर 90 छक्के जड़े थे. रोहित शर्मा ने अब तक 59 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 84 छक्के लगाए हैं. महेंद्र सिंह धोनी 78 सिक्स के साथ इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं. वहीं सचिन तेंदुलकर चौथे और रवींद्र जडेजा पांचवें पायदान पर हैं.

रोहित शर्मा इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी हैं. 37 साल के रोहित ने तीनों फॉर्मेट को मिलाकर कुल 483 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने कुल 620 छक्के लगाए हैं. रोहित टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी हैं. रोहित ने 159 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 205 छक्के लगाए. रोहित ओडीआई क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं. रोहित के नाम 265 वनडे इंटरनेशनल मैचों में 331 छक्के दर्ज हैं.

#### टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय

- वीरेंद्र सहवाग- 178 पारियों में 90 छक्के
- रोहित शर्मा- 101 पारियों में 84 छक्के
- एमएस धोनी- 144 पारियों में 78 छक्के
- सचिन तेंदुलकर- 329 पारियों में 69 छक्के
- रवींद्र जडेजा- 105 पारियों में 64 छक्के

### स्टोक्स ने लगाए हैं टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के

टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स के नाम है. बेन स्टोक्स ने 190 टेस्ट पारियों में अब तक 131 छक्के लगाए हैं. उनके बाद न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रैंडन मैक्कुलम (176 पारियों में 107 छक्के) और ऑस्ट्रेलयाई दिग्गज एडम गिलक्रिस्ट (137 पारियों में 100 छक्के) का नंबर आता है.



हॉन्ग कॉन्ग टी-20 क्रिकेट

# ये कैसा क्रिकेट! हॉन्ग कॉन्ग ने महज 10 गेंदों में जीता टी20 मैच

## भारतवंशी गेंदबाज ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हॉन्ग कॉन्ग की क्रिकेट टीम ने कमाल कर दिया है. हॉन्ग कॉन्ग ने आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप एशिया क्वालिफायर के एक मैच में मंगोलिया के खिलाफ 9 विकेट से जीत हासिल की. चौंकाने वाली बात यह रही कि हॉन्ग कॉन्ग ने सिर्फ 10 गेंदों में ही टारगेट हासिल कर लिया. इस मुकाबले में हॉन्ग कॉन्ग को जीत के लिए 18 रनों का टारगेट मिला था.

31 अगस्त (शनिवार) को कुआलालम्पुर के बयूमास ओवल में खेले गए इस मुकाबले में हॉन्ग कॉन्ग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था. हॉन्ग कॉन्ग का ये फैसला बिल्कुल सही साबित हुआ. मंगोलिया की टीम महज 14.2 ओवरों में 17 रनों पर ढेर हो गई. मंगोलिया का कोई भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को नहीं छू सका. मंगोलिया की ओर से मोहन विवेकानंदन ने सबसे ज्यादा 18 गेंदों में 5 रन बनाए. वहीं लुवसनजुंडुई एर्देनबुल्गान, दावासुरेन जमियांसुरेन और गंडेमबेरेल गेंबोल्ड के बल्ले से दो-दो रन निकले.

इस भारतवंशी गेंदबाज ने रचा इतिहास

हॉन्ग कॉन्ग के लिए एहसान खान ने पांच रन देकर चार विकेट लिए. वहीं अनस खान और यासिम मुर्तजा ने दो-दो विकेट चटकाए. हालांकि इन सबके बीच महफिल लूटी तेज गेंदबाज आयुष शुक्ला ने, जिन्होंने 4 ओवर में बिना कोई रन दिए एक विकेट लिए. भारतीय मूल के आयुष शुक्ला ऐसे तीसरे गेंदबाज बन गए हैं, जिन्होंने टी20 इंटरनेशनल में अपने चारों ओवर मेडन फेंके. इससे पहले साद बिन जफर (कनाडा) और लॉकी फर्ग्यूसन (न्यूजीलैंड) ही ऐसा कर सके थे.

साद जफर ने साल 2021 में कूलिज में टी20 वर्ल्ड कप अमेरिकी रीजन क्वालफियर मैच में पनामा के खिलाफ 4-4-0-2 का स्पेल फेंका था. वहीं लॉकी ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ ये उपलब्धि हासिल की थी. पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ लॉकी ने 4-4-0-3 के जादुई आंकड़े के साथ मैच समाप्त किया था.

मुकाबले में हॉन्ग कॉन्ग के लिए जीशान अली 15 और कप्तान निजाकत खान 1 रन पर नाबाद लौटे.

# नॉर्थईस्ट यूनाइटेड डूरंड कप फुटबॉल में पहली बार चैंपियन बना

## डिफेंडिंग चैंपियन मोहन बागान को 4-3 से हराया, गुरमीत ने शूटआउट में 2 गोल बचाए



**कोलकाता, एजेंसी।** गुरमीत सिंह की शानदार गोलकीपिंग के दम पर नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने एशिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट डूरंड कप फुटबॉल का खिताब जीत लिया है। टीम ने 133वें सीजन के फाइनल मुकाबले में 2 गोल से पिछड़ने के बावजूद डिफेंडिंग चैंपियन मोहन बागान को शूटआउट में 4-3 से हराया। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड की टीम इस टूर्नामेंट में पहली बार चैंपियन बनी है। इतना ही नहीं, यह भारतीय फुटबॉल में क्लब की पहली ट्रॉफी भी है।

शनिवार रात को कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीडांगन में फाइनल मैच निर्धारित समय तक 2-2 की बराबरी पर रहा। ऐसे में चैंपियन का फैसला शूटआउट से हुआ। 24 वर्षीय गुरमीत सिंह ने तीसरे प्रयास में लिस्टन कोलाको का गोल रोका। फिर 5वें अटैम्प्ट में मोहन बागान के कप्तान सुभाशीष बोस का शॉट रोका और मैच को अपनी टीम के पक्ष में कर दिया।

मोहन बागान को उन्हें 13वीं बार दूसरे स्थान पर रहकर संतोष करना पड़ा। यह मैच देखने के लिए नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के मालिक बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम भी मौजूद थे। जीत के बाद नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के खिलाड़ियों ने मलिक जॉन अब्राहम के साथ सेलिब्रेट किया।

**ऐसा रहा शूटआउट का रोमांचः** शूटआउट के दौरान नॉर्थईस्ट यूनाइटेड की ओर से गुलेर्मो फर्नांडीज, कप्तान मिगुएल जबाको टोम, पार्थिब गोगोई और अलादीन अजराई ने अपने-अपने प्रयास में गोल दागे। वहीं, दूसरी ओर मोहन बागान की ओर से जेसन कमिंग्स, मनवीर सिंह और दिमित्री पेट्राटोस ने गोल किए। लिस्टन कोलाको और कप्तान सुभाशीष बोस गोल करने से चूक गए।

# ऑलराउंडर की भूमिका को खत्म कर रहा इम्पैक्ट प्लेयर नियमः जोंटी रोड्स



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स के फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स ने कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इम्पैक्ट प्लेयर नियम के बड़े फैन नहीं हैं, क्योंकि यह एक ऑलराउंडर की भूमिका को खत्म कर देता है। रोहित शर्मा जैसे प्रमुख प्लेयर भी चिंता व्यक्त कर चुके हैं कि यह नियम ऑलराउंडरों के विकास को हतोत्साहित करता है।

जबकि, रविचंद्रन अश्विन जैसे एक और सीनियर का मानना है कि यह नियम खेल में एक मूल्यवान रणनीतिक फैक्ट जोड़ता है। जोंटी रोड्स ने बात करते हुए कहा, मैं इम्पैक्ट प्लेयर नियम के सही उपयोग के पक्ष में हूं, क्योंकि खिलाड़ी लगभग फ्री होकर खेल रहे हैं। मैं केवल एक ऑलराउंडर की भूमिका के बारे में परेशान हूं।

आपको टेस्ट क्रिकेट, 50 ओवर और अन्य सभी टी20 के लिए भी इसकी आवश्यकता होती है। रोड्स ने कहा, इसलिए मैं उस इम्पैक्ट प्लेयर नियम का बहुत बड़ा फैन नहीं हूं और शायद मैं इतना समझदार नहीं हूं कि यह समझ सकूं कि खिलाड़ी का उपयोग करने की सही रणनीति क्या है। लेकिन फिर से, यह मेरा निर्णय नहीं है कि किसी खिलाड़ी को कब भेजना है, इसलिए मैं इसके बारे में चिंता नहीं कर रहा हूं। मैं हमेशा बदलाव के लिए तैयार रहता हूं और खेल को अनुकूल बनाने के लिए चीजों को आजमाता हूं.

# 8 महीने में 139 छक्के, पूरन ने रचा इतिहास



## बने एक साल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के तूफानी बल्लेबाज निकोलस पूरन ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. हैरानी की बात यह है कि पूरन ने महज 8 महीनों में ही अपने ही देश के पूर्व दिग्गज क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा है. दरअसल, पूरन अब टी20 में एक साल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं.

निकोलस पूरन इस समय शानदार फॉर्म में चल रहे हैं. बड़े से बड़ा गेंदबाज पूरन के सामने फीका नजर आ रहा है. अपनी तूफानी बल्लेबाजी से पूरन ने हर किसी के होश उड़ा रखे हैं. पूरन ने इस साल के आठ महीनों में ऐसी छक्कों की बरसात की कि क्रिस गेल का रिकॉर्ड चखनाचूर हो गया. बता दें कि पूरन फिलहाल अपने देश की फ्रेंचाइजी लीग कैरेबियाई प्रीमियर लीग में खेल रहे हैं. इस साल पूरन त्रिनबागो नाइट राइडर्स टीम का हिस्सा हैं. इस सीजन के अपने पहले ही मैच में पूरन ने 97 रनों की धुआंधार पारी खेली. इस दौरान उनके बल्ले से 7 चौके और 9 छक्के निकले. पूरन इस साल यानी 2024 में अब तक 139 छक्के लगा चुके हैं. इसके साथ ही उनके नाम टी20 में एक साल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड हो गया है. इससे पहले ये रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम था. गेल ने 2015 में 135 छक्के जड़े थे. हालांकि, अब 9 साल बाद पूरन ने उनका यह रिकॉर्ड तोड़ दिया है.

**200 छक्के लगा सकते हैं पूरन**

पूरन को अभी कैरेबियाई लीग में काफी मैच खेलने हैं. इसके अलावा वह और भी कई लीग्स में खेलते नजर आ सकते हैं. ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि पूरन जल्द ही टी20 में एक साल में 200 छक्के लगाने वाले विश्व के पहले बल्लेबाज बन सकते हैं.

#### एक साल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज

निकोलस पूरन- 2024- 139 छक्के
आंद्रे रसेल- 2019- 101 छक्के
क्रिस गेल- 2016- 112 छक्के
क्रिस गेल- 2015- 135 छक्के
क्रिस गेल- 2012- 121 छक्के

## न्यूज बाइट्स

### अंजलि की पुण्यतिथि समारोह के लिए स्कूली बच्चों की तैयारी जोरों पर

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा प्रखंड के डिंडिर गांव में छात्रा अंजली की 15वीं पुण्यतिथि पर आगामी चार सितंबर को अंजलि की पुण्यतिथि पर आयोजित होनेवाला कार्यक्रम को लेकर आराध्या ग्लोबल स्कुल उपहारा के बच्चो द्वारा एक विशेष प्रस्तुति देने की तैयारी कर रहे हैं। बच्चों की तैयारियों की जानकारी ली गई तो पता चला की बच्चे प्रस्तुति के लिए अभ्यास कर रहे हैं। स्कूली बच्चे दिन-रात अभ्यास कर रहे हैं और गाने, नृत्य और नाटक के माध्यम से अपने प्यार और सम्मान को व्यक्त करने की तैयारी कर रहे हैं। बच्चों ने बताया कि वे इस प्रस्तुति के लिए बहुत उत्साहित हैं और उन्हें उम्मीद है कि वे अपने प्यार और सम्मान को सफलतापूर्वक व्यक्त कर पाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम का एसडीपिओ करेंगे शुभारंभ-अंजलि की पुण्यतिथि पर आयोजित होनेवाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीपीओ कुमार ऋषिराज करेंगे। यह कार्यक्रम स्कूली बच्चों द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें गाने, नृत्य और भाषण के माध्यम से अंजलि को श्रद्धांजलि दी जाएगी।कार्यक्रम में स्कूली बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और अंजलि को श्रद्धांजलि देंगे। यह कार्यक्रम अंजलि की पुण्यतिथि पर आयोजित किया जा रहा है और स्कूली बच्चों की तैयारियों को देखकर लगता है कि यह कार्यक्रम बहुत ही भावपूर्ण और यादगार होगा।

### मारपीट मामले में आरोपी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज पुलिस ने मारपीट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने कहा कि 26 जनवरी 2024 को मारपीट के मामले में सुषमा देवी ने बबलू कुमार एवं एक अन्य को नामजद आरोपी बनाया था। काफी समय से फरार चल रहे थे, जिसे गिरफ्तार कर किया गया।

### सोन दियारा से 15 लीटर चुलाई शराब बरामद

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में एनटीपीसी खैरा थाना की पुलिस ने सोन दियारा क्षेत्र से कुल-15 लीटर महुआ चुलाई शराब बरामद किया है। मामले मे कांड दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### सदस्यता अभियान को सफल बनाने को लेकर रालोमो ने की बैठक

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा प्रखंड के राष्ट्रीय लोक मोर्चा कार्यालय में रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा ने की जबकि संचालन संतोष शर्मा ने किया। बैठक में मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रणविजय कुमार ने सदस्यता अभियान पर जोर देते हुए कहा कि गोह विधानसभा क्षेत्र में 30 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य है। इसके लिए प्रत्येक बूथ के लिए सदस्य बनाने के लिए अध्यक्ष को रसीद वितरण किया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जूट जाने का निर्देश दिया। कार्यकर्ताओं की मजबूती से हीं पार्टी मजबूत होता है।

विभिन्न थाना क्षेत्रों में नशा मुक्ति अभियान के तहत व्यापक गतिविधियों का आयोजन

# नशा मुक्ति अभियान के तहत खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन, युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

रविवार को जिले में पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार विभिन्न थाना क्षेत्रों में नशा मुक्ति अभियान के तहत व्यापक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से कई प्रकार के खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



### युवाओं में उत्साह और जागरूकता

इस आयोजन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल, और दौड़ जैसी खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें युवा खिलाड़ियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। खेलों के माध्यम से नशे के खतरों के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदया ने इस मौके पर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित करता है और समाज में अपराध को बढ़ावा देता है।

### नशा मुक्ति के प्रति संदेश

अभियान के दौरान युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील की गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं, और उनका नशे से बचना जरूरी है ताकि वे अपने जीवन को बेहतर बना सकें। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को यह संदेश दिया कि किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों से दूर रहना चाहिए, क्योंकि यह न केवल उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि उनके परिवार और समाज के लिए भी विनाशकारी साबित हो सकता है।

### नशे की सूचना देने पर गोपनीयता की गारंटी

इसके साथ ही पुलिस ने जनता से अपील की है कि यदि उन्हें किसी प्रकार की नशे की गतिविधियों की जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत इसकी सूचना औरंगाबाद कंट्रोल रूम के नंबर 6186295201 पर दें। पुलिस ने यह आश्वासन दिया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की जानकारी को पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा, ताकि वह बिना किसी डर के समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग कर सकें।

इस नशा मुक्ति अभियान ने जिले में सकारात्मक माहौल तैयार किया और युवाओं को जीवन में सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की जा रही है, और यह उम्मीद की जा रही है कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन होते रहेंगे, जिससे औरंगाबाद जिले को नशामुक्त बनाने में मदद मिलेगी।

# पत्नी से झगड़े के बाद घर से निकले युवक की सड़क हादसे में हुई मौत, डिवाइडर से टकराइ थी बाईक

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

पत्नी से झगड़े के बाद नाराज होकर घर से निकले एक युवक की मौत सड़क हादसे में हो गई। घटना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 पर औरंगाबाद मुफस्सिल थाना क्षेत्र में भेड़िया मोड़ के पास की है। मृतक की पहचान ओबरा प्रखंड के सोनहुली गांव निवासी रविंद्र मेहता के पुत्र शशिकांत कुशवाहा(22) के रूप में की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक शशिकांत का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। विवाद जब काफी बढ़ गया तो वह 29 अगस्त को घर से बाहर नाराज होकर बिना किसी को बताए निकल गया। इस दौरान वह मदनपुर के मां उमंगेश्वरी मंदिर के पास पहाड़ पर बैठकर घर के माहौल के बारे में सोंच रहा था। उसने इसकी जानकारी अपने चचेरे भाई को दी और उसे शिवगंज बुलाया। वहां उसने कुछ दोस्तों के साथ एक ढाबे में खाना खाया। इसके बाद उसने देव मोड़ पर एक होटल में अपने दोस्तों के साथ फिर पार्टी की। इस दौरान उसकी पत्नी बार बार



उसकी जानकारी लेने के लिए बार-बार कॉल करती रही। पत्नी के कॉल को देखकर शशिकांत अपने दोस्तों को घर जाने की बात कहकर बाइक से निकल गया। इस दौरान जैसे ही वह भेड़िया मोड़ के पास पहुंचा, वैसे ही उसकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। काफी देर तक वह घायल अवस्था में घटनास्थल पर ही पड़ा रहा। स्थानीय लोगों ने जब उसे तड़पते हुए देखा तो इसकी सूचना 112 नंबर डायल कर पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया। सदर अस्पताल में दो दिनों तक उसका इलाज लावारिस हालत में चलता रहा। इस बीच स्थिति में सुधार नहीं होता देख चिकित्सकों ने उसे शनिवार को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया रेफर कर दिया। इस बीच शशिकांत के घर नही पहुंचने पर परिजन किसी अनिष्ट की आशंका से व्याकुल हो गए और उसकी खोजबीन शुरू की। जानकारी मिलने के बाद सभी भागे भागे मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया पहुंचे लेकिन उनके वहां उनके पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। औरंगाबाद मुफ्फसिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि भेड़िया मोड़ के पास दुर्घटना में घायल हुए युवक को सदर अस्पताल भेजा गया था और वहां से वह रेफर हुआ था। मामले में फिलहाल परिजनों के द्वारा कोई आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक की बाइक थाना में है। पता चला कि शशिकांत की शादी तीन वर्ष पूर्व हरियाणा में हुई थी और यह शादी प्रेम विवाह के रूप में हुई थी। शशिकांत की पत्नी किरण मदनपुर की रहने वाली है और उसकी एक आठ महीने की बेटी भी है।

# राजकुमार वन बने नए जिला एवं सत्र न्यायाधीश

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

पटना हाईकोर्ट द्वारा विशेष कर्तव्य अधिकारी (ओएसडी) न्यायधीश राजकुमार वन को व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति जिले में न्यायिक कार्यों के संचालन और न्याय की प्रक्रिया को सुचारू बनाने के उद्देश्य से की गई है। वर्तमान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक राज 31 अगस्त 2024 को सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उनके कार्यकाल के दौरान किए गए योगदान और न्यायिक सेवाओं के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के तमाम न्यायिक पदाधिकारियों, जिला विधिक संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, महासचिव जगनरायण सिंह, लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल, स्पेशल पीपी कुमार योगेन्द्र नारायण सिंह और अन्य अधिवक्ताओं ने अशोक राज को साल, बुके, मेमेंटो



और माला देकर उनके व्यक्तित्व और कार्यों की सराहना की। न्यायाधीश राजकुमार वन को औरंगाबाद के नए जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्होंने 5 मई 2022 से 25 अगस्त 2024 तक विशेष कर्तव्य अधिकारी (ओएसडी) के रूप में कार्य किया है और उनकी इस नई नियुक्ति से न्यायिक प्रणाली में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद की जा रही है। पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने जानकारी दी कि न्यायाधीश राजकुमार वन शीघ्र ही अपने नए पदभार को संभालेंगे और न्यायिक कार्यों का नेतृत्व करेंगे। उनके आने से न्यायालय में लंबित मामलों के निपटारे में तेजी आने की संभावना है और जिले के न्यायिक प्रणाली में और भी सुधार होंगे। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि जिला जज अशोक राज ने अपने कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए और न्यायिक प्रणाली को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए। उन्होंने न्यायालय के सभी कर्मचारियों और अधिवक्ताओं के साथ मिलकर न्याय की प्रक्रिया को तीव्र और सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके सेवानिवृत्त होने पर न्यायिक समुदाय ने उनके योगदान की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

औरंगाबाद के न्यायिक समुदाय में न्यायाधीश राजकुमार वन की नियुक्ति एक नई उम्मीद की किरण के रूप में देखी जा रही है। जिला एवं सत्र न्यायालय के नए नेतृत्व से जिले में न्याय की प्रक्रिया में और भी पारदर्शिता और प्रभावशीलता आने की संभावना है।

# डॉ. जन्मेजय के सहयोग से मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन, 400 लोगों को मिला लाभ





निज संवाददाता | नवीनगर(औरंगाबाद)

जिले के नवीनगर प्रखंड स्थित जय हिंद तेंदुआ में आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम (ग्लोबल) के तत्वावधान में एक मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में औरंगाबाद के प्रख्यात चिकित्सक, डॉ. जन्मेजय कुमार, और उनकी टीम ने लगभग 400 लोगों को मुफ्त में डॉक्टरी सलाह, जांच और दवाएं प्रदान कीं। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना और समाज के जरूरतमंद वर्गों को चिकित्सा सेवा प्रदान करना था। डॉ. जन्मेजय, जो एमजीएम हेल्थ प्वाइंट के निदेशक हैं, ने इस शिविर में अहम भूमिका निभाई। इस सफल आयोजन में आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम (ग्लोबल) के सदस्य शिव गोविंद प्रसाद वर्मा, रणविजय सिंह, भगवान राम, जुगल किशोर, अनूप जी, श्रीकांत जी, सुनील जी, भास्कर जी, दिनेश जी, डॉक्टर नंदकिशोर यादव, मृत्युंजय जी, अविनाश, जयेश वर्मा और अन्य कई सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बता दें कि डॉ. जन्मेजय स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जाने जाते हैं, और समाज सेवा में भी उनका योगदान अनुकरणीय है। उन्होंने अपने अस्पताल 'एमजीएम हेल्थ प्वाइंट' के माध्यम से समय-समय पर चिकित्सा जांच शिविरों का आयोजन किया है, जिनसे ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंद लोगों को लाभ मिला है।

### नशा मुक्ति और पर्यावरण जागरूकता में योगदान

डॉ. जन्मेजय का समर्पण न केवल चिकित्सा के क्षेत्र में है, बल्कि उन्होंने नशा मुक्ति और पर्यावरण जागरूकता के लिए भी समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से वे समाज को जागरूक करते आ रहे हैं और दबे-कुचले वर्गों की सहायता में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

और उनकी टीम का यह योगदान औरंगाबाद जिले के लिए एक प्रेरणा स्रोत है। उनके इस उत्कृष्ट कार्य के लिए वे निश्चित रूप से सराहना के पात्र हैं, और उनकी समाज सेवा की भावना सभी के लिए प्रेरणादायक है।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर मनी छठी

**रफीगंज(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड के भदवा स्थित श्री राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी के पावन परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर छठिहार समारोह मनायी गयी।कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सह पुजारी आचार्य रवीन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मोत्सव दिनांक 26 अगस्त को रात में हर्षोल्लास पूर्वक मनायी गयी। 27 अगस्त से 30 अगस्त तक प्रतिदिन शाम 7 बजे से 10 बजे तक अनेक संगीत मण्डली द्वारा भजन कीर्तन किया गया।इसके उपरांत छठिहार की गयी।इस कार्यक्रम में पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, निरज सिंह,नीरज कुमार गुप्ता, संजीव सोनी,राज कुमार साव,राजू कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार, चन्द्रभानु प्रसाद गुप्ता, ओमप्रकाश वर्मा, रविरंजन वर्मा, संजय व्यास सहित अन्य लोग शामिल थे।

## स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रशिक्षण के अन्तर्गत किया क्षेत्र भ्रमण



निज संवाददाता | औरंगाबाद

स्वच्छता पर्यवेक्षक का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन क्षेत्र भ्रमण किया गया। इस क्षेत्र भ्रमण में जम्होर ग्राम पंचायत में निर्मित अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई पर सभी प्रशिक्षणार्थी को मास्टर ट्रेनर के द्वारा अपशिष्ट के समुचित निपटान हेतु विभिन्न पहलू को बताया गया। जिसमें गीला अपशिष्ट से नाडेप विधि द्वारा जैविक खाद का निर्माण तथा सुखा अपशिष्ट को अलग अलग कर कावड़ी वाले या रिसाइकलर से बेच कर ग्राम पंचायतों को आय सृजन हेतु बताया गया। साथ ही प्रशिक्षणार्थी को विभिन्न वार्डो में भी स्वच्छता से संबंधित जानकारी लेने तथा लोगों से बातचीत कर और बेहतर क्रियान्वयन हेतु बताया गया।

# सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ज्ञान-विज्ञान मेला प्रारंभ

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

रविवार को दो दिवसीय विज्ञान मेला भारत माता पूजन एवं सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ हो गया। भारत माता पूजन संयुक्त रूप से रोहतास विभाग प्रमुख उमाशंकर पोद्दार, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक, प्राथमिक खंड के प्रधानाचार्य सुमन कुमार, नबीनगर प्रधानाचार्य विजय कुमार मिश्रा, रफीगंज प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार मिश्रा, जम्होर संकुल सह प्रमुख अमरनाथ, विज्ञान प्रमुख बृजेश



कुमार मिश्रा, शारीरिक शिक्षक राकेश कुमार पांडे जी, वरिष्ठ आचार्य जितेंद्र कुमार सिंह जी, तिलौथू प्रधानाचार्य धनंजय शर्मा जी और तीन जिलों के आचार्य आचार्या प्रतिभागी भैया बहन के तत्वावधान में संपन्न हुआ। आगत अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य सुमन कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्या भारती की इकाई रोहतास विभाग के सैकड़ों प्रतिभागी एवं आचार्य दीदी जी उपस्थित थे। औरंगाबाद विद्यालय प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक द्वारा ज्ञान विज्ञान मेले पर विचार प्रस्तुत किया गया कि विज्ञान के विकास पर मनुष्य का विकास आधारित हैं वैसे भी कहा गया है कि विज्ञान केवल वरदान ही नहीं अभिशाप भी है।

# दुष्यंत कुमार की 91वीं जयंती पर काव्य संवाद का आयोजन

निज संवाददाताद | जम्होर (औरंगाबाद)

सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के तत्वावधान में 14 सितंबर हिंदी दिवस के पाक्षिक पूर्व कार्यक्रम के निमित एक सितंबर से लगातार 14 सितंबर तक होने वाले कार्यक्रम के क्रम में आज भारत के महान साहित्यकार एवं गजलकार दुष्यंत कुमार की 91वीं जयंती के मौके पर काव्य संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह एवं महामंत्री धनंजय जयपुरी के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह ने किया।



संस्था के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने काव्य संवाद करते हुए कहा कि दुष्यंत कुमार हिंदी साहित्य के महत्वपूर्ण गजलकार के रूप में जाने जाते थे।उनके गजल हिंदी साहित्य की विषय वस्तु में रूपरेखा को तय करने में मानक का काम करती है।समकालीन कविता के दौर के उन्नायक कवि दुष्यंत कुमार के गाए गए गीत, रची गई रचनाएं मंचों पर जो कवि एवं गीतकार होते हैं उनके मुंह से अक्सर उनकी रचनाएं निकल पड़ती है जब भी किसी व्यक्ति को संबोधन देना होता है या संबोधन देने के लिए बुलाना होता है तो दुष्यंत कुमार की रचनाएं अनायास ही संचालकों के मुख से मुखरित हो जाती है। ऐसी उपलब्धि शायद ही किसी कवि को प्राप्त हो। साए में धूप उनकी प्रमुख काव्य कृति है जो हिंदी साहित्य की पृष्ठभूमि का कार्य करती है। हिंदी दिवस के आईने से जब हम उनका आकलन करते हैं तो उनके द्वारा हिंदी में जो योगदान दिए गए हैं उसे भुलाया नहीं जा सकता। हिंदी भाषा को प्रतिष्ठित करने में उनकी उल्लेखनीय भूमिका रही है।मौके पर जम्होर विकास मंच के अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, राणा सुनील सिंह,चंद्रशेखर विश्वकर्मा,श्याम नारायण यादव, वकील एवं सामाजिक कार्यकर्ता अमन राज सहित अन्य उपस्थित थे।

बिहार सरकार
वाणिज्य-कर विभाग

माल और सेवा कर अधिनियम (GST) के अन्तर्गत निबंधित सामान्य करदाता
प्रत्येक महीने के लिए अगले महीने की 11 तारीख़ तक GSTR-1 दाखिल करें।

QRMP करदाता
प्रत्येक तिमाही के लिए त्रैमास समाप्ति के बाद वाले महीने की 13 तारीख़ तक GSTR-1 दाखिल करें।

Nil Return वाले करदाता
अपने निबंधित मोबाईल से 14409 नम्बर पर SMS के द्वारा GSTR-1 विवरणी अगले महीने के 11 तारीख तक दाखिल करें।
जैसे- यदि किसी का GSTIN- 10ABCDE1234Z1Z2 है और उन्हें जून 2024 का Nil GSTR-1 दाखिल करना है तो SMS इस प्रकार लिखेंगे- NIL R1 10ABCDE1234Z1Z2 062024
कृपया ध्यान रखें- GSTR-1 समय पर दाखिल नहीं करने पर विधिक कार्रवाई की जा सकती है।

Help Desk Nos.-
0612-2233512, 2233513, 2233514, 2233515, 2233516

राज्य-कर आयुक्त-सह सचिव
वाणिज्य-कर विभाग, बिहार, पटना
PR No.- 007173 (Commercial Tax)D. 2024-25